पारा आपडेट
मैक्सिमम 30.00 | मिनीमम 17.00
सूर्यास्त (आज) 17.53
सूर्योदय (कल) 06.09
बोकारो से प्रकाशित

सेंसेक्स 73,085.94 ● निफ्टी 22,119.30 ● डॉलर 87.31 ₹ ● सोना 85,260 ₹ ● चांदी 1,06,000 ₹
पेज 06 इतना हल्ला क्यों, पहले भी तो... पेज 08

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

हर खबर पर नजर

फाल्गुन शुक्ल पक्ष पंचमी संवत 2082

पेज 12



RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, मंगलवार 04 मार्च 2025 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 240 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

### वित्त मंत्री ने झारखंड विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 का 1.45 लाख करोड़ रुपए का वार्षिक बजट पेश किया

# महिलाओं, युवाओं और विकास पर फोकस

संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1,45,400 करोड़ रुपये का वार्षिक बजट पेश किया। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए इसे 'अबुआ बजट' करार दिया, जो झारखंड की जनता के समग्र विकास के लिए समर्पित है। यह बजट शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, ग्रामीण विकास और महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर देता है।

बजट में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' के लिए 13,363 करोड़ 35 लाख रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। रांची, खूंटी, गिरिडीह, जमशेदपुर, धनबाद, देवघर और जामताड़ा जिला मुख्यालय में नए मेडिकल कॉलेज बनाने, राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों के विकास के लिए टूरिस्ट सर्किट विकसित करने, जमशेदपुर, गुमला और साहिबगंज में नए विश्वविद्यालय स्थापित करने, शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए इनोवेशन हब, टेक्नोलॉजी पार्क की स्थापना सहित कई बड़ी घोषणाएं बजट में की गई हैं।

वित्तमंत्री डॉ. राधाकृष्ण किशोर ने आज प्रश्नकाल के बाद विधानसभा पटल पर वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट रखा। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1,45,400 करोड़ (1 लाख 45 हजार 4 सौ करोड़) रुपये का सकल बजट अनुमान है, जो गत वर्ष से लगभग 13 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजस्व व्यय के लिए 1,10,636 करोड़ रुपये प्रस्तावित है, जो गत वर्ष से 20.48 प्रतिशत अधिक है। पूंजीगत व्यय अन्तर्गत गत वर्ष के पुनरीक्षित बजट पर 7.81 प्रतिशत वृद्धि के साथ 34,763.30 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है।

- 'झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' के लिए 13,363 करोड़ 35 लाख रुपए की राशि का प्रावधान
- रांची, खूंटी, गिरिडीह, जमशेदपुर, धनबाद, देवघर और जामताड़ा में नये मेडिकल कॉलेज बनाने की घोषणा



### 'मईंयां सम्मान योजना' को मिला बजट में खास स्थान

इस बजट में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी 'मईंयां सम्मान योजना' को 13,363 करोड़ 36 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना के तहत 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को 2500 रुपये प्रति माह की आर्थिक सहायता दी जाएगी। वित्त मंत्री ने इसे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दूरदर्शी सोच का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं के भविष्य को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

### सामाजिक सुरक्षा और ग्रामीण विकास पर बड़ा फोकस, रोजगार सृजन में मिलेगी मदद

वित्त मंत्री ने घोषणा की कि 22,023 करोड़ 33 लाख 85 हजार रुपये सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए आवंटित किए गए हैं, जिससे गरीब और वंचित वर्गों को सीधा लाभ मिलेगा। इसके अलावा ग्रामीण विकास के लिए 9,000 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई है, जिससे गांवों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और रोजगार सृजन में मदद मिलेगी।

### केंद्र से 1.36 लाख करोड़ की बकाया राशि पर झारखंड सरकार का दावा

अपने बजट भाषण के दौरान वित्त मंत्री ने झारखंड के हिस्से की 1,36,000 करोड़ रुपये की बकाया राशि का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि यह झारखंड के हक का पैसा है और हम इसे लेकर रहेंगे। हेमंत सरकार सत्ता में आने के बाद से लगातार केंद्र सरकार से इस राशि की मांग कर रही है, जिसे लेकर राजनीतिक तनाव भी बना हुआ है।

### झारखंड को 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य

वित्त मंत्री ने झारखंड को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए 2029 तक 10 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था विकसित करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राज्य में निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा, स्थानीय संसाधनों का उपयोग किया जाएगा और पर्यटन, उद्योग और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में नई योजनाएं शुरू की जाएंगी।

### मुख्यमंत्री हेमंत की कार्यशैली की तारीफ

बजट भाषण के दौरान वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आत्मबल और दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण ही झारखंड सरकार अहम निर्णय लेने में सफल हो रही है। उन्होंने 'मईंया सम्मान योजना' को हेमंत सरकार की एक ऐतिहासिक पहल बताया और इसे महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति सुधारने में मील का पत्थर करार दिया।

### बजट की कुछ अहम बातें

1- राज्य से पलायन कम किया जाएगा।
2- बालिकाओं की उच्च शिक्षा पर सरकार का जोर, क्लास आठवीं से 12वीं तक की छात्राओं को आर्थिक मदद दी जा रही है। इसके लिए 310 करोड़ रुपये अलग से प्रावधान किया गया है।
3- तालाबों का जीर्णोद्धार कार्य सरकार द्वारा प्रारंभ किया जाएगा।
4- पर्यटन में काफी संभावनाएं है, राज्य के पर्यटन क्षेत्रों का विकास किया जाएगा।
5- रांची स्थित प्राचीन श्री राम जानकी तपोवन मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा।
6- राज्य में ज्यादा से ज्यादा रोजगार देने के लिए राज्य के संसाधनों का उपयोग कर इसे हासिल करने पर जोर है।

### बजट पर क्या बोले सत्तापक्ष और विपक्ष?



बजट पेश होने के बाद सत्तापक्ष ने इसे जनता के विकास के लिए समर्पित बजट बताया, जबकि विपक्ष ने इसे आंकड़ों का खेल करार दिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यह बजट झारखंड के हर नागरिक के लिए फायदेमंद होगा और हमारी सरकार सभी वर्गों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं, भाजपा और अन्य विपक्षी दलों ने सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि झारखंड सरकार सिर्फ घोषणाएं कर रही है, जबकि जमीन पर ज्यादा कुछ नहीं बदला।

## संक्षिप्त खबरें

### मदन कुमार घिल्डियाल तिमोर-लेस्ते में भारत के राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव मदन कुमार घिल्डियाल को तिमोर-लेस्ते में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि मदन कुमार घिल्डियाल (वाईओए: 2007), जो वर्तमान में मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं को लोकतांत्रिक गणराज्य तिमोर-लेस्ते में भारत का अगला राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि उम्मीद है कि वह शीघ्र ही कार्यभार संभाल लेंगे।

### साफ हुई दिल्ली की आबोहवा, ग्रैप-1 की भी पाबंदियां हटाई गई

**नई दिल्ली।** राजधानी के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। दिल्ली की आबोहवा अब काफी हद तक साफ हो गई है। पिछले कुछ दिनों से बारिश होने और हवा की रफ्तार के चलते प्रदूषण के स्तर में गिरावट आई है। सोमवार को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 156 दर्ज किया गया जो मध्यम श्रेणी में आता है। इसे देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने सोमवार को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) एक की पाबंदियां हटा दी हैं। सोमवार को सीएक्यूएम की उपसमिति की बैठक में राजधानी और आसपास के इलाकों के प्रदूषण की स्थिति की समीक्षा की गई। आयोग ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में दिल्ली के समग्र एक्यूआई में निरंतर सुधार हुआ है। इसके साथ ही मौसम विभाग के पूर्वानुमानों पर विचार करते हुए ग्रैप के प्रतिबंध को हटाने का फैसला लिया है। राजधानी में ग्रैप एक की पाबंदी पिछले साल 15 अक्टूबर को लगाई गई थी।

### नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ की 7वीं बैठक में शामिल हुए प्रधानमंत्री

# भारत के एशियाई शेरों की मई में कराई जाएगी गणना : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**जूनागढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि चीता सरंक्षण योजना को मध्य प्रदेश में गांधीसागर अभयारण्य और गुजरात में बन्नी घास के मैदानों सहित अन्य क्षेत्रों में विस्तारित करने, डॉल्फिन और एशियाई शेरों के संरक्षण के प्रयास तेज करने का ऐलान किया। प्रधानमंत्री ने एशियाई शेरों की गणना इस वर्ष मई में कराने का ऐलान किया। मोदी ने जूनागढ़ में वन्यजीवों के लिए एक राष्ट्रीय रेफरल केंद्र की आधारशिला भी रखी।

प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को गुजरात के सासण गिर राष्ट्रीय उद्यान का दौरा करने के बाद यहां नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ (एनबीएफडब्ल्यूबी) की सातवीं बैठक में शामिल हुए। एनबीएफडब्ल्यूबी की इस बैठक में वन्यजीव संरक्षण में सरकार की ओर से की गई विभिन्न पहलों की समीक्षा की। बैठक में नए संरक्षित क्षेत्रों के निर्माण और प्रोजेक्ट टाइगर, प्रोजेक्ट एलिफेंट, प्रोजेक्ट स्नो लेपर्ड जैसे प्रजाति-विशिष्ट प्रमुख कार्यक्रमों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया।

बोर्ड बैठक में डॉल्फिन और एशियाई शेरों के संरक्षण प्रयासों और इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस की स्थापना पर भी चर्चा हुई। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने देश में पहली बार आयोजित रिवरिन डॉल्फिन आकलन रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट के अनुसार अनुमान है कि कुल 6,327 डॉल्फिन हैं। इस प्रयास में आठ राज्यों की 28 नदियों का सर्वेक्षण शामिल किया गया है। इसकी सबसे अधिक संख्या उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक दर्ज की गई, उसके बाद बिहार, पश्चिम बंगाल और असम का स्थान है। घड़ियाल की घट रही आबादी को लेकर प्रधानमंत्री ने चिंता जताते हुए सरंक्षण के लिए एक प्रोजेक्ट शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के संरक्षण को लेकर किए गए प्रयासों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने गिर के सिंह और चीता के सरंक्षण की सफलता की कहानी को बताया। उन्होंने कहा कि परंपरागत ज्ञान का दस्तावेजीकरण अन्य राष्ट्रीय उद्यानों और अभ्यारण्यों के उपयोग के लिए एआई की सहायता से होना चाहिए। साथ ही उन्होंने वन्य औषधियों के शोध और दस्तावेजीकरण की भी सलाह दी। प्रधानमंत्री ने जंगलों में लगने वाली आग, मानव-पशु संघर्ष जैसे मुद्दों के समाधान पर चर्चा की। उन्होंने अभ्यारण्य के बाहर बाघ संरक्षण पर केंद्रित एक योजना शुरू करने की घोषणा की।

- बैठक में डॉल्फिन, शेरों के संरक्षण व इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस की स्थापना पर हुई चर्चा




### राष्ट्रीय रेफरल केंद्र की भी रखी आधारशिला

प्रधानमंत्री ने इस मौके पर जूनागढ़ में वन्यजीवों के लिए राष्ट्रीय रेफरल केंद्र की आधारशिला भी रखी। यह केन्द्र वन्यजीव स्वास्थ्य और रोग प्रबंधन से संबंधित विभिन्न पहलुओं के समन्वय और प्रशासन के केंद्र के रूप में कार्य करेगा। एशियाई शेरों की आबादी का अनुमान हर पांच साल में एक बार लगाया जाता है। आखिरी बार ऐसा अभ्यास 2020 में आयोजित किया गया था। बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने फ्रंटलाइन वन कर्मचारियों की गतिशीलता बढ़ाने के लिए बाइकों को हरी झंडी दिखाई। मोदी ने गिर में फील्ड लेवल के कार्यकर्ताओं से बातचीत की।

### विदेश मंत्री चार से नौ मार्च तक ब्रिटेन, आयरलैंड यात्रा पर

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 4 से 9 मार्च तक ब्रिटेन और आयरलैंड की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने आज यहां यह जानकारी दी। भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझीदारी है जिसने रक्षा और सुरक्षा, व्यापार एवं अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोगों से लोगों के बीच संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में परस्पर सहयोग को मजबूत किया है। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री अपने ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड लैमी के साथ चर्चा करेंगे और भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी मुलाकात करेंगे।

# एसीबी ने मुखिया को 10 हजार घूस लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद एसीबी की टीम ने एक रिश्वतखोर मुखिया को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बोकारो जिला के चंद्रपुरा स्थित पपलो पंचायत के मुखिया कार्तिक महतो को धनबाद एसीबी की टीम ने सोमवार को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते धर दबोचा है। मुखिया को उसके ही घर से गिरफ्तार किया गया है।

इस संबंध में एसीबी एएसपी बिनोद कुमार ने बताया कि पीएम आवास योजना का जिओ टैग करने के एवज में मुखिया लाभुक से 20 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहा था। जिसकी शिकायत मिली थी। इसके बाद एसीबी की टीम ने जांच के बाद मुखिया कार्तिक महतो को रिश्वत की पहली किस्त 10 हजार रुपए लेते उनके ही घर से रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। फिलहाल गिरफ्तार मुखिया को एसीबी की टीम धनबाद एसीबी कार्यालय लाकर पूछताछ कर रही है।



### रक्षा मंत्री ने भारत के रक्षा क्षेत्र में बेल्जियम के निवेश का स्वागत किया

# भारत-बेल्जियम द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर हुए सहमत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली में बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड और रक्षा मंत्री थियो फ्रेंकेन से मुलाकात की।

रक्षा मंत्री ने भारत के रक्षा क्षेत्र में बेल्जियम के निवेश का स्वागत करते हुए अपनी कंपनियों का विस्तार करके भारतीय विक्रेताओं को अपनी आपूर्ति शृंखलाओं में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। दोनों पक्ष द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए संस्थागत रक्षा सहयोग तंत्र की खोज करने पर सहमत हुए।



बैठक में दोनों पक्षों ने इंडो-पैसिफिक, विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में रक्षा जुड़ाव की संभावना पर चर्चा की। उन्होंने दोनों देशों के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने के तरीकों और साधनों पर भी चर्चा की। रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में बेल्जियम के निवेश का स्वागत किया।

उन्होंने सुझाव दिया कि बेल्जियम की कंपनियां भारत में अपने पदचिह्न का विस्तार करके और भारतीय विक्रेताओं को अपनी आपूर्ति शृंखलाओं में एकीकृत करके महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इसके अलावा दोनों देश एक संस्थागत रक्षा सहयोग तंत्र का पता लगाने पर सहमत हुए।

**उपलब्धि** मौजूदा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के कार्यकाल में छह उपक्रमों को मिला यह दर्जा

# मोदी के कार्यकाल में बने सातों रेल उपक्रम 'नवरत्न'

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** शेयर बाजार में सूचीबद्ध भारतीय रेलवे के सभी सात केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम 'नवरत्न' बन गए हैं। रेल मंत्रालय के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि सोमवार को भारतीय रेलवे के सूचीबद्ध उपक्रमों में बाकी दो उपक्रमों -भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) और भारतीय रेल खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) को भी नवरत्न का दर्जा प्रदान किया गया। पांच सूचीबद्ध केन्द्रीय उपक्रम पहले ही नवरत्न की श्रेणी में शामिल हो चुके हैं। इस प्रकार से सभी सात सूचीबद्ध केन्द्रीय उपक्रम नवरत्न बन गये हैं।

यह महत्वपूर्ण बात है कि रेलवे के सभी केन्द्रीय उपक्रमों को नवरत्न का दर्जा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में मिला है और छह उपक्रमों को यह दर्जा मौजूदा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के कार्यकाल में मिला है। सबसे पहले जुलाई 2014 में भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड (कॉनकोर) को नवरत्न का




दर्जा मिला था। इसके बाद मई 2023 में रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) को, अक्टूबर 2023 में रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस लिमिटेड (राइट्स लिमिटेड) एवं इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड को, भारतीय रेलटेल निगम लिमिटेड को अगस्त 2024 में तथा मार्च 2025 में आईआरसीटीसी और आईआरएफसी को नवरत्न का दर्जा दिया गया है।

### सभी सूचीबद्ध रेलवे उपक्रमों का बाजार पूंजीकरण तीन गुना बढ़ा

उल्लेखनीय है कि भारतीय रेलवे के 12 उपक्रम हैं और उनमें से 7 उपक्रम शेयर बाजार में सूचीबद्ध हैं। सभी रेलवे उपक्रम लाभ कमाने वाले उपक्रम हैं। इनका संचयी लाभ वित्त वर्ष 2020-21 में 7015 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 11 हजार 780 करोड़ रुपये हो गया है। सभी सूचीबद्ध रेलवे उपक्रमों का बाजार पूंजीकरण पिछले 3 वर्षों में करीब तीन गुना बढ़ा है। रेलवे उपक्रमों की पूंजी मार्च 2021 में 1.15 लाख करोड़ रुपये से बढ़ कर दिसंबर 2024 में 4.4 लाख करोड़ रुपये की हो गयी है जो 282 प्रतिशत की वृद्धि है। सभी सूचीबद्ध उपक्रम सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार लाभांश का भुगतान कर रहे हैं।

### आईआरसीटीसी का बाजार पूंजीकरण 74 हजार 376 करोड़

आईआरसीटीसी यह भारतीय रेलवे की एक विस्तारित शाखा है और भारत में एकमात्र इकाई है जो रेलवे को ऑनलाइन रेलवे टिकट बुकिंग सेवाएं, खानपान सेवाएं प्रदान करती है। आईआरसीटीसी में एमओआर की वर्तमान होल्डिंग 62.40 प्रतिशत है। मार्च 2024 तक, इसका कारोबार 4270 करोड़ रुपये है और 1111 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। इसका नेटवर्थ 3230 करोड़ रुपये (मार्च 2024) है और बाजार पूंजीकरण 74 हजार 376 करोड़ रुपये है।

### आईआरएफसी का बाजार पूंजीकरण एक लाख 86 हजार 030 करोड़

आईआरएफसी का कार्य सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी दरों और शर्तों पर बाजार उधारी के माध्यम से भारतीय रेलवे की अतिरिक्त बजटीय संसाधन (ईबीआर) की आवश्यकता को सुरक्षित करना है। आईआरएफसी में रेल मंत्रालय की वर्तमान हिस्सेदारी 86.36 प्रतिशत है। मार्च 2024 तक, इसका कारोबार 26 हजार 645 करोड़ रुपये है और 6412 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। इसका नेटवर्थ 49 हजार 179 करोड़ रुपये (मार्च 2024) है और बाजार पूंजीकरण एक लाख 86 हजार 030 करोड़ रुपये है।

# मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निकाला

एजेंसी

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से भी निष्कासित कर दिया है। इससे पहले रविवार को हुई बैठक में उन्हें सभी पदों से मुक्त किया गया था। इसके बाद आकाश आनंद की प्रतिक्रिया के बाद बसपा प्रमुख ने यह निर्णय लिया है। मायावती ने सोमवार दोपहर एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि रविवार को बसपा की आल-इण्डिया की बैठक में आकाश आनन्द को पार्टी हित से अधिक पार्टी से निष्कासित अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में लगातार बने रहने के कारण नेशनल कोआर्डिनेटर सहित सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था, जिसका उसे पश्चाताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी। लेकिन इसके विपरीत आकाश ने जो अपनी लम्बी-चौड़ी प्रतिक्रिया दी है, वह उसके पछतावे व राजनीतिक परिपक्वता का नहीं, बल्कि उसके ससुर के ही प्रभाव वाला ज्यादातर स्वार्थी, अहंकारी व गैर-मिशनरी है। जिससे बचने की सलाह मैं पार्टी के ऐसे सभी लोगों को देने के साथ दण्डित भी करती रही हूं। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान मूवमेंट के हित में तथा कांशीराम की अनुशासन की परम्परा को निभाते हुए आकाश आनन्द को, उनके ससुर की तरह, पार्टी व मूवमेंट के हित में पार्टी से निष्कासित किया जाता है।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, मंगलवार 04 मार्च 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### गंधहीन, रंगहीन और दिशाहीन बजट : रघुवर दास



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बजट की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे गंधहीन, रंगहीन और दिशाहीन बजट करार दिया है। रघुवर दास का मानना है कि यह बजट राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने में विफल रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि बजट में किसानों और ग्रामीणों की उपेक्षा की गई है, जो सबसे अधिक निराश है। बजट पर सवाल उठाते हुए कहा कि 2030 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को 10 लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन सरकार ने यह नहीं बताया है कि यह लक्ष्य कैसे हासिल किया जाएगा, रघुवर दास ने यह भी पूछा है कि क्या झारखंड सरकार 15 प्रतिशत के दर से विकास दर प्राप्त करने में सफल होगी, इस बजट से किसान और ग्रामीण सबसे अधिक निराश हुए हैं ।

### अबुआ बजट में राज्य के 60% से अधिक आबादी वाले पर ध्यान नहीं दिया गया है: पुष्कर


**रांची।** झारखंड अंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने झारखंड सरकार द्वारा प्रस्तुत अबुआ बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट में राज्य के 60% से अधिक आबादी वाले पर ध्यान नहीं दिया गया है। झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों, झारखंड अलग राज्य के मूल्यों, अत्यंत गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य जीवन जीने, बेहतर चिकित्सा, बेहतर शिक्षा, तथा रोजी रोजगार एवं नियोजन की गारंटी की व्यवस्था आदि पर फॉक्स नहीं है। सरकार बजट पर चर्चा एवं पास करने से पूर्व उक्त विषयों पर गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए।

### झारखंड में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करने वाला बजट: पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता



**रांची।** बजट पर राज्य के पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट दूरदर्शी और जनहित को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट पिछले वित्तीय वर्ष से 13 प्रतिशत अधिक है, जो दशार्ता है कि हेमंत सरकार पार्ट- दो का मकसद सिर्फ सरकार चलाना नहीं, बल्कि जनता तक चल कर सरकारी सुविधा और लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह बजट एक तरफ झारखंड की सामाजिक कल्याण व्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ युवाओं को रोजगार, किसानों को कृषि सहायता और मजदूरों के सशक्तिकरण का रोडमैप तैयार करेगा।

### यह अबुआ नहीं बबुआ बजट है: जदयू प्रवक्ता



**रांची।** झारखंड सरकार की ओर से सोमवार को अबुआ बजट सदन में पेश किया। इसे लेकर जदयू के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025 - 26 आम बजट निराशाजनक है। यह अबुआ नहीं बबुआ बजट है। 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा था लेकिन बजट में इस योजना का जिक्र तक नहीं है। 5 जी के जमाने में काराओं में मोबाइल फोन उपयोग रोकने के लिए 4 जी जैमर के क्रय का कोई औचित्य नहीं है। बजट में युवाओं के लिए कुछ नहीं है। राज्य में बेरोजगारी और गरीबी कैसे खत्म होगी इस पर कुछ खास प्लान देखने को नहीं मिला।

### विकास वाला बजट : डॉ गुप्ता



**रांची।** सोमवार को झारखंड विधानसभा में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर द्वारा पेश बजट को कांग्रेस नेता डॉ राजेश गुप्ता ने समाज के सभी वर्गों के विकास वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ने 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ का बजट पेश किया। जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह बजट 1,28,900 करोड़ था। उन्होंने कहा कि बजट में राज्य के सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। बजट में महिलाओं, बच्चों एवं समाज के पिछड़े लोगों के उत्थान और विकास के लिए योजनाएं हैं। बजट में मंईयां सम्मान योजना के लिये 13 हजार 363 करोड़ 35 लाख रुपये का फंड और बच्चों से जुड़े करीब 42 योजनाओं के लिये 9411 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। इसके अलावा सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र के लिए भी राशि का प्रावधान किया गया हैं । इस बजट से समाज के सभी वर्गों के साथ झारखंड का तेजी से विकास होगा। आज वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट हेमंत सोरेन सरकार के झारखंड और राज्य के लोगों के तेजी से विकास के संकल्प को दर्शाता है।

### राज्य का बजट जन कल्याणकारी एवं लाभार्थी योजना से परिपूर्ण: कैलाश यादव



**रांची।** राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने राज्य सरकार के वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा वार्षिक बजट 1,45,400 करोड़ रु पेश करने का स्वागत किया है। यह बजट राज्यहित में ऐतिहासिक कदम है। वित्तमंत्री ने विकास दर में बढ़ावा के लिए सभी विभागों को प्राथमिकता दी है। मईया सम्मान योजना के अलावा ग्रामीण विकास,खेलकूद, सामान्य क्षेत्र,सामाजिक क्षेत्र एवं आर्थिक क्षेत्र में काफी जोर दिया गया है निश्चित रूप से यह बजट जन कल्याणकरी व लाभार्थी योजनाओं से परिपूर्ण है। ऐतिहासिक व सराहनीय बजट के लिए वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर एवं सीएम हेमंत सोरेन व सरकार के मंत्रिपरिषद समूह को राजद की ओर से बधाई दी।

### झारखंड राज्य को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने में अबुआ बजट एक प्रभावी कदम : सुबोधकांत



**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा वर्ष 2025-2026 के लिए पेश किए गए बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट झारखंड को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने में काफी प्रभावी साबित होगा। बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा जाना स्वागत योग्य है। श्री सहाय ने कहा कि निवेश, औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन, टूरिज्म डेवलपमेंट की योजनाओं के लिए विशेष रूप से राशि का प्रावधान किए जाने से राज्य के विकास की गति तेज होगी। उन्होंने कहा कि सूबे के सर्वांगीण विकास के प्रति मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार की प्रतिबद्धता सराहनीय है। बजट में सोशल सेक्टर, शिक्षा, चिकित्सा एवं अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए पर्याप्त राशि का उपबंध किया गया है। इससे निश्चित तौर पर राज्य में विकास की रफ्तार तेज होगी। श्री सहाय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर सहित गठबंधन में शामिल सभी सहयोगी दलों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# बजट सत्र में विधायक राज सिन्हा ने ओपी और थानों के सृजन का सवाल उठाया

एजेंसी

**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के पांचवे दिन सोमवार को राज सिन्हा ने धनबाद में ओपी और थानों के सृजन का सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जितने भी ओपी हैं, उनमें एफआईआर नहीं होती। नये ओपी और थानों का भी सृजन नहीं हुआ है। ओपी किराए के भवन में चल रहा है। आज 80 फीसदी केस में अपराधी बरी हो जा रहे हैं।

धनबाद में लोगों को रोज फोन आ रहा है। एक करोड़ दो नहीं तो खोपड़ी खोल देंगे। एसएसपी बोलते हैं कि फोर्स की कमी है। धनबाद में आर्थिक अपराध के साथ रोज छीना-झपटी हो रही है।

इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि धनबाद में 37 थाना और 24 ओपी हैं। हाइटेक तरीके से थाना भी काम कर रहे हैं। विधि व्यवस्था में कोई समस्या नहीं है। आवश्यकतानुसार थाना खोले जा रहे हैं। आगे भी आवश्यकतानुसार थाना खोलने का काम किया जायेगा।



**एसी-डीसी बिल का समायोजन एक वित्तीय वर्ष का मामला नहीं: वित्त मंत्री**

इस दौरान वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि एसी-डीसी बिल का समायोजन किसी एक वित्तीय वर्ष का मामला नहीं है। ये निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। सरकार इसको लेकर गंभीर है। वे विधायक पूर्णिमा साहू के सवाल का जवाब दे रहे थे। वित्त मंत्री ने कहा कि इस मसले को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आठ बैठकें हो चुकी हैं। बिल समायोजन की प्रक्रिया चल रही है।

**सभा सचिवालय को भी देनी चाहिए ट्रेनिंग: प्रदीप यादव**

प्रदीप यादव ने व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि सभा सचिवालय को भी ट्रेनिंग देना चाहिए। इसके लिए कमेटी बनाये। सहारा इंडिया से जुड़ा मेरा सवाल काफी महत्वपूर्ण है। इस पर भाजपा विधायक सीपी सिंह ने भी कहा कि राज्यस्तरीय विषय है। इसे आज ही ले लिया जाये।

वहीं विधायक अरूप चटर्जी ने धनबाद में हवलदार और आरक्षी नियुक्ति का मामला उठाया। इस पर मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि इन रिक्त पदों को शीघ्र भरा जायेगा। प्रक्रिया चल रही है।

## झारखंड के बकाया राशि मुद्दे पर सरयू राय का सवाल, सरकार ने बनाई कमेटी

रांची। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन सोमवार को विधायक सरयू राय ने राज्य के एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये की बकाया राशि का मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि जब यह मामला हाईकोर्ट और केंद्रीय ट्रिब्यूनल में है, तो राज्य सरकार इसे निपटाने के लिए ठोस प्रयास क्यों नहीं कर रही है। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि इसके लिए एक मार्च 2025 को कमेटी बनायी गयी है। यह कमेटी शपथ पत्र दायर करेगी। इस मामले में मुख्यमंत्री ने 24 जून को 2020, दो मार्च 2022 और 11 अप्रैल 2022 को केंद्र को पत्र भी लिखा है।

वहीं, तत्कालीन मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने भी चार दिसंबर 2022 को एक लाख 36 हजार करोड़ बकाये का जिक्र करते हुए केंद्र को पत्र लिखा था। सूद की स्थिति का आकलन भी किया जा रहा है। इस पर सरयू राय ने कहा कि कमेटी बनाना राजनीतिक निर्णय है वैधानिक नहीं।

सरयू राय के सवाल पर भाजपा विधायक सीपी सिंह भी उनके समर्थन में खड़े हो गये। उन्होंने कहा कि जब सरयू राय ने सवाल किया तो दो दिन पहले कमेटी बनायी। तब से राजनीति ही खेल रहे हैं। इस पर प्रदीप यादव ने कहा कि सीपी सिंह ने जीवन में पहली बार अच्छी सलाह दी है।

मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि इस सभी कानूनी विकल्पों पर सरकार काम करेगी। सरयू राय ने कहा कि 2009 तक 41 हजार 142 करोड़ रुपए मूलधन था और सूद 60 हजार करोड़ रुपए था। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि 10-15 दिन पहले कोयला मंत्री किशन रेड्डी से बकाये को लेकर मुलाकात की थी। उन्होंने भी कहा कि झारखंड को राशि देनी है, यह राज्य का आधिकार बनता है। ऐसे बकाया का कोई राजनीतिक आधार नहीं होता। सूद की राशि के साथ डंके की चोट पर बकाया राशि लेंगे।

## खोखला और घिसा पिटा बजट, दूरदर्शिता का अभाव: बाबूलाल मरांडी

वरीय संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार द्वारा सदन में पेश बजट पर तीखी प्रतिक्रिया दी। श्री मरांडी ने कहा कि यह बजट देखने में बड़ा है लेकिन प्राण विहीन है,ताकत विहीन है। उन्होंने कहा कि बजट में दूरदर्शिता का घोर अभाव है। इससे न राज्य की बेरोजगारी दूर होने वाली है न गरीबी दूर होगी। कहा कि राज्य सरकार चुनावी घोषणाओं को बजटीय धरातल पर उतारने में पूरी तरह विफल साबित हुई। यह जनादेश को अपमानित

## किसानों के लिए बजट में कुछ नहीं: अमित

संवाददाता



**रांची।** भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के द्वारा प्रदेश कार्यालय में झारखंड बजट भाषण को सुना गया। अध्यक्षता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जेपी शर्मा ने की। प्रेसवार्ता कर बजट पर प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक अमित मंडल ने बजट पर राज्य सरकार को घेरा। श्री मंडल ने यह भी कहा कि राज्य सरकार को सीएजी द्वारा उठाये मामले में 19132 हजार करोड़ का जवाब देना चाहिए । 1.36 लाख करोड़ का राज्य सरकार रोना बंद करे। सच्चाई ये भी है कि झारखंड कोयला प्रोडक्शन में 3 रे स्थान पर है बावजूद केंद्र द्वारा झारखंड को मिलने वाला राजस्व सर्वाधिक 22% है। कहा कि झारखंड के जीडीपी में सेकेंडरी सेक्टर का योगदान सर्वाधिक है और केंद्र की योजनाएं इसमें समाहित है जैसे एयरपोर्ट, रेल ,हाईवे ,सेज निर्माण आदि। कहा कि युवाओं और किसानों के लिए इस बजट में कुछ भी नहीं है। सात गारंटी में कोई गारंटी सरकार पूरा नहीं कर पाई है ना धान क्रय में 3200 रुपए एम एस पी मिला, ना 450 रुपए में सिलिंडर मिली , ना 7 किलो अनाज मिला और ना ही हर जिले में मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने की बात हुई । कहा कि राजस्व खर्च सरकार ने 20.1 % पिछले बजट की तुलना में बढ़ाया वही पूंजीगत खर्च मात्रा 7.81% ही बढ़ा। सरकार भविष्य में इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण नहीं कर पायेगी और राजस्व खर्च को पूरा करने के लिए और अधिक कर्ज लेगी जो राज्य के अर्थव्यवस्था के हित में ठीक नहीं होगा। सरकार बजट की राशि को खर्च करने के बजाये सरेंडर करवा रही है जिससे सरकार को योजनाओं को धरातल पर उतरने में रूचि नहीं दिख रही । मईयां सम्मान की राशि 13000 करोड़ भी कम है। 57 लाख महिलाओं के लिए 17000 करोड़ का प्रावधान करना चाहिए था और यदि 3 महीनों का बकाया मिला लिया जाये तो 4200 करोड़ और प्रावधान करना चाहिए था जो नहीं हुआ। बजट से जनता में निराशा हुई है। प्रेसवार्ता के मौके पर अशोक बड़ाइक ,जेपी शर्मा , सीए राजकुमार भी उपस्थित थे।

## बजट में कोई उपबंध नहीं: निराला



रांची। गठबंधन सरकार ने बजट पर अधिवक्ता दीपेश निराला ने कहा कि सरकार 145400 करोड रुपए का बजट पेश किया है, जो पिछले बार से 13% अधिक है, लेकिन इस बजट में विधि व्यवस्था और पुलिस आधुनिकीकरण तथा अर्बन नियंत्रण के मामले में कोई भी उपबंध नहीं पा रहे हैं, जबकि राजधानी रांची सहित सभी जिलों में विधि व्यवस्था का भारी संकट है और हर वर्ग इससे परेशान है और अपने जान, माल तथा सुरक्षा के लिए चिंतित है। बजट में व्यापारियों के सामाजिक सुरक्षा के लिए भी राज्य व्यापारी कल्याण आयोग जैसा कोई उपबंध नहीं आया है और ना ही राज्य के 35 हजार वकीलों के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट और उनके कार्यस्थल पर आधारभूत संसाधन और आधुनिक व्यवस्था उपलब्ध कराने के संबंध में कोई उपबंध मिलता है, साथ ही राज्य की सिंचाई व्यवस्था को बढ़ाने के लिए वर्षों से बना रहे डैम के पूर्ण होने की भी कोई रूपरेखा बजट में नहीं प्राप्त हो रही है। पिछले बजट को हम लोग देखे तो उसमें 70 घोषणाएं सरकार ने की थी, जिसमें से 2 दर्जन से अधिक घोषणाएं आज तक शुरू भी नहीं हो सकी है। वर्तमान अनुमानित बजट में नियोजन नीति और स्थानीय नीति के संदर्भ में भी कोई उपबंध नहीं है, जिससे नौकरी और रोजगार प्रभावित होता है।

## अबुआ बजट में गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं के उत्थान पर जोर : शिल्पी नेहा तिर्की

संवाददाता



**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने झारखंड के अबुआ बजट को गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं के उत्थान का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में राज्य के ग्रामीण आर्थिक विकास और आधारभूत संरचना को प्राथमिकता दी गई है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार के इस बजट में शहर से लेकर गांव और शिक्षा-स्वास्थ्य से लेकर पर्यटन क्षेत्र के विकास पर जोर दिया गया है। राज्य के किसान समृद्ध हो, उनके फसल का सही मूल्य मिल सके, उन्नत कृषि के साथ किसानों का जुड़ाव सरकार की प्राथमिकता में है। हेमंत सोरेन सरकार पार्ट टू का ये पहला एक लाख 45 हजार 400 करोड़ का बजट है। इस पहले बजट में गठबंधन वाली सरकार के द्वारा जनता से किए गए वायदों को पूरा करने के लिए ये पहला कदम है। राज्य सरकार जनता से किए गए वायदों को लेकर कृतसंकल्पित है। सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों का सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से विकास करना है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य का आर्थिक विकास दर 7.5 प्रतिशत होने का अनुमान है।

## 6 मार्च को डीजीपी करेंगे समीक्षा, आईजी-डीआईजी को मिले कई निर्देश

वरीय संवाददाता



**रांची।** राज्य पुलिस के मुखिया डीजीपी अनुराग गुप्ता अब महिलाओं और बच्चों के साथ हो रहे अपराध की घटनाओं की समीक्षा करेंगे। यह बैठक 6 मार्च को होनी है। इसमें जोनल आईजी, रेंज डीआईजी, एसएसपी और जिले के एसपी शामिल होंगे। वहीं, दूसरी ओर यह भी समीक्षा होगी कि बीएनएस की 61 धाराओं के तहत अब तक महिलाओं और बच्चों के मामलों में क्या कार्रवाई थाना स्तर पर हुई है। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई भी हो सकती है। हालांकि, इस बैठक का मुख्य उद्देशय राज्य में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों को लेकर गंभीर कदम उठाना और सभी लंबित मामलों पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

**जोनल आईजी और रेंज के डीआईजी को दिए गए निर्देश**

इन सभी 61 धाराओं के तहत दर्ज कांड में अनुसंधान की स्थिति।

तीन महीने से अधिक समय से लंबित सुपरविजन के लिए केस की स्थिति।

ऐसे सभी मामले जिनमें अभियुक्तों के खिलाफ कांड सत्य हुआ है, लेकिन उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी की स्थिति, यदि गिरफ्तार नहीं हुए हैं, तो उनके कारण।

इन सभी 61 धाराओं में दर्ज ऑनलाइन प्राथमिक और की गई कार्रवाई।

सत्य पाए गए कांडों में विक्टिम कंपनसेशन के लिए की गई कार्रवाई और लंबित मामले।- यदि पीड़िता एसटी एससी श्रेणी में आती है, तो संबंधित क्षेत्र के तहत कंपनसेशन की कार्रवाई।

## एसबीआई बैंक के प्रबंध निदेशक ने राज्य ग्रामीण बैंक का किया दौरा

रांची। भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंध निदेशक अश्विनी कुमार तिवारी ने अपने झारखंड प्रवास के दौरान सोमवार को झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के रांची स्थित प्रधान कार्यालय का दौरा किया। झारखंडी नृत्य-गान के साथ बैंक से सहबद्ध महिला मंडल की दीदियों ने पारंपरिक परिधान और ढोल, मांदर की थाप पर उनका स्वागत किया। इस मौके पर बैंक के अध्यक्ष मदन मोहन बरियार ने प्रबंध निदेशक श्री तिवारी के समक्ष वित्तीय वर्ष 2024-2025 के दौरान बैंक द्वारा विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में हासिल की गई उपलब्धियों की प्रस्तुति दी। प्रबंध निदेशक श्री तिवारी ने अधिकारियों और अन्य स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए इस वित्तीय वर्ष में बैंक द्वारा किए गए कार्यों के लिए सभी की प्रशंसा की और साथ ही आह्वान किया कि झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक को राज्य सरकार का बैंक घोषित करवाने हेतु प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक, झारखंड के महाप्रबंधक एवं रांची आंचलिक कार्यालय के उप महाप्रबंधक भी उपस्थित थे। बैंक के अध्यक्ष श्री बरियार ने अल्प सूचना पर प्रबंध निदेशक द्वारा बैंक भ्रमण के प्रस्ताव को स्वीकार करने एवं उनके मागदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया तथा उन्हें आश्वस्त किया कि उनका यह भ्रमण बैंक के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा और बैंक आने वाले समय में झारखंड में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराएगा।

**शुभारंभ** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के आवेदन पोर्टल का उपायुक्त ने किया शुभारंभ

# 31 मार्च तक किया जायेगा ऑनलाइन आवेदन

संवाददाता

**रांची।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) के तहत अब रांची जिला में ऑनलाइन आावेदन किया जा सकेगा। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार को आरटीई पोर्टल का शुभारंभ एनआईसी सभागार में किया। इस मौके पर उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, जिला शिक्षा पदाधिकारी, रांची विनय कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रांची श्रीमती उर्वशी पांडेय एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



**4 से 31 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन**

पोर्टल के लॉन्चिंग के दौरान उपायुक्त ने बताया कि आरटीआई के तहत 04 से 31 मार्च 2025 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। इस दौरान पोर्टल के माध्यम से रजिस्टेज्शन कर डॉक्यूमेंट अपलोड किया जा सकेगा। 10 मार्च 2025 को डॉक्यूमेंट का वेरिफिकेशन होगा एवं 15 मार्च को ऑनलाइन लॉटरी की जायेगी। रांची जिला में आरटीआई के तहत नामांकन के लिए 121 स्कूलों को पंजीकृत किया गया है।

**मान्यता रद्द करने की होगी अनुशंसा**

आरटीआई के तहत नामांकन के लिए नियमों का अनुपालन नहीं करनेवाले स्कूलों पर कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा शिकायत मिलने पर स्कूलों की मान्यता रद्द करने के लिए बोर्ड से अनुशंसा की जायेगी। ये है ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया।

नामांकन की पूरी प्रक्रिया जिले के वेबसाईटwww.rteranchi.in पर ऑनलाईन पूरी की जायेगी। संबंधित माता-पिता, अभिभावकों को वेबसाईट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा। रजिस्ट्रेशन उपरात संबंधित वेबसाईट पर पूरा फॉर्म ऑनलाइन भरा जाना है। फॉर्म भरने के क्रम में माता-पिता, अभिभावक वेबसाईट पर अंकित विद्यालयों की सूची में से अपने आवास के आस-पास निर्धारित दूरी में अवस्थित तीन विद्यालयों का नाम अंकित कर सकेंगे। ऑनलाइन रैंडमाइज करने के क्रम में फॉर्म में अंकित किसी भी एक विद्यालय में चयन हो सकता है अथवा निर्धारित सीट से अधिक संख्या में आवेदन होने पर किसी भी विद्यालय में चयन नहीं भी हो सकता है।

## पांकी विधायक मिले राज्यपाल से, सौंपा ज्ञापन

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को पांकी के विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने राजभवन में मुलाकात की। जहां पलामू जिले की विभिन्न योजनाओं में हुई अनियमितताओं के संबंध में अवगत कराते हुए विधिसम्मत कार्रवाई हेतु ज्ञापन समर्पित किया। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि मेसर्स सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन्स, स्टेशन रोड, रेड़मा, वार्ड नं-15, डाल्टनगंज, पलामू द्वारा पांकी प्रखंड के अंतर्गत दूब-छतरपुर मार्ग में निमार्णाधीन पुल ध्वस्त हो जाने के मामले में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा 23 जुलाई 2021 को उच्चस्तरीय जांच दल का गठन किया गया था। मुख्यमंत्री के अनुमोदन से गठित इस जांच समिति को संयुक्त जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करना था, लेकिन साढ़े तीन वर्षों के बाद भी यह प्रतिवेदन समर्पित नहीं किया जा सका।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, मंगलवार 04 मार्च 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### टू हेल्थ एजुकेशन फाउंडेशन ने लावारिश पशुओं को पहनाया रेडियम पट्टी



**बेरमो/ बोकारो।** टू हेल्थ एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा रविवार की शाम फुसरो-जैनामोड मुख्य सड़क पर हिन्दुस्तान पुल फुसरो के समीप सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर लावारिश पशुओं को रेडियम पट्टी पहनाया गया। ताकि लावारिश पशुओं के सड़क पर जमावड़ा रहने से वाहन चालकों को दिखाई नहीं पड़ने पर सड़क दुर्घटना को रोकने लिए रेडियम पट्टी लगाया गया। फाउंडेशन के निर्देशक सहदेव कुमार प्रजापति ने कहा कि आये दिन सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ती जा रही है। जिसका एक कारण लावारिश पशुओं का सड़कों पर विचरण करते रहना है। लावारिश पशुओं के सड़क पर विचरण करने से विशेषकर रात्रि में वाहन चालकों को तेज रफ्तार के कारण आसानी से दिखाई नहीं पड़ने के कारण सड़क दुर्घटना हो जाती है। जिससे पशु और चालक दोनों को क्षति पहुंचती है। इसी के मद्देनजर पशुओं के कारण सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़क सुरक्षा को लेकर पहल किया गया। उन्होंने कहा कि पशुओं के गले में रेडियम पट्टी लगे रहने से उसकी चमक की वजह से दूर से ही वाहन चालक उसे देख कर सतर्क हो जायेंगे, जिससे दुर्घटना में कमी आएगी और इससे पशु व चालक दोनों आहत होने से बचेंगे। मौके पर पंकज पांडेय, अनिल गुप्ता, मंचू सिंह, सतीश कुमार, आनंद सोनी, राम कुमार आदि मौजूद थे।

### पिछरी में ग्रामीण जलापूर्ति जलमिनार जीर्णोद्धार को लेकर मंत्री से मिले झामुमो कार्यकर्ता



**बेरमो/ बोकारो।** पेटरवार प्रखंड के पिछरी में ग्रामीण जलापूर्ति जलमिनार का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण और पेयजल समस्या को लेकर रविवार को झामुमो के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष घुनु हांसदा एवं मीडिया प्रभारी बिक्की महतो ने मुरबंदा आवास में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो से मिलकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मंत्री श्री महतो को बुके देकर स्वागत किया। ज्ञापन के माध्यम से मंत्री श्री महतो से कार्यकर्ताओं ने कहा कि पिछरी में चल रहे ढाई लाख लीटर की क्षमता वाले ग्रामीण जलापूर्ति जलमिनार की स्थित जर्जर हो चुकी है। कभी भी गांव में जलापूर्ति बंद हो सकती है। जिससे लगभग पांच से सात हजार ग्रामीण प्रभावित होंगे। कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण की मांग मंत्री श्री महतो से की। मंत्री ने कार्यकर्ताओं को झामुमो कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाते हुए कहा कि जल्द ही हम जलमिनार का जीर्णोद्धार करवाकर ग्रामीणों की पेयजल समस्या से निजात दिलायेंगे। वहीं बिक्की महतो ने पिछरी के ग्रामीणों की ओर से मंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हम पिछरीवासी सदैव आपके आभारी रहेंगे।

### राधा कृष्ण मंदिर मकोली के स्थापना दिवस पर अखंड हरि कीर्तन का हुआ समापन

**बेरमो/ बोकारो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सेंट्रल कॉलोनी मकोली स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर मकोली के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन संपन्न हुआ। यहां विभिन्न क्षेत्रों से आये कीर्तन मंडली कीर्तन करते हुए हरे रामा हरे रामा राम राम हरे हरे, हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे जयकारे से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है। इस दौरान होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोगो ने एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर बधाई दी। इसके पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर जवाहरलाल यादव, छठु लाल यादव, दाया राम यादव, ललन यादव, कौतुक यादव, अशोक यादव, योगेन्द्र यादव, सत्येंद्र यादव, झगरू यादव, हरे कृष्णा यादव, राजू यादव, प्रकाश यादव, लाखन सिंह, बृज बिहारी पांडेय, बीरेन्द्र पांडेय, उमाकांत यादव आदि मौजूद थे।

### जेसीएमयू की बैठक में नव मनोनीत बीएंडके क्षेत्र अध्यक्ष पंकज महतो का हुआ स्वागत



**बेरमो/ बोकारो।** झामुमो की बैठक करगली गेट स्थित शहीद निर्मल महतो स्मारक कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता संयोजक सदस्य दीपक महतो व संचालन क्षेत्रिय सचिव किशोर कुमार ने किया। यूनियन की मजबुती एवं विस्तार करने पर बल दिया गया। क्षेत्रिय सचिव श्री कुमार, संयोजक सदस्य श्री महतो व रंजीत महतो ने कहा कि मजदूरों की समस्याओं का निदान करने में चयनित नए पदाधिकारी सराहनीय भूमिका निभाएंगे यूनियन को मजबुत, सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिनिधियों को अपनी सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। इस अवसर पर नव मनोनीत बीएंडके अध्यक्ष पंकज महतो ने भी उन्हे विश्वास दिलाया कि वे मजदूरों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। कहा कि यूनियन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में अधिकारियों को पूरा सहयोग करेंगे। साथ ही आपसी सौहार्द और सहयोग को प्रोत्साहित किया। इस दौरान आगामी 8 मार्च को उक्त स्थल पर ही होली मिलन समारोह मनाने की संभावना बताई गई। साथ ही नव मनोनीत सीसीएल बीएंडके के अध्यक्ष पंकज महतो को मनोनयन पत्र सौंपा गया। वहीं यूनियन व झामुमो के लोगों द्वारा उनका स्वागत सम्मान करते हुए उन्हें बधाई दी गई। मौके पर रंजीत महतो, दिनेश कुमार, टिकु महतो, सुमित चौहान आदि लोग मौजूद थे।

# उपायुक्त ने की भूमि संरक्षण सर्वेक्षण विभाग की समीक्षा

**लक्ष्य अनुरूप लाभुकों को चिन्हित कर योजना से लाभांवित करने का दिया निर्देश**

संवाददाता



**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने सोमवार को भूमि संरक्षण सर्वेक्षण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति कार्य की समीक्षा की। मौके पर डीआरडीए निदेशक श्रीमती मेनका, अपर समाहर्ता मो० मुमताज अंसरी,जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती वंदना शेजवलकर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

उपायुक्त ने क्रमवार वित्तीय वर्ष 24 - 25 में छोटे एवं सीमांत कृषकों, स्वयं सहायता समूहों, महिला सखी मंडल व कृषक समूह को पंप सेट वितरण की योजना के संबंध में जानकारी ली। जिला भूमि संरक्षण सर्वेक्षण पदाधिकारी श्रीमती अंजली राय ने बताया कि योजना के तहत 1.5 - 3.0 एचपी का पंप सेंट 150 लाभुकों, 3.5-5.0 एचपी का 20 लाभुकों एवं 1.0 एचपी का सोलर पंपसेट 10 लाभुकों को दिया जाना है। इसी तरह कृषि यांत्रिकीकरण के प्रोत्साहन हेतु अनुदान पर मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, रीपर, राईस ट्रांसप्लांटर एवं अन्य कृषि यंत्रों के वितरण की योजना के 05 -05 लाभुक कृषक समूह को कृषक पैकेज योजना से लाभांवित करना है। दोनों ही योजनाओं में लक्ष्य अनुरूप जिला स्तरीय समिति से लाभुकों की सूची का अनुमोदन कर लिया गया है। निदेशालय स्तर से टेंडर द्वारा दर निर्धारण नहीं होने के कारण वितरण लंबित है। इस दिशा में उपायुक्त ने निदेशालय से पत्राचार करने को कहा।

वहीं, वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य को कृषक यंत्रों का वितरण योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत ट्रैक्टर पैकेज के लिए 50 लाभुक एवं कृषि यंत्र पैकेज के लिए 30 लाभुक का लक्ष्य है। जिसके विरूद्ध 39 लाभुकों का आवेदन प्राप्त है। उक्त योजना के तहत वित्तीय वर्ष 23-24 एवं 24-25 में भी 22 लाभुकों को योजना से लाभांवित किया जाना है। जिला स्तरीय समिति से लाभुकों की सूची का अनुमोदन कर लिया गया है। निदेशालय स्तर से टेंडर द्वारा दर निर्धारण नहीं होने के कारण वितरण लंबित है। समीक्षा क्रम में, मृदा एवं जल संरक्षण योजना अंतर्गत बंजर भूमि, राईस फेलो विकास उपयोजना अंतर्गत 05 एकड़ से कम जल क्षेत्र वाले सरकारी व निजी तालाबों का जीर्णोद्धार व गहरीकरण की योजना एवं परकोलेशन टैंक निर्माण की योजना की भी जानकारी ली। लक्ष्य अनुरूप लाभुकों को चिन्हित नहीं करने व आवेदन प्राप्त नहीं करने को लेकर कार्रवाई करने एवं विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। वहीं, योजनाओं एवं लाभुकों के चयन से संबंधित आहर्ता के संबंध में जानकारी को लेकर बीडीओ व सीओ के साथ बैठक करने को कहा।

# दाखिल-खारिज के अस्वीकृत आवेदनों पर डीसीएलआर करेंगे सुनवाई

**उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर सभी अंचलों में लगेगा विशेष राजस्व शिविर**

**05 से 17 मार्च 2025 तक सभी अंचलों में लगेगा विशेष राजस्व शिविर एवं 15 से 24 मार्च तक प्राप्त आवेदनों पर होगी सुनवाई**

संवाददाता

**बोकारो।** भूमि से संबंधित दाखिल-खारिज के आवेदन अस्वीकृत होने के उपरांत ऐसे मामलों में अस्वीकृत आवेदन के विरूद्ध सम्बन्धित भूमि सुधार उपसमाहर्ता के न्यायालय में अपील का प्रावधान है। बिहार झारखंड टेनेंट्स होल्डिंग्स मेंटेनेंस ऑफ रिकार्ड्स एक्ट 1973 के अनुसार अंचल अधिकारी द्वारा जिस दाखिल खारिज वाद को अस्वीकृत कर दिया गया है. वैसे वाद की पुनः सुनवाई करने हेतु सक्षम प्राधिकार भूमि सुधार उप समाहर्ता हैं। उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने जनता दरबार एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायत में प्रायः ऐसा देखा जा रहा है कि अंचल अधिकारियों के द्वारा मामूली कारणों यथा दस्तावेज संलग्न नहीं होना, झारभूमि पोर्टल में आ रही तकनीकी समस्या एवं अन्य* के कारण दाखिल-खारिज के प्राप्त आवेदनों को अस्वीकृत किया जा रहा है।जांच के क्रम में यह प्रकाश में आ रहा है कि आमजनों में दाखिल-खारिज के प्रावधानों से सम्बन्धित नियमावली की जानकारी नहीं होने के कारण बार-बार दाखिल-खारिज के आवेदन अंचल कार्यालय में समर्पित किये जा रहें हैं जिन्हें अंचल कार्यालय द्वारा अस्वीकृत किया जाता है। इसी को लेकर उपायुक्त बोकारो ने अंचल अधिकारियों द्वारा अस्वीकृत किए गए दाखिल-खारिज के आवेदनों के विरूद्ध अपील दायर करने हेतु सभी अंचल कार्यालयों में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन संबंधित भूमि सुधार उप समाहर्त्ता को सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।।उन्होंने चास एवं बेरमो (तेनुघाट) के भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं सभी अंचल अधिकारियों को अंचल कार्यालय में आयोजित होने वाले विशेष दाखिल-खारिज अपील राजस्व शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही, दोनों भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, चास एवं बेरमो (तेनुघाट) को अंचल कार्यालय में आयोजित होने वाले विशेष राजस्व शिविर में स्वयं उपस्थित होकर अस्वीकृत दाखिल-खारिज वादों के विरूद्ध ज्यादा से ज्यादा आवेदन प्राप्त कर उसे सूचीबद्ध करते हुए कम्प्यूटर ऑपरेटर के माध्यम से ऑनलाईन कराना सुनिश्चित करेंगे।

बता दें कि चास में विशेष राजस्व शिविर 07/08 मार्च व सुनवाई शिविर 15/17 मार्च, चंदनकियारी में विशेष राजस्व शिविर 05/06 मार्च व सुनवाई शिविर 18/19 मार्च, जरीडीह में विशेष राजस्व शिविर 07 मार्च व सुनवाई शिविर 15 मार्च, कसमार में विशेष राजस्व शिविर 08 मार्च व सुनवाई शिविर 18 मार्च, नावाडीह में विशेष राजस्व शिविर 10 मार्च व सुनवाई शिविर 19 मार्च, पेटरवार में विशेष राजस्व शिविर 11 मार्च व सुनवाई शिविर 20 मार्च, गोमिया में विशेष राजस्व शिविर 12 मार्च व सुनवाई शिविर 21 मार्च, बेरमो में विशेष राजस्व शिविर15 मार्च व सुनवाई शिविर 22 मार्च तथा चंद्रपुरा में विशेष राजस्व शिविर 17 मार्च व सुनवाई शिविर 24 मार्च को आयोजित किया जाएगा।

# जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर डीआरडीए निदेशक ने की सुनवाई

**23 मामलों पर डीआरडीए निदेशक श्रीमती मेनका ने की सुनवाई, ऑन स्पॉट कुछ मामलों का किया निष्पादन**

**प्राप्त आवेदनों पर लिया संज्ञान, संबंधित पदाधिकारियों को निष्पादन का दिया जरूरी निर्देश**

संवाददाता



**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव।के निर्देश पर डीआरडीए निदेशक श्रीमती मेनका ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 23 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं व।शिकायतों पर सुनवाई की। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कुछ मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया।जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, सामान्य शाखा, भूमि पर कब्जा, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व, समाज कल्याण, कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग, गोमिया अंचल कार्यालय, लीड बैंक मैनेजर, अंचल कार्यालय चंदनकियारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण आदि* से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती वंदना शेजवलकर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## सभी प्रखंडों में मेगा हेमोग्लोबीन जांच शिविर 09 -10 मार्च को

बोकारो। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत मातृ-शिशु की सुरक्षा बेहतर स्वास्थ्य जिले के लिए प्राथमिकता सूची में शामिल है। इसको लेकर उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने स्वास्थ्य विभाग को आगामी 09 - 10 मार्च 2025 को जिले के सभी 09 प्रखंडों में मेगा हेमोग्लोबीन जांच शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को समाज कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित कर शिविर का ज्यादा से ज्यादा प्रचार - प्रसार करने एवं जिले के सभी गर्भवती महिलाओं की हेमोग्लोबीन जांच करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है किजिले के सभी पीएचसी, सीएचसी, अनुमण्डलीय अस्पताल, सदर अस्पताल में हेमोग्लोबीन जांच हेतु आवश्यक उपकरण व दवाइयां उपलब्ध रखेंगे। जिले की सभी सहिया एवं आंगनबाडी केन्द्र की सेविका व सहायिका गर्भवती महिलाओं को हेमोग्लोबीन जांच हेतु नजदीकी अस्पताल, जहां शिविर का आयोजन होना है, वहीं ले जायेंगी। ।जिन गर्भवती महिलाओं को एक भी ए०एन०सी० नहीं हुए हैं उनको जन शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत सरकार के द्वारा किये गये एम०ओ०यू० अल्ट्रासाउण्ड क्लिनीक व अस्पताल में मुफ्त में अल्ट्रासाउण्ड करायेंगी। उक्त आयोजित शिविर के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी वृहद प्रचार-प्रसार करायेंगे।सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकरी व सभी अंचल अधिकारी अपने - अपने क्षेत्रों में आयोजित होने वाली शिविरों के लिए माईकिंग एवं अन्य माध्यम से व्यापक प्रचार - प्रसार करायेंगे।

# सीसीएल सीकेएस ने सेवानिवृत्त कर्मचारी को किया सम्मानित



संवाददाता

**बेरमो/ बोकारो।** बीएमएस से संबद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ढोरी द्वारा सोमवार को महाप्रबंधक कार्यालय के विद्युत एवं यांत्रिक विभाग में कार्यरत कर्मचारी आदित्य मिश्रा को सेवानिवृत्ति के उपरांत विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन करते हुए सर्वप्रथम आदित्य मिश्रा को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर तथा मिठाई देकर सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित सीसीएल सीकेएस के कार्यसमिति सदस्य सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य सीसीएल रवीन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा कि आदित्य मिश्रा ने भारतीय मजदूर संघ के एक सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्य किया और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने कंपनी में भी 35 वर्ष तक अपना योगदान दिया। ढोरी क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि आज आदित्य मिश्रा सेवानिवृत्त हुए हैं। इनकी कमी संगठन एवं कंपनी को खलेगी। हमलोग ईश्वर से कामना करता हूं की सदैव ये स्वास्थ्य रहे तथा संगठन में अपना योगदान पूर्व की भांति देते रहे। उक्त मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप, सुबीर मुखर्जी, अरबिंद ठाकुर, प्रतोष कुमार राय, शरद कुमार, पंकज कुमार, उमेश कुमार, बहादुर मुंडा, संदीप उरांव, प्रशांत मिश्रा, प्रेमलता देवी, सुमिति कुमारी, लकी बाला देवी, बसंती देवी, अनिता देवी, सूती देवी आदि उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की तैयारी बैठक का आयोजन

संवाददाता



**बोकारो।** सहयोगिनी के कार्यालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में कार्यकताओं ने महिलाओं के सशक्तिकरण और लैंगिक समानता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दुहराया। इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि एकजुट होकर समाज में सकारात्मक बदलाव के मिशन की सफलता पर सभी को ध्यान देने की बात कही। बैठक में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया। जिसके तहत 8 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन कसमार ब्लॉक के सामुदायिक भवन में किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाल विवाह, बाल शोषण, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और लड़कियों की बेहतर शिक्षा की आवश्यकता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रति सभी को जागरूक करना है। बैठक के दौरान कल्याणी सागर ने पूरे जोश और संकल्प के साथ लैंगिक अन्याय से मुक्त समाज की अपनी दृष्टि साझा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लड़कियों और महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना बेहद जरूरी है। सहयोगिनी इस दिशा में सक्रिय रूप बोकारो जिले में कार्य कर रही है और महिलाओं को आजीविका के उपयुक्त अवसर देने के लिए सिलाई, कंप्यूटर साक्षरता, अंग्रेजी बोलने और ब्यूटीशियन कोर्स जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है। बैठक में पॉक्सो अधिनियम, लैंगिक असमानता और महिला सशक्तिकरण के व्यापक पहलुओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। सहयोगिनी महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता का समर्थन करने वाली नीतिगत सुधारों और जमीनी स्तर की पहलों की पुरजोर वकालत करता रहेगा। सूर्यमणि देवी ने कहा कि सुरक्षा और अवसरों के साथ सभी महिला जीवन व्यतीत कर सके इस पर कार्य किया जा रहा है। आगामी 8 मार्च का यह कार्यक्रम जागरूकता, संवाद और ठोस कदम उठाने के लिए एक सशक्त मंच साबित होगा। जिससे एक बेहतर और समान भविष्य की दिशा में प्रगति की जा सकेगी। इस बैठक के दौरान सहयोगिनी के सनी कुमार, अभय कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन तिथि बढ़ी

बोकारो। जिले के सभी प्रखंडों में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में बालिकाओं के नामांकन हेतु प्रक्रिया आरम्भ है। नामांकन हेतु पंजीकरन ऑनलाईन माध्यम से पोर्टल पर किया जा सकता है, अथवा सरकारी मध्य विद्यालय से निःशुल्क आवेदन प्राप्त कर संबंधित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में जमा किया जा सकता है। आवेदन हेतु अंतिम तिथि दिनांक 07 मार्च 2025 तक विस्तारित की गई है। जो, पहले दिनांक 28 फरवरी 2025 निर्धारित थी। नामांकन के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक मुस्लिम एवं गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले परिवार के बालिकाओं के लिए सीटें आरक्षित हैं। नामांकन में ड्रॉप आउट,अनाथ, एकल माता-पिता, सुदूरवर्ती क्षेत्र, आदिम जनजाति समूह, बाल श्रम से प्रभावित एवं नक्सल प्रभावित परिवार क्षेत्र के बालिकाओं की प्राथमिकता दी जाएगी। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कक्षा 12 तक निःशुल्क शिक्षण, आवासन (छात्रावास), भोजन एवं पोशाक की व्यवस्था है। विद्यालय में नामांकित सभी बालिकाओं को छात्रवृत्ति दी जाती है। विद्यालय में योग्य शिक्षिका, कम्प्यूटर शिक्षा, खेलकुद की सुविधा, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, व्यवसायिक शिक्षा, कैरियर कॉउन्सेलिंग जैसी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है।।उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने अभिभावकों से अपील की है कि जरूरतमंद बालिकाओं के नामांकन हेतु उपर्युक्त अंकित पोर्टल के माध्यम से अथवा आवेदन प्रपत्र के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराएं।

# विकसित भारत युवा संसद 2025 : राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी

संवाददाता

**बोकारो।** भारत सरकार के निदेर्शानुसार पूरे देश में विकसित भारत युवा संसद 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को समझने, विचार व्यक्त करने और नीति-निर्माण में योगदान देने का अवसर प्रदान करना है। यह पहल युवाओं को अपनी नेतृत्व क्षमता दिखाने और भारत के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का मंच प्रदान करेगी। इस आयोजन के तहत बोकारो जिले को बोकारो एवं धनबाद के युवाओं के लिए नोडल जिला घोषित किया गया है। के.बी. कॉलेज, बेरमो इस महत्वपूर्ण आयोजन की मेजबानी करेगा और इसे नेहरू युवा केंद्र, बोकारो युवा कार्यक्रम




एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए इच्छुक युवा ₹माई भारत₹ पोर्टल पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 9 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों की आयु 24 फरवरी 2025 को 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। पंजीकरण प्रक्रिया के तहत प्रत्येक प्रतिभागी को आपके अनुसार विकसित भारत का क्या अर्थ है? विषय पर एक मिनट का वीडियो अपलोड करना अनिवार्य होगा। यह वीडियो अपलोड करते समय कुछ आवश्यक दिशा निदेर्शों का पालन करना होगा, जैसे कि बैकग्राउंड सफेद होना चाहिए, आवाज स्पष्ट होनी चाहिए, और वीडियो फाइल का आकार 25 टइ से अधिक नहीं होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को वन नेशन, वन इलेक्शनः विकसित भारत की ओर एक कदम विषय पर तीन मिनट का भाषण देना होगा। इस कार्यक्रम में जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अधिकतम 150 प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता को तीन प्रमुख स्तरों में विभाजित किया गया है। पहले स्तर पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता होगी, जिसमें से सर्वश्रेष्ठ 10 प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। इसके बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रत्येक राज्य से केवल तीन प्रतिभागियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया जाएगा। अंतिम और सबसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को दिल्ली में संसद में आयोजित फाइनल राउंड में भाग लेने का अवसर मिलेगा।यह आयोजन उन युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो अपने विचारों को राष्ट्र स्तर पर प्रस्तुत करना चाहते हैं और देश के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाना चाहते हैं। यह प्रतियोगिता न केवल युवाओं को मंच प्रदान करेगी, बल्कि उनके विचारों और दृष्टिकोण को नीति-निर्माण प्रक्रिया का हिस्सा बनने का भी अवसर देगी। इसके माध्यम से युवा अपने नेतृत्व, संचार कौशल और रचनात्मक सोच को निखार सकते हैं, जिससे वे राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने में सहायक बन सकें। जो युवा इस कार्यक्रम में भाग लेना चाहते हैं, वे नेहरू युवा केंद्र, बोकारो कार्यालय अथवा के.बी. कॉलेज, बेरमो से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह प्रतियोगिता न केवल युवा शक्ति को जागरूक और सशक्त करने का माध्यम बनेगी, बल्कि भारत के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# अपने माता-पिता में देख सकते हैं भगवान का स्वरुप : लोकेशानन्द

संवाददाता



**फुसरो/ बोकारो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत करगली गेट में मानस सत्संग समिति बेरमो के द्वारा 67 वां नवाहन श्री श्री राम चरित्र मानस पाठ एवं महायज्ञ के पांचवे दिन सोमवार को काफी संख्या मे श्रद्धालु आये। इसमें करगली गेट, रिवर्स साइड कॉलोनी, रीजनल कॉलोनी, अम्बेडकर कॉलोनी, पुराना वीडियो ऑफिस, फुसरो, ढ़ोरी स्टाफ क्वार्टर, ढ़ोरी बस्ती, करगली बाजार, सुभाष नगर, जवाहर नगर, अमलो बस्ती, कारो, बेरमो सिम, तिरहुत नगर आदि स्थानों से श्रद्धालु परिक्रमा करने पहुंचे। श्रद्धालुओं ने यज्ञ परिसर पहुंच कर परिक्रमा तथा पूजा अर्चना की। उज्जैन से पधारे श्री श्री लोकेशानन्द शास्त्री जी के द्वारा संगीतमय मानस प्रवचन किया गया। श्री शास्त्री ने ने कहा कि भगवान का स्वभाव निश्चल होता है। भगवान का स्वरुप आप अपने माता पिता में देख सकते हैं। माता पिता की आज्ञा का पालन करना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर के द्वारा झारखंड विस में अबुआ बजट 2025-26 पेश किया गया



**कोडरमा।** राज्य के संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर के द्वारा साल का पहला पूर्ण अबुआ बजट 2025-26 विधानसभा में 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ पेश किया गया। जिसमें सरकार ने बहन बेटियों के सम्मान हेतु मईया सम्मान योजना के लिए 13 हजार 365 करोड़ 35 लाख, प्रदेश में नए आंगनबाड़ी के लिए 250 करोड़ 17 लाख, कौशल विकास के लिए 525 करोड़ 99 लाख, सर्वजन पेंशन के लिए 3 हजार 850 करोड़ 66 लाख इत्यादि आवंटित किया है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान ने बताया कि सरकार ने सभी वर्गों का का ख्याल रखते हुए इस वर्ष का पहले अबुआ बजट 2025- 26 का बजट संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने पेश किया। झारखंड में पर्यटन की असीम संभावनाओं को देखते हुए पर मंडलीय स्तर पर पर्यटन सर्किट बनाने की घोषणा की। इससे राज्य में रोजगार के अवसर और राजस्व दोनों में इजाफा होगा। अनुसूचित जनजाति के लिए परामर्शदात्री समिति की स्थापना की जाएगी। सरकार ने युवाओं के लिए राज्य में मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय एवं बिजनेस स्कूल खोलने का ऐलान किया है। वही कारोबारी एवं उद्यमी के लिए एम.एस.एम.ई. डायरेक्टरेट एम.एस.एम.ई सेल का बजट में ऐलान किया है। इसके साथ ही बोकारो, गिरिडीह, कांद्रा, सिंदरी आदित्यपुर, जसीडीह, देवीपुर क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत संरचना का विकास किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने इस बार के बजट के लिए राज्य के युवा लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं राज्य के संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर को कोडरमा जिला कांग्रेस कमिटी और से बधाई और शुभकामनाएं दी।

### सिर्फ घोषणाएं, अबुआ नहीं पिछुआ बजट है : डॉ. नीरा यादव



**कोडरमा।** राज्य की हेमंत सोरेन सरकार द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट में सिर्फ घोषणाएं की गयी हैं और अपनी नाकामी छुपाने के लिए केंद्र सरकार पर दोष मढ़ने का काम किया गया है। कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने राज्य के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह सरकार सिर्फ घोषणा करना जानती है। मईय्या योजना का क्या हाल हो रहा है, पूरा प्रदेश देख रहा है। पूरे राज्य में लूट और अफसरशाही हावी है। उन्होंने पिछले बजट का उल्लेख करते हुए कहा कि उसमें कहा गया था कि जनजातीय गावों में अखड़ा का निर्माण किया जाएगा तथा पारंपरिक वाद्य यंत्रों की आपूर्ति की जाएगी। राज्य में 19 डिग्री कॉलेज खोले जाने, चार महिला कॉलेज बीआइटी सिंदरी में स्टेट टेकनोलाजी पार्क की स्थापना की घोषणा की गयी थी। हर जगह फ्लाई ओवर बनाये जाने का आश्वासन मिला था। ऋण माफी को 50 हजार से बढ़ाकर दो लाख करने तथा एनपीए खाता धारक किसानों को भी इस योजना के तहत शामिल किए जाने का एलान किया गया था, पर हुआ क्या? इस बार भी ना तो बजट में रोजी रोजगार की चिंता है और ना ही युवाओं का पलायन कैसे रुके, बुनियादी सुविधाओं का विकास कैसे हो, ना इसपर कोई प्रावधान है। स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए भी कुछ उपाय नहीं किए गए हैं। राज्य के ग्रामीण सड़कों की हालत खराब है, हर जगह पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था नहीं हो पायी है, पर इनुपर भी बजट में विशेष प्रावधान नहीं किया गया है। कुल मिलाकर जिस बजट को अबुआ बजट कहा गया है वह राज्य को और पीछे ले जाने वाला बजट है, यह अबुआ नहीं पिछुआ बजट है।

### बोकारो में शुरू हुआ अतिक्रमण हटाओ अभियान, 13 आवासों को कराया खाली



**बोकारो।** सम्पदा न्यायालय, बोकारो द्वारा पारित आदेश के तहत सोमवार से बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन द्वारा अतिक्रमण पर आक्रमण अभियान प्रारंभ कर दिया गया। इस दौरान पहले दिन बीएसएल के 13 आवासों को अवैध कब्जे से खाली कराया गया। इस कार्रवाई में मजिस्ट्रेट धनंजय कुमार गिरि के साथ पुलिस बल और बीएसएल सुरक्षा विभाग की टीम की उपस्थिति रही। इस अभियान के दौरान सेक्टर-9 में कुल 13 आवास खाली कराए गए, जिनमें 09ए/ई/0585, 09ए/ई/0590, 09ए/ई/0748, 09ए/ई/1132, 09ए/ई/1270, 09ए/ई/1275, 09ए/ई/1277, 09ए/ई/1327, 09ए/ई/1484, 09ए/ई/1488, 09ए/डी/0189, 09ए/डी/0250 तथा 09ए/डी/0415 शामिल हैं।

### भारतीय साहित्य परिषद की श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**बोकारो।** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 12 में अखिल भारतीय साहित्य परिषद की ओर से एस के बरियार की दिवंगत पत्नी मंजू सिन्हा की आत्मा की शान्ति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लव कुमार ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दिवंगत मंजू सिन्हा सामाजिक कार्यों से लगातार जुड़ी रहती थीं। कस्तूरी सिन्हा ने कहा कि मंजू सिन्हा एक सरल एवं सहृदय महिला थीं और वे सबके प्रति समभाव रखती थीं। गीता कुमारी गुस्ताख ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच को शक्ति देने में मंजू सिन्हा का एक अहम योगदान था। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के महासचिव ब्रह्मानंद गोस्वामी ने कहा कि उनका प्रत्येक कार्य राष्ट्रीय विचार धारा से जुड़ा रहता था। उनके कार्य को देखकर एक उत्साह प्राप्त होता था। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए डॉ नरेंद्र कुमार राय ने कहा कि वे जब तक जीवित रहीं, तब तक अखिल भारतीय साहित्य परिषद को स्वदेशी जागरण मंच की ओर से आयोजित मेला में प्रत्येक वर्ष मंच प्रदान करने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देती रहती थीं, जहां परिषद के सभी कवि- कवयित्री एकत्र होकर अपनी कविता का पाठ करते थे। डीएन सिंह, कृपानंद सिन्हा, रीता राय, सुमन कुमारी तथा पुष्पा सिंह ने भी अपने- अपने विचार व्यक्त किये।

### प्रखंड विकास पदाधिकारी पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग

# माले ने दी आंदोलन की चेतावनी



संवाददाता

**जयनगर।** जयनगर प्रखंड के बेको पंचायत के बेको गांव निवासी मसोमात टुसिया की मृत्यु 2 मार्च को शाम लगभग 5 बजे हो गई। उनकी उम्र लगभग 62 वर्ष थी। उनकी मौत को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार पर गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि उन्होंने मृतका के बैंक खाते से निकासी पर रोक लगा दी थी, जिससे वह बेहद परेशान थीं। सरकार द्वारा उन्हें अबुआ आवास योजना के तहत आवास मिला था, जिसका दीवार निर्माण कार्य पूरा हो चुका था। इसके अलावा, वह वृद्धावस्था पेंशन भी प्राप्त कर रही थीं। उनका पेंशन बैंक ऑफ इंडिया की पिपचो शाखा में आता था, लेकिन प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा उनके खाते से निकासी पर रोक लगा दी गई थी।

इस वजह से वे आर्थिक तंगी से जूझ रही थीं और इसी सदमे के कारण उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व मुखिया भीम कुमार यादव, भाकपा (माले) के प्रखंड सचिव अशोक यादव, जिला कमिटी सदस्य असगर अंसारी, मरकच्चो प्रखंड सचिव बहादुर यादव, रामनारायण यादव, महेंद्र यादव, सुरेंद्र यादव, भुनेश्वर यादव सहित कई अन्य नेता मृतका के घर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। माले नेताओं ने इस घटना को प्रशासनिक लापरवाही और गरीबों के हक पर डाका डालने की साजिश करार दिया है। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। मृतका के परिवार का कहना है कि सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने के बावजूद, प्रशासनिक अड़चनों की वजह से उनकी मां को इतनी परेशानियों का सामना करना पड़ा कि अंततः उनकी जान चली गई। इस घटना से ग्रामीणों में भी काफी रोष है, और वे भी दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ का होली मिलन 9 को



संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ की एक बैठक सोमवार को टू-टैंक गार्डेन, सेक्टर 3 में नवीन सिंह की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सर्वसम्मति से सभी सदस्यों ने बोकारो इस्पात प्रबंधन को दिये गये मांग पत्र के आलोक में प्रबंधन के उदासीन रवैये पर दुख व्यक्त किया एवं आक्रोश रैली निकालने पर सहमति बनी। साथ ही, अगामी 9 मार्च को संघ की ओर से होली मिलन समारोह मनाने की सहमति बनी। यह कार्यक्रम संघ के कार्यालय-1155 /12 एफ में मनाया जाएगा। बैठक में उपस्थित सदस्यों में महामंत्री सुमन सिंह, संयुक्त मंत्री आशा देवी, पदाधिकारी निवारण प्रसाद महतो, कार्यालय सचिव गंगेश कुमार पाठक, श्रवण कुमार झा, देवेंद्र कुमार, पुष्पा मिश्रा, इंदू तिवारी, मीनाक्षी सिंह, हरेन्द्र कुमार, निरंजन सिंह, गुलाम जिलानी, सुमित सिंह, कविता देवी, मंजु कुमारी, बी के पासवान, ओम प्रकाश सिंह, जगदीश प्रशाद सिंह, वीणा देवी, महेश कुमार, दिलीप कुमार गुप्ता, भोला प्रशाद आदि उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ली युवक की जान आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रघुनियाडीह में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार बालू लदे ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान मोहम्मद अबुतालहा (उम्र 24 वर्ष), पिता मोहम्मद ताहिर हुसैन, निवासी रघुनियाडीह के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बालू से भरा ट्रैक्टर तेज गति से बगडो गांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान उसने मोटरसाइकिल सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर की ट्रॉली पलट गई और युवक बालू के नीचे दब गया। समय रहते उसे अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना मिलते ही जयनगर के अंचल अधिकारी सारांश जैन और थाना प्रभारी बबलू कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया, जिसके बाद सड़क जाम हटाया जा सका। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में तेज रफ्तार और ओवरलोड वाहनों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है, जिससे सड़क हादसों में वृद्धि हो रही है। प्रशासन से बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इस घटना के बाद लोग बेहद गुस्से में हैं और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## एसबीआई बोकारो थर्मल ने चार बीमा धारकों के आश्रितों को किया राशि का भुगतान



संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो थर्मल स्थित एसबीआई की शाखा द्वारा शाखा के ही चार खाताधारकों के आश्रितों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की राशि का भुगतान शाखा में ही कार्यक्रम आयोजित कर सोमवार को किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य चीफ मैनेजर सुभाष प्रसाद ने ग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना सभी खाताधारकों को 436 रुपये का भुगतान कर 50 वर्ष तक की आयु के प्रत्येक खाताधारक को प्रत्येक वर्ष के लिए लेना चाहिए। बीमा योजना के तहत किसी भी तरह से मृत्यु की स्थिति में तत्काल पूरी कागजी कार्रवाई पूरी कर दो लाख रुपए की राशि का भुगतान आश्रित को किया जाता है। इसी प्रकार दो हजार रुपया का भुगतान कर 40 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा का लाभ भी लिया जा सकता है। साथ ही बीस रुपये का भुगतान कर दो लाख रुपए का सुरक्षा बीमा का लाभ लिया जा सकता है। एसबीआई रीजनल ऑफिस बोकारो के चीफ मैनेजर दीपेश गोस्वामी ने कहा कि स्थानीय शाखा के चार खाताधारकों गोनियाटो निवासी स्व शंकर महतो, गोविंदपुर निवासी स्व बिरेंद्र साहू, सीसीएल गोविंदपुर कॉलोनी निवासी सुकेश कुमार महतो की मृत्यु होने पर तीनों की पत्नी क्रमशः मंजू देवी, मनीषा सुमन, प्रीति कुमारी तथा कंजकिरो निवासी तूकामणी पांडेय की पत्नी रेखा देवी की मौत पर उपरोक्त सभी के आश्रितों को चीफ मैनेजर सहित अन्य अतिथियों के द्वारा दो-दो लाख रुपए के चेक का भुगतान किया गया।

## मिथिला महिला समिति का होली मिलन समारोह आयोजित



संवाददाता

**बोकारो।** प्रतिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद, बोकारो की इकाई मिथिला महिला समिति का होली मिलन समारोह सोमवार को सेक्टर 4 स्थित मिलन मंडप में आयोजित हुआ। इस मौके पर समिति की सदस्याओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। होली गीतों का गायन भी हुआ। सभी ने होली गीत पर नृत्य भी प्रस्तुत किए। मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा व सचिव आभा झा ने समिति की निवर्तमान अध्यक्षा सीमा झा को सम्मानित किया। अध्यक्ष पूनम मिश्रा ने कहा कि होली समाज में प्रेम व सदभावना को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। सदस्याओं ने भगवती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद होली गीतों- मिथिला में राम खेलथि होरी, मिथिला में.., बिरज में होली खेलत नंदलाल.., गौरी के दुल्हा होली खेलै छै मसाने में.., शिव मठ पर शोभे लाल ध्वजा... आदि की सुंदर प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। कार्यक्रम का संचालन कमला झा ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष पूनम मिश्रा, सचिव आभा झा सहित किरण मिश्रा, शीला मिश्रा, अमिता झा, लीला झा, रुबी ठाकुर, सीमा झा, बीणा झा, मीरा मिश्रा, जयंती पाठक, प्रीति प्रिया, कंचन झा, किरण झा, पूनम झा, आशा पाठक, पद्मा चौधरी, रंजना भगत, प्रेरणा ओझा, बिनीता राय, प्रेरणा अनुपम, मीरा राय, ऋतु मिश्रा, सविता मिश्रा, अलका झा, रीता झा, नंदा झा आदि उपस्थित रहीं।

## बजट से किसी की बांछे खिली तो कही मातम पसरा

### धनबाद के प्रति राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन के द्वारा सौतेला व्यवहार से लोगों में हताशा एवं निराशा है



संवाददाता

**सिंदरी।** झारखण्ड के पटल पर ही नहीं बल्कि एशिया के मानचित्र में धनबाद एक औद्योगिक नगरी है, जहां देश की नवरत्न कंपनी में सेल, बीसीसीएल, टीस्को, हर्ल, एससीसी आदि है। 19 प्रतिशत कोकिंग कोल के उत्पादन के साथ धनबाद भारतवर्ष की कोयले की जरुरत पूरी करता है।

ऐसे में धनबाद के प्रति राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन के द्वारा सौतेला व्यवहार से लोगों में हताशा एवं निराशा है। सिंदरी चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एवं धनबाद चेम्बर ऑफ कॉमर्स के जिला उपाध्यक्ष दीपक कुमार दीपू ने कहा कि झारखंड सरकार के बजट में धनबाद को कुछ भी नहीं मिला। इतना राजस्व देने वाला शहर की पूरी तरह उपेक्षा की गई है। पूरा बजट कोई खास नहीं है। धनबाद में गिरते हुए लॉयन ऑर्डर, हेल्थ, ट्रैफिक से निजात हेतु फ्लाईओवर, पॉल्यूशन रोकथाम के लिया सशक्त कदम सम्बंधित कोई फंड का आवंटन नहीं है। कुल मिलाकर नीरस बजट है। भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व पार्षद दिनेश सिंह ने बजट को अव्यवाहारिक बताया। श्री सिंह ने धनबाद के लिए एयरपोर्ट, सिंदरी के लिए अस्पताल को लेकर आश्वास्थ थे, ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। इतना ही नहीं बल्कि रोजगार को बढ़ावा देने के लिए भी कोई बजट धनबाद जिले को नहीं प्राप्त होना निराशाजनक है। भाजपा जिला मंत्री प्रकाश बाउरी धनबाद ग्रामीण ने कहा कि धनबाद जिला झारखंड सरकार को सबसे ज्यादा रॉयल्टी देती है। 2025 के बजट में धनबाद जिले में फिर से कुछ भी नहीं मिला ना एयरपोर्ट नहीं निरसा,गोविंदपुर, एवं गया पुल, मैं फ्लावर धनबाद वासियो के लिए यह बजट नीरासा जनक है।

## चंदनकियारी के खिलाड़ी अब देश-विदेश में बिखेरेंगे जलवा : रजक



संवाददाता

**बोकारो।** चास प्रखंड स्थित पारटांड़ में आदिवासी क्लब की ओर से नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक और विशिष्ठ अतिथि के रूप में युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह- युवा लायंस फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष देव शर्मा मौजूद थे। इसमें फाइनल मैच साहिल क्लब और ब्रदर्स बॉयज बालीडीह के बीच हुआ। मैच में कांटे का मुकाबला हुआ और अंत में साहिल क्लब ने एक-शून्य से जीत दर्ज किया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक उमाकांत ने प्रथम पुरस्कार के रूप में पुरस्कृत 30,000/- व द्वितीय पुरस्कार उपविजेता टीम को 20 हजार प्रदान किया। साथ ही, उन्होंने सभी खिलाड़ियों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाते हुए उन्हें भविष्य में राज्य और देश स्तर तक पहुंचने की अग्रिम बधाई दी। अपने स्तर पर उन्हें हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। विधायक ने कहा, अब वो दिन दूर नहीं, जब चंदनकियारी के खिलाड़ी भी धोनी और सचिन की तरह झारखंड का नाम रौशन करेंगे। इसके लिए वृहत कार्ययोजना पर काम किया जाएगा। झारखंड सरकार झारखंडियों के मान सम्मान के लिए हमेशा खड़ा है। वहीं, कांग्रेस नेता देव शर्मा ने कहा कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। बस उन्हे तराशने की जरूरत हैं। ग्रामीण छेत्र के युवाओं के लिए हमारा सामाजिक संगठन युवा लायंस फोर्स भी व्यापक स्तर पर काम कर रही है। आगें भी खेल को बढ़ावा देने के लिए काम किया जाएगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य सुषेण रजवार, मुधुनिया मुखिया प्रदीप कुमार, सुशील सोरेन, अशीन शर्मा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## शिक्षा और युवाओं के विकास की दिशा में बजट महत्वपूर्ण : डॉ. गंगवार



संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की ओर से सोमवार को झारखंड विधानसभा में पेश किए गए बजट पर बोकारो के शिक्षाविदों ने संतोष व्यक्त किया है। डीपीएस बोकारो के प्राचार्य एवं डॉ. राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स, बोकारो के अध्यक्ष डॉ. ए. एस. गंगवार ने राज्य में शिक्षा तथा युवाओं व छात्र-छात्राओं के लिए इस बजट को काफी महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से बजट में बालिकाओं की उच्च शिक्षा पर सरकार का जोर है, कक्षा 8 से 12वीं तक की छात्राओं को आर्थिक मदद दी जा रही है और इसके लिए 310 करोड़ रुपये अलग से प्रावधान किया गया है, यह बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिए जाने की दिशा में काफी अहम व सराहनीय है। इसके अलावा, प्राथमिक स्कूलों के विकास पर जोर, वर्ष 2025 तक भवनहीन आंगनबाड़ी केंद्रों में से 2500 केंद्र भवन का निर्माण, विद्यार्थियों में विज्ञान विषय को लेकर रुचि बढे, इसके लिए आगामी वर्षों में स्कूलों में 1050 समेकित गणित एवं विज्ञान लैब के अधिष्ठापन की योजना भी प्रदेश के शैक्षणिक विकास की दिशा में काफी लाभप्रद होगी। वहीं, उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में पीपीपी मोड पर खूंटी, गिरिडीह, जमशेदपुर, धनबाद, देवघर और जामताड़ा जिले में मेडिकल कॉलेज के निर्माण की घोषणा अत्यंत आवश्यक और महत्वपूर्ण है। बोकारो में मेडिकल कॉलेज का निर्माण-कार्य चल ही रहा है। राज्य में जब इतने सारे मेडिकल कॉलेज खुल जाएंगे, तो जाहिर है कि मेडिकल की पढ़ाई के लिए प्रदेश से विद्यार्थियों के पलायन में भी काफी कमी आएगी। हमारे झारखंड के विद्यार्थी अपने राज्य में ही पढ़ाई कर डॉक्टर बनने का सपना पूरा कर सकेंगे। युवाओं के विकास की बात करें तो राज्य में 59 नए डे-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र खोलना, वर्ष 2025-26 में राज्य के वैसे प्रखंड जिसमें स्टेडियम नहीं है, उन प्रखंडों में मॉडल प्राक्कलन पर स्टेडियम का निर्माण, राज्य के सभी गांवों में एक सिद्धो-कान्हू युवा क्लब की स्थापना तथा झारखंड उत्कृष्ट खिलाड़ी सीधी नियुक्ति (भर्ती एवं सेवा शर्त नियमावली 2025) की योजना आदि निश्चय ही खेल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे।

## मधुमक्खियों के हमले में कई स्कूली विद्यार्थी व लोग घायल

संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो थर्मल स्थित गुरुद्वारा परिसर एरिया, झारखंड चौक एवं स्थानीय थाना चौराहे पर सोमवार की सुबह साढ़े सात बजे अचानक से सैकड़ों की संख्या में मधुमक्खियों के झुंड ने सुबह-सुबह स्कूल जा रहे विभिन्न स्कूलों के बच्चों सहित कार्य, ड्यूटी एवं बाजार आने-जाने वाले लोगों एवं कर्मियों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि स्थानीय गुरुद्वारा के बगल में डीवीसी के नर्सरी स्थित विशाल पीपल के पेड़ की तने पर मधुमक्खियों के झुंड ने दो छत्ते लगा रखे हैं। सोमवार की सुबह साढ़े सात बजे किसी पक्षी द्वारा छत्ते के साथ की गई छेड़-छाड़ के बाद मधुमक्खियों के झुंड ने पिट्स मार्डन स्कूल गोमिया, डीएवी कथारा एवं स्वांग, कार्मेल, संत पॉल मार्डन स्कूल, डीवीसी जमा दो विद्यालय आदि के बच्चों सहित ड्यूटी एवं काम पर जाने वाले लोगों एवं कामगारों पर धावा बोल दिया, जिसके कारण झारखंड चौक, थाना चौराहा, गुरुद्वारा एरिया आदि में भगदड़ मच गई।

# संक्षिप्त खबरें

## रामकनाली कोलियरी के पूर्व पंप ऑपरेटर भगवान दीन यादव को सम्मानपूर्वक दी गई विदाई



**कतरास।** रामकनाली कोलियरी के पूर्व पंप ऑपरेटर भगवान दीन यादव के सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन रामकनाली 4 सीम में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी कर्मियों ने उन्हें माला पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उपहार देकर भावभीनी विदाई दी। सभी सहयोगियों ने उनके साथ कार्य करने के अनुभव को याद करते हुए कहा कि उनका समर्पण एवं कार्यशैली हमेशा प्रेरणादायक रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक एवं मुख्य अतिथि नागदेव यादव ने की, जबकि संचालन की जिम्मेदारी राजेश मंडल ने निभाई। इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद राजा, सरोज उपाध्याय, विवेक कुमार, प्रसिद्ध उपाध्याय, सुरेश नोनिया, साधन दुबे, सुनील कुमार तिवारी, राजा रोशन, ललन प्रसाद यादव, राजेश कुमार सिंह, मनोज मिश्रा, श्रीनाथ यादव, हरेन्द्र राम, तपन कुमार साहू, भागीरथ दास, पूरन महतो, असीत मोदक, गंगिया देवी, प्रतिमा देवी सहित सैकड़ों मजदूर उपस्थित थे।

## धनबाद में टमाटर की बंपर पैदावार के बावजूद किसान निराश, खेतों में सड़ रहे टमाटर

**धनबाद।** जिले के पूर्वी टुंडी प्रखंड के दुम्मा गांव में इस बार टमाटर की बंपर पैदावार हुई है, लेकिन किसानों की खुशी निराशा में बदल गई है। बाजार में टमाटर के दाम इतने गिर चुके हैं कि किसान अपनी उपज को खेतों में ही छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। स्थानीय मंडी में टमाटर का थोक भाव महज दो रुपये प्रति किलो रह गया है, जबकि टमाटर की खेती पर किसानों का खर्च कई गुना अधिक है। लागत निकाल पाना भी किसानों के लिए मुश्किल हो गया है। कोल्ड स्टोरेज की सुविधा नहीं होने के कारण टमाटर को सुरक्षित रखने का कोई विकल्प नहीं है, जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। किसानों ने बताया कि यहां के लोग पूरी तरह से कृषि पर निर्भर हैं। बारहों महीने सब्जी की खेती होती है, लेकिन इस बार टमाटर के भाव में भारी गिरावट आई है। व्यापारी इसे दो रुपये प्रति किलो में खरीद रहे हैं, जिससे किसानों की लागत तक नहीं निकल रही। किसान अपनी फसल को खेत में ही छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। टमाटर की खेती करने वाली सबिता देवी ने बताया कि उन्होंने टमाटर की खेती में करीब दो लाख रुपये खर्च किए थे, लेकिन अब टमाटर को बेचने पर लागत भी नहीं निकल रही। उन्होंने सरकार से अपील की कि क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज की सुविधा दी जाए और किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने की व्यवस्था की जाए।

## जोगता थाना के नए प्रभारी पवन कुमार ने संभाला पदभार अपराधियों पर सख्ती का ऐलान

**धनबाद।** धनबाद के जोगता थाना में पवन कुमार ने नए थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार संभालते ही उन्होंने साफ कर दिया कि क्षेत्र में अपराधियों को किसी भी कीमत पर पनपने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने पदभार ग्रहण करने के बाद क्षेत्र का दौरा किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी और किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधियों को सख्ती से रोका जाएगा। उन्होंने जनता से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पुलिस हमेशा उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर रहेगी।

## टुंडी में जंगली हाथियों का तांडव, खेतों में खड़ी फसल तबाह, ग्रामीणों में दहशत



**धनबाद।** धनबाद के टुंडी क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। बीती रात हाथियों के एक झुंड ने चचांची बांध गांव के खेतों में घुसकर गेहूं की फसल को तहस-नहस कर दिया। हाथियों ने करीब एक दर्जन खेतों में लगी फसल खा ली और बाकी को पैरों तले रौंद दिया। टुंडी दुबराजपुर स्थित शिबू सोरेन डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल गोरांग भारद्वाज ने बताया कि हाथियों ने कॉलेज की 400 फीट लंबी चारदीवारी भी तोड़ दी। हाथियों के इस तांडव से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वन विभाग को सूचना देने के बाद भी मशालचियों की टीम काफी देर से पहुंची, जिससे ग्रामीणों का गुस्सा और बढ़ गया। टुंडी विधानसभा क्षेत्र के झामुमो नेता रतिलाल टुडू ने डीएफओ से हाथियों को जल्द से जल्द भगाने की मांग की है।

## अनिल कुमार शर्मा बने निरसा थाना प्रभारी, कहा - अपराध पर लगेगा अंकुश

**धनबाद।** धनबाद के निरसा थाना में अनिल कुमार शर्मा ने नए थाना प्रभारी के रूप में पदभार संभाल लिया है। 1994 बैच के अनुभवी अधिकारी अनिल कुमार शर्मा पहले कतरास सर्किल में तैनात थे। उन्होंने कहा कि अपराध पर कड़ी कार्रवाई होगी और जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास बहाल करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। निरसा की जनता को उनसे काफी उम्मीदें हैं, खासकर चोरी, केबल लूट और आर्थिक अपराधों को रोकने को लेकर। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अपराध पर सख्ती से नकेल कसी जाएगी और कानून व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा।

# उपायुक्त ने किया मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन

संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने हीरापुर के भिस्तीपाड़ा स्थिति एच.ई. स्कूल प्रांगण में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। यह केन्द्र सौर ऊर्जा से संचालित है। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के बीच टॉफी और चाकलेट का वितरण किया। साथ ही उनके साथ वातार्लाप किया। उपायुक्त ने बताया कि पुराने आंगनबाड़ी केंद्र को निप्पॉन लाइफ इंडिया ऐसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के सीएसआर मद से मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनाया है। यहां बच्चों के लिए खेलने, पढ़ने और पौष्टिक आहार की बेहतरीन संरचना तैयार की गई है।




उन्होंने कहा कि बच्चों के अभिभावक भी बहुत उत्साहित है। मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बन जाने से बच्चों की उपस्थिति भी बढ़ी है। नए एडमिशन के लिए लगातार इन्क्वायरी आ रही है। जो प्रशासन के लिए सुखद और सकारात्मक अनुभव है। उन्होंने कहा कि जिले के अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों को इसी तर्ज पर मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनाने के लिए जिला समाज कल्याण विभाग को लिस्ट तैयार करने का निर्देश दिया है। इसके बाद उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्र के किचन का निरीक्षण किया। साथ ही प्रांगण में पौधारोपण किया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, निप्पॉन लाइफ इंडिया ऐसेट मैनेजमेंट लिमिटेड की अर्पिता चटर्जी, सुमित कुमार, सेविका श्वेता देवी, सहायिका लाईची देवी, पोषण सखी गुडिया पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# रैयत विस्थापितों के साथ हक व अधिकार दिलवाऊंगा :ढुल्लू महतो



संवाददाता

**सिंदरी।** रोहराबाधं रैयत विस्थापित मोर्चा ने अपनी मांग को लेकर धनबाद सांसद ढुल्लु महतो के आवास पर मिलकर अपना मांग पत्र दिया। जिसमें 2024 विस्थापन नीति के तहत 2.75 डिसमिल में मकान, 18 वर्ष एवं उससे ऊपर प्रत्येक वाडी तथा बेरोजगार युवाओं को केटीएमपीएल प्रोजेक्ट में रोजगार सुनिश्चित करने तथा विस्थापित रैयत को जहां पुनर्वास किया जा रहा है ,वहां स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र यातायात की सुविधा, पेयजल की सुविधा, एम्बुलेंस निशुल्क, बच्चों को खेलकूद की सुविधा, निशुल्क बिजली, पार्क एवं स्कूल के बच्चों को आने-जाने की निशुल्क व्यवस्था करने संबंधी मांग शामिल है। सांसद ने आश्वासन दिया कि हम रैयत विस्थापितों के साथ हक और अधिकार जरूर दिलवाऊंगा। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री मनोज मिश्रा, जिला मंत्री प्रकाश बाउरी, उत्तम मंडल, राजू मंडल, विमल मंडल ,आस्तिक मंडल गोविंद मंडल देवनाथ मंडल, विजय मंडल, विनोद मंडल, व्यसनाथ मंडल, अजय मंडल कीर्तन मंडल, तापस मंडल, राधानाथ मंडल, मनोज मंडल गौर मंडल आलोक मंडल राजेंद्र मंडल मुकेश मंडल पिंटू मंडल, निमाई मंडल, आदि शामिल रहे।

# रोजगार की मांग को लेकर युवा कांग्रेस ने किया एक दिवसीय धरना - प्रदर्शन

## स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की उठाई मांग

संवाददाता

**कतरास।** कतरास के न्यू मधुबन कोल वाशरी में रोजगार की मांग को लेकर आज युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन न्यू मधुबन कोल वाशरी के मुख्य द्वार पर किया गया, जहां युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अजय महतो के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग एकत्रित हुए। इस मामले को लेकर युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अजय महतो ने 28 फरवरी को न्यू मधुबन कोल वाशरी के परियोजना पदाधिकारी, चेन्नई राधा कंपनी के साइट इंचार्ज और एचईसी कंपनी के साइट इंचार्ज को एक आवेदन दिया था, जिसमें स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की मांग की गई थी। लेकिन कंपनी प्रबंधन द्वारा इस मांग पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे नाराज होकर आज यह धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अजय महतो ने कहा कि स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार और कंपनियों की जिम्मेदारी है। पहले हुई वार्ता में कंपनी प्रबंधन ने स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन अब तक इस पर कोई अमल नहीं किया गया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कंपनी ने अपने वादे को नहीं निभाया और बेरोजगार युवाओं को रोजगार नहीं दिया, तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी कंपनी प्रबंधन की होगी। इस धरना प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इनमें विशाल महतो, विकास महतो, राजेश राम, दयाल महतो, सुदेश दास, उपेंद्र दास, मनोज साहू, विनोद रवानी, निर्मल महतो, वासुदेव रवानी, राजन रवानी, टी. पी. पांडे, रणधीर सिंह, मुकेश महतो सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में रोजगार की मांग को लेकर नारे लगाए और स्थानीय युवाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।



# विधानसभा में विधायक राज सिन्हा ने पुलिस व्यवस्था पर उठाए गंभीर सवाल

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने आज झारखंड विधानसभा में पुलिस व्यवस्था को प्रभावी बनाने और बढ़ते अपराधों पर नकेल कसने के लिए सरकार से सख्त कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य में पुलिसिंग व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है और अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। विधानसभा में सवाल उठाते हुए विधायक राज सिन्हा ने कहा कि झारखंड में पुलिस बल की भारी कमी है। धनबाद जिले की आबादी 30 लाख के पार पहुंच चुकी है, लेकिन यहां पुलिस थानों और ओपी की संख्या अब भी 90 के दशक जैसी ही है। उन्होंने बताया कि जिले के कई ओपी किराए के मकानों में संचालित हो रहे हैं, जहां बुनियादी सुविधाओं की भी कमी है। विधायक श्री सिन्हा ने सरकार के जवाब को भ्रामक करार देते हुए कहा कि नेशनल पुलिस कमिशन के मानकों के अनुरूप न तो नए थाने बनाए गए हैं और न ही ओपी की संख्या बढ़ाई गई है। वहीं, अपराधों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड में 80 प्रतिशत मामलों में अपराधी अदालत से बरी हो जाते हैं, जिससे अपराधियों का हौसला बढ़ता जा रहा है। धनबाद में हाल के दिनों में व्यापारियों, डॉक्टरों और अन्य व्यवसायियों से रंगदारी वसूली, धमकी और आपराधिक घटनाओं में तेजी से इजाफा हुआ है। विधायक राज सिन्हा ने इस पर चिंता जताते हुए सरकार से पुलिसिंग को मजबूत करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब तक राज्य में पुलिस बल की संख्या नहीं बढ़ाई जाएगी और उन्हें आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जाएंगी, तब तक अपराधों पर काबू पाना मुश्किल होगा। विधायक ने विधानसभा में मांग की कि धनबाद जिले में पुलिस कर्मियों के रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरा जाए और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि आर्थिक अपराधों पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि राज्य में कानून-व्यवस्था बेहतर हो सके और आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें।



# भू-माफियाओं ने हड़पी मुआवजा राशि, पीड़ित परिवार ने उपायुक्त से की शिकायत

संवाददाता

**कतरास।** कतरास में भू-माफियाओं द्वारा करोड़ों की जमीन हड़पने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि जाली दस्तावेजों और झूठे गवाहों के सहारे जमीन अधिग्रहण की मुआवजा राशि फर्जी तरीके से हड़प ली गई।इस संबंध में कतरास निवासी (वर्तमान में चास) मो० निजामुद्दीन ने धनबाद उपायुक्त से शिकायत कर उचित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि उनके पूर्वज स्व. मो. जमालुद्दीन के नाम पर कतरास कॉलेज के समीप स्थित जमीन थी, जिसका अधिग्रहण वर्ष 2014-15 में एनएच 32 के विस्तारीकरण के दौरान एनएचएआई द्वारा किया गया था। हालांकि, इस अधिग्रहण का मुआवजा उनके परिवार को अब तक नहीं मिला है। जबकि हाल ही में उपायुक्त कार्यालय, धनबाद के भू-अर्जन शाखा से जारी पत्र ज्ञापांक- 278, दिनांक 5 फरवरी 2025।से पता चला कि मुआवजा राशि किसी मो० मिराज शेख और मो० सिराज शेख पिता स्व० अली राजा।के नाम पर जारी कर दी गई है।निजामुद्दीन का आरोप है कि भू-माफियाओं ने फर्जी नादावी पत्र तैयार कर, उसमें झूठे गवाह अशोक चौरसिया, डी. के. सिंह और सोहेल तनवीर के हस्ताक्षर दिखाकर यह राशि अपने नाम करवा ली। खास बात यह है कि सोहेल तनवीर, जो कि मो. निजामुद्दीन के चचेरे भाई हैं, उन्होंने इस पत्र में अपने हस्ताक्षर करने से इनकार किया है। उन्होंने दावा किया कि उनके हस्ताक्षर फर्जी तरीके से किए गए हैं।पीड़ित परिवार ने यह भी बताया कि उनके पिता/चाचा शेख समसुद्दीन के नाम पर भी फर्जी हस्ताक्षर किए गए हैं। इस जालसाजी के जरिए 1 करोड़ 18 लाख रुपये की मुआवजा राशि हड़प ली गई। मो० निजामुद्दीन और उनके भाई सोहेल तनवीर ने साफ कहा कि वे इस मामले में न्याय पाने के लिए अदालत तक जाएंगे और भू-माफियाओं को जेल भिजवाने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय ने चलाया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के जगजीवन नगर स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में चल रहे राष्ट्रव्यापी नशा मुक्ति अभियान के तहत आज एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, लाहबनी धैया के सहयोग से धनबाद के बीसीसीएल क्वार्टर, शिव शक्ति मंदिर, अंबेडकर मूर्ति के पास, कार्मिक नगर में नशा मुक्ति पर आधारित नाट्य मंचन किया गया। इस नाट्य मंचन के माध्यम से बच्चों और युवाओं को यह संदेश दिया गया कि वे नशे और व्यसनों से दूर रहकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। नाटक में खासतौर पर यह बताया गया कि मोबाइल और इंटरनेट का अत्यधिक उपयोग किस तरह से जीवन और शिक्षा पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया कि वे पढ़ाई में मन लगाएं, उच्च शिक्षा प्राप्त करें और समाज व देश के उत्थान में योगदान दें। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ० ए. के. सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर इसका शुभारंभ किया। इसके बाद विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों को प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित बच्चों के बीच किताबें, कॉपियां और बिस्किट वितरित किए गए, जिससे उनमें शिक्षा के प्रति रुचि और अधिक बढ़े। इसके साथ ही, बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य की शानदार प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कई महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने भूमिका निभाई। इनमें माधव झा, रवि भाई, उदय चौहान, प्रीति बहन, काकोली बहन, डॉ. ए. के. सिंह, स्कूल के डायरेक्टर राजेश कुमार मिश्रा, शिक्षक डी. डी. सिंह सहित कई अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं और गणमान्य नागरिक शामिल थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस आयोजन से प्रेरणा ली और नशा मुक्ति की दिशा में जागरूकता प्राप्त की।



## धनबाद के लक्ष्मी नर्सिंग होम में प्रसूता की मौत, परिजनों का हंगामा, सड़क जाम

**धनबाद।** धनबाद के गोविंदपुर स्थित लक्ष्मी नर्सिंग होम में प्रसूता की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। गुस्साए लोगों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुख्य सड़क को जाम कर दिया और कड़ी कार्रवाई की मांग की।मुगार्बानी निवासी मजीद अंसारी की पत्नी नसीमा खातून ने 2 जनवरी को सिजेरियन ऑपरेशन के जरिए जुड़वां बच्चों को जन्म दिया था। ऑपरेशन के बाद से ही उनकी ब्लीडिंग नहीं रुक रही थी, लेकिन डॉक्टरों ने स्थिति को गंभीरता से नहीं लिया। पहले उन्हें धनबाद के एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया और फिर वहां से रांची के रिम्स भेज दिया गया। रिम्स में इलाज के दौरान कल उनकी मौत हो गई। शव के गोविंदपुर पहुंचते ही परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। गुस्साए लोगों का कहना था कि डॉक्टर अंजना कुमार, जो धनबाद सदर अस्पताल में भी कार्यरत हैं, अपने निजी नर्सिंग होम में लापरवाही से इलाज कर रही हैं। ग्रामीणों ने उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# बेकाबू ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार को कुचला, मौके पर ही मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने किया हंगामा



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिले के कुमारधुबी ओपी क्षेत्र अंतर्गत कालीमंडा के पास सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक बेकाबू ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार को कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि ट्रैक्टर ने स्कूटी को करीब 10 फीट तक घसीटते हुए ले गया, जिससे स्कूटी सवार टिंकू दुबे (39) की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और गुस्साए ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। मृतक टिंकू दुबे धनबाद जिले के एगयारकुंड दक्षिण पंचायत के पानी टंकी क्षेत्र के रहने वाले थे। सोमवार की सुबह वह अपने परिवार को स्कूटी पर बैठाकर एक्स-रे कराने ले गए थे। एक्स-रे कराने के बाद जब वह घर लौट रहे थे, तभी कालीमंडा के पास तेज रफ्तार और बेकाबू ट्रैक्टर ने स्कूटी को कुचल दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर चालक नशे की हालत में था और ट्रैक्टर पर नियंत्रण खो बैठा। अचानक ट्रैक्टर स्कूटी पर चढ़ गया और उसे घसीटते हुए 10 फीट तक ले गया। इस भयानक हादसे में टिंकू दुबे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके परिवार के अन्य सदस्य बाल-बाल बच गए। जैसे ही यह खबर आसपास के लोगों को मिली, मौके पर भारी भीड़ जुट गई और हंगामा शुरू हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर ही ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। कुछ गुस्साए लोगों ने चालक को जलाने की कोशिश भी की, लेकिन समय रहते पुलिस मौके पर पहुंच गई और चालक को भीड़ के चंगुल से छुड़ा लिया। हादसे की खबर सुनकर टिंकू दुबे के घर में कोहराम मच गया। उनका पूरा परिवार रो-रोकर बेहाल हो गया। मृतक टिंकू दुबे विवाहित थे और उनके दो छोटे बच्चे हैं। उनकी 10 साल की बेटी और 6 साल का बेटा है, जिनके सिर से अब पिता का साया उठ गया है। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद इलाके में तनाव बढ़ गया और परिजनों व स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दी। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग मुआवजे की मांग पर अड़े रहे।इस घटना को लेकर भाकपा माले नेता रामजी यादव ने झारखंड सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने मांग की कि जिन लोगों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है, उन्हें किसी भी हालत में वाहन चलाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि बिना ट्रेनिंग और उचित जांच के किसी को लाइसेंस जारी न किया जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। एगयारकुंड दक्षिण पंचायत के मुखिया अजय कुमार राम ने इस घटना को बहुत ही दुखद बताया और कहा कि टिंकू दुबे पहले ही अपने भाई को खो चुके थे, और अब वह भी इस दुनिया से चले गए। इससे उनका पूरा परिवार उजड़ गया है। उन्होंने कहा कि इस इलाके में सड़कें बेहद संकरी और जर्जर हैं। यहां न तो स्पीड ब्रेकर हैं और न ही वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए कोई व्यवस्था है। इस सड़क से रोजाना भारी वाहन गुजरते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। उन्होंने सरकार से मांग की कि मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए और सड़क की चौड़ाई बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो सकें। घटना की सूचना मिलते ही कुमारधुबी ओपी प्रभारी पंकज कुमार, चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय, मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन सहित पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद गुस्साए लोगों को शांत कराया और जाम हटवाया।

# विधायक राज सिन्हा ने बजट को बताया बबुआ और बाबुओं का बजट

संवाददाता

**धनबाद।** विधायक राज सिन्हा ने झारखंड विधानसभा में पेश वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस बजट को 'अबुआ बजट' की बजाय 'बबुआ और बाबुओं का बजट' बताया और कहा कि यह केवल पुरानी योजनाओं की नकल है, जिसमें जनता के हितों की अनदेखी की गई है। उन्होंने बजट का विश्लेषण करते हुए कहा कि इसमें ग्रामीण विकास, पथ निर्माण, ऊर्जा, कृषि, जल संसाधन, पेयजल एवं स्वच्छता, गृह आपदा जैसे महत्वपूर्ण विभागों की अनदेखी की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने केवल महिला एवं बाल विकास योजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर अन्य सभी जरूरी योजनाओं को दरकिनार कर दिया है। विधायक ने कहा कि इस बजट में शिक्षा, कृषि, रोजगार, नगर विकास, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र को कोई प्राथमिकता नहीं दी गई है। उन्होंने इसे पूरी तरह से भ्रामक करार देते हुए कहा कि सरकार केवल झूठे वादों के सहारे जनता को गुमराह कर रही है। सदन में जब यह सवाल किया गया कि राज्य का 1.36 लाख करोड़ रुपये केंद्र सरकार के पास किस मद में और किस अवधि का बकाया है, तो राज्य सरकार के पास कोई स्पष्ट जवाब नहीं था। इसके बावजूद सरकार इस मुद्दे को राजनीतिक रूप से भुनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में राज्य सरकार ने केवल भ्रम फैलाने का काम किया है।

E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## सुभाषितम्

**शाश्वत शांति की प्राप्ति के लिए शांति की इच्छा नहीं बल्कि आवश्यक है इच्छाओं की शांति। - स्वामी ज्ञानानंद**

## प्रधानमंत्री मोदी और जैव विविधता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को विश्व वन्यजीव दिवस पर ग्रह की अविश्वसनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने एक्स पर लिखा, "आज विश्व वन्यजीव दिवस पर आइए हम अपने ग्रह की अविश्वसनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएं। इसमें हर प्रजाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आइए आने वाली पीढ़ियों के लिए उनके भविष्य की रक्षा करें। हमें वन्यजीवों के संरक्षण और सुरक्षा में भारत के योगदान पर भी गर्व है।" प्रधानमंत्री का वन्यजीव प्रेम किसी से छुपा नहीं है। उन्होंने आज अपने गृह राज्य गुजरात में विश्व वन्यजीव दिवस पर जूनागढ़ जिले में स्थित गिर वन्यजीव अभयारण्य में जंगल सफारी का आनंद लिया और एशियाई शेरों को करीब से देखा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डीएसएलआर कैमरे से एशियाई शेरों की तस्वीरें खींचते नजर आए। उन्होंने एक ऐसी भी तस्वीर खींची जिसमें मादा शेरनी अपने शावक को दुलारती नजर आ रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में एक वीडियो क्लिप भी अपलोड की। इसमें वो भारत की परंपरा में जैव विविधता के प्रति स्वाभाविक आग्रह का जिक्र कर रहे हैं। यह क्लिप 2023 की है। कर्नाटक के मैसूर में प्रोजेक्ट टाइगर के 50 वर्ष पूरे होने के स्मरणोत्सव कार्यक्रम में उन्होंने विचार रखे थे। उन्होंने दुनिया भर के वन्यजीव प्रेमियों के मन में अन्य देशों, जहां बाघों की आबादी या तो स्थिर है या फिर उसमें गिरावट हो रही है, की तुलना में भारत में बाघों की बढ़ती आबादी के बारे में उठने वाले सवालों को दोहराया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, "भारत इकोलॉजी और अर्थव्यवस्था के बीच संघर्ष में विश्वास नहीं करता, बल्कि वह दोनों के सह-अस्तित्व को समान महत्व देता है।"

यहां यह महत्वपूर्ण है कि जबसे मोदी सरकार आई है तब से देश ने बाघों के संरक्षण में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। 2010 में भारत में करीब 1,700 बाघ थे। 2022 में उनकी संख्या बढ़कर 3,600 से भी ज्यादा हो गई है। यानी सिर्फ 12 साल में बाघों की संख्या दोगुनी हो चुकी है। आज, दुनिया के करीब 75 फीसद बाघ भारत में रहते हैं। यह वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक बड़ी सफलता है और हम सब भारतवासियों के लिए गर्व का पल है। यह सरकार और समाज के सामूहिक प्रयास से संभव हुआ है। मोदी सरकार के कठोर प्रतिबंधों की भी इसमें बड़ी भूमिका है। सरकार ने बाघों के शिकार करने पर पूरी तरह से पाबंदी लगाई है। यही नहीं, बाघों के रहने वाले जंगलों को पूरी तरह से सुरक्षित किया गया ताकि वह अपना जीवन बिना किसी खतरे के जी सकें। बाघों के शिकार (जैसे हिरण) की संख्या पर ध्यान दिया गया ताकि बाघों को पर्याप्त भोजन मिलता रहे। समाज को बाघों से जुड़ी जानकारी दी गई और गांवों में बाघों से जुड़े संघर्षों को कम करने के उपायों पर तेजी से काम किया गया। प्रधानमंत्री मोदी का जूनागढ़ जिले में स्थित गिर वन्यजीव अभयारण्य में जंगल सफारी का आनंद लेना अनायास नहीं है। दरअसल भारत में शेरों की आबादी भी बढ़ी है। वैसे भी देश में शेरों का संरक्षण सांस्कृतिक और पारिस्थितिक रूप से महत्वपूर्ण है। शेर भारत के राष्ट्रीय प्रतीक का अभिन्न और महत्वपूर्ण अंग हैं। शेरों का भारतीय मुद्रा और आधिकारिक दस्तावेजों में दिखाई देता है। भारत एशियाई शेरों का घर है। एशियाई शेर सिर्फ गुजरात के गिर के जंगलों में पाए जाते हैं। इस क्षेत्र में संरक्षण प्रयासों ने शेरों की आबादी को 2015 में लगभग 523 से बढ़ाकर 2020 में लगभग 674 तक पहुंचा दिया।

केंद्र सरकार की 15 अगस्त, 2020 को घोषित प्रोजेक्ट लायन महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य लंबे एशियाई शेरों के भविष्य को सुरक्षित करना है। गुजरात में शेरों की संख्या और स्वास्थ्य की निगरानी के लिए नियमित रूप से गणना की जाती है। इसके अलावा आग प्रबंधन, बाढ़ की तैयारी और निरंतर वन्यजीव निगरानी जैसे उपाय यह सुनिश्चित करते हैं कि शेरों के पास सुरक्षित आवास हों और किसी भी आपात स्थिति का तुरंत समाधान किया जाए। बड़ी बात यह है कि अप्रैल 2023 में शुरू किया गया इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस दुनिया भर में शेरों सहित बड़ी बिल्लियों के संरक्षण में अहम भूमिका निभा रहा है। शेरों के इतिहास की बात करें तो वह 30 लाख वर्ष पूर्व अफ्रीका और यूरेशियन महाद्वीप में विचरण करते थे। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि वर्तमान में पृथ्वी पर शेरों की उपस्थिति 30,000 से 100000 के बीच है। जहां तक गिर वन्यजीव अभयारण्य का सवाल है तो वह एशिया में शेरों का एकमात्र निवास स्थान होने के कारण जाना जाता है। गिर अभयारण्य 1424 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 258 वर्ग किलोमीटर में राष्ट्रीय उद्यान और 1,153 वर्ग किलोमीटर वन्य प्राणियों के लिए आरक्षित अभयारण्य है। पास में ही मितीयाला वन्य जीव अभयारण्य है।माना जाता है कि विश्व में अफ्रीका के बाद गिर में शेर बचे हैं। गिर के जंगल को सन 1969 में वन्य जीव अभयारण्य घोषित किया गया था। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, केंद्र सरकार ने एशियाई शेरों के संरक्षण के लिए प्रोजेक्ट लॉयन के तहत 2900 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मंजूर की है।

# इतना हल्ला क्यों, पहले भी तो हुआ है परिसीमन


डॉ. सत्यवान सौरभ

देश में इस समय परिसीमन के मुद्दे पर सियासत में भूचाल आया हुआ है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पांच मार्च को इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक आहूत की है। उन्हें आशंका है कि परिसीमन के बाद तमिलनाडु की संसदीय सीटों की संख्या कम हो सकती है। स्टालिन का समर्थन दक्षिणी राज्यों के अन्य मुख्यमंत्रियों ने भी किया है। अभी यह तय नहीं है कि परिसीमन की प्रक्रिया कब शुरू होगी। यह माना जा रहा है कि 2025-26 में होने वाली जनगणना के बाद परिसीमन हो सकता है। इस प्रक्रिया के 2028 तक पूरी होने की संभावना है। परिसीमन एक संवैधानिक प्रक्रिया है, इसलिए स्टालिन का हल्ला मचाना कहीं से भी ठीक नहीं लग रहा। पहले भी देश में परिसीमन हुए हैं। वैसे भी उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक सीटें जोड़ते हुए वर्तमान सीट अनुपात को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। राज्यसभा के समान एक मॉडल प्रगतिशील राज्यों को नुकसान पहुंचाए बिना एक संतुलित दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है। सीटों का पुनर्वितरण करते समय, हमें आर्थिक योगदान, विकास मीट्रिक और शासन प्रभावशीलता को ध्यान में रखना चाहिए। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने वाले राज्यों को विशेष राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है, जो अच्छे शासन को पुरस्कृत करता है। क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने और तेजी से बढ़ते राज्यों के प्रभुत्व को रोकने के लिए कानूनी उपाय किए जाने चाहिए। संसद के भीतर एक क्षेत्रीय परिषद की स्थापना से कम प्रतिनिधित्व वाले राज्यों के हितों की वकालत करने में मदद मिल सकती है।

माना जा रहा है कि 2031 की जनगणना के बाद एक क्रमिक दृष्टिकोण हितधारकों के साथ चर्चा और एक सहज संक्रमण की अनुमति देगा। किसी भी परिसीमन से पहले, एक राष्ट्रीय आयोग को संभावित प्रभावों का आकलन करना चाहिए और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुझाने चाहिए। राज्य सरकारों के लिए स्थापित चैनलों के माध्यम से परिसीमन वार्ता में सक्रिय रूप से भाग लेना महत्वपूर्ण है। सहकारी संघवाद को प्रोत्साहित करने के लिए किसी भी सीट पुनर्वितरण को अंतिम रूप देने से पहले अंतर-राज्य परिषद के साथ अनिवार्य परामर्श होना चाहिए। एक सुनियोजित परिसीमन प्रक्रिया जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं को संघवाद की अखंडता से जोड़ सकती है। क्षेत्रीय असमानताओं से बचने के लिए दोहरे प्रतिनिधित्व मॉडल भी अपनाए जा सकते हैं।



लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ने से नागरिकों को बेहतर प्रतिनिधित्व मिलेगा। निर्वाचन क्षेत्रों का आकार छोटा होगा तो शासन में सुधार होगा। बिहार का प्रतिनिधित्व अभी भी 1971 के आंकड़ों पर आधारित है। बावजूद इसके कि इसकी जनसंख्या में काफी वृद्धि हुई है। नवीनतम जनगणना आंकड़ों के अनुसार निर्वाचन क्षेत्रों को संशोधित करने से लोकतांत्रिक समानता को बढ़ावा मिलेगा और चुनावी प्रतिनिधित्व में जनसंख्या असमानताओं को रोका जा सकेगा। झारखंड, जिसे 2000 में बिहार से अलग कर दिया गया था, अभी भी पुरानी निर्वाचन संरचना का पालन कर रहा है, जो राजनीतिक स्पष्टता को कम करता है। अधिक आबादी वाले राज्यों से सांसदों की संख्या में वृद्धि विकास संबंधी असमानताओं की ओर ध्यान आकर्षित करेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि नीतिगत हस्तक्षेप अविकसित क्षेत्रों की ओर लक्षित हों। मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों के लिए अधिक संख्या में सांसदों से बेहतर बुनियादी ढांचा नियोजन और निवेश का बेहतर आवंटन हो सकता है। प्रगतिशील राज्यों की घटती भूमिका संघवाद और निष्पक्ष राजनीतिक प्रतिनिधित्व को नुकसान पहुंचाती है। प्रभावी शासन वाले दक्षिणी राज्यों का प्रभाव कम हो सकता है, जिससे ठोस नीति प्रबंधन के लिए प्रेरणा कम हो सकती है।

केरल की उच्च साक्षरता दर से प्रेरित विकास पर्याप्त सीट आवंटन में तब्दील नहीं हो सकता है, जिससे अन्य राज्य समान रणनीति अपनाने से हतोत्साहित हो सकते हैं। अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक प्रतिनिधित्व केंद्रीकृत नीति निर्माण की ओर रुझान को जन्म दे सकता है, जो क्षेत्रीय शासन स्वायत्तता को प्रतिबंधित कर सकता है। कृषि राज्यों के पक्ष में विधायी समायोजन औद्योगिक क्षेत्रों की जरूरतों की उपेक्षा कर सकते हैं, जिससे आर्थिक संतुलन बाधित हो सकता है। तमिलनाडु और महाराष्ट्र कम प्रतिनिधित्व के कारण अपने राजकोषीय हितों की रक्षा करने के लिए संघर्ष कर सकते हैं। केवल जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व में वृद्धि उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन को बढ़ा सकती है।इससे क्षेत्रीय तनाव पैदा हो सकता है। तमिलनाडु में राजनीतिक दल परिसीमन के खिलाफ हैं।

आम आदमी जानना चाहता है कि परिसीमन क्या होता है? इसमें लोकसभा सीटों की संख्या कैसे घट और बढ़ जाती है? तो पहली बात यह कि देश में हर जनगणना के बाद परिसीमन होता है। यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है। वैसे ऐसा जरूरी भी नहीं है कि हर जनगणना के बाद परिसीमन हो। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके तहत लोकसभा व विधानसभा क्षेत्रों का निर्धारण किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य जनसंख्या में बदलाव के अनुसार सभी नागरिकों के समान प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करना होता है। देश की आजादी के बाद हर 10 साल में जनगणना कराई जाती रही है। हालांकि, 2011 के बाद जनगणना नहीं हुई है।

संविधान के 81(2) में जिक्र है कि किसी राज्य की जनसंख्या और उस राज्य के संसद सदस्यों की संख्या के बीच का अनुपात सभी राज्यों के लिए समान होना चाहिए। इस हिसाब से अधिक जनसंख्या वाले राज्यों में सांसदों की संख्या ज्यादा है और कम जनसंख्या वाले राज्यों में कम सांसद हैं। संभवतः दक्षिणी राज्यों को इसी बात का डर है। कई दक्षिणी राज्यों में जनसंख्या तेजी से घटी है। ऐसे में अगर परिसीमन होता है तो इन राज्यों की लोकसभा सीटों में भी आबादी के अनुसार बदलाव हो सकता है। देश में अब तक चार बार 1952, 1963, 1973 और 2022 में परिसीमन आयोग का गठन किया जा चुका है। पहली बार 1952 में परिसीमन प्रक्रिया के समय देश में 489 लोकसभा सीटें थीं। इसके बाद 1963 में परिसीमन हुआ तो लोकसभा सीटों की संख्या 522 हो गई। 1973 में परिसीमन के तहत लोकसभा सीटों की संख्या 543 हो गई। 1967 में इंदिरा गांधी ने 42वें संविधान संशोधन के जरिए परिसीमन पर 25 साल के लिए रोक लगा दी थी। इसके बाद 2001 में जनगणना हुई और 2002 में परिसीमन आयोग का गठन किया गया। मगर तत्कालीन केंद्र सरकार ने 84वें संविधान संशोधन के तहत इस पर एक बार फिर 25 साल की रोक लगा दी थी। इस संविधान संशोधन के अनुसार, देश में लोकसभा सीटों की संख्या 2026 के बाद ही बढ़ाई जा सकती है।

# प्राण त्याग कर दे गए राष्ट्र भक्ति का संदेश


रमेश शर्मा

**(लाला हरदयाल/04 मार्च 1939/ पुण्य तिथि)**

सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी और विचारक लाला हरदयाल की गणना उन विरले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में होती है जिन्होंने केवल भारत ही नहीं अपितु अमेरिका और लंदन में भी अंग्रेजों के अत्याचारों के विरुद्ध जनमत जगाया। लालाजी को अपने पक्ष में करने के लिये अंग्रेजों ने बहुत प्रलोभन दिए। उस समय की सबसे प्रतिष्ठित आईसीएस पद के प्रस्ताव भी दिया था जिसे लालाजी ने ठुकरा दिया था। यही आईसीएस सेवा को अब आईएएस के रूप में जाना जाता है। ऐसे स्वाभिमानी राष्ट्र भक्त लाला हरदयाल जी का जन्म 14 अक्टूबर 1884 को दिल्ली में हुआ था। उनका पैतृक घर दिल्ली के चांदनी चौक में गुरुद्वारा शीशगंज के पीछे स्थित था। यह गुरुद्वारा शीशगंज उसी स्थल पर बना है जहां औरंगजेब की कठोर यातनाओं से गुरु तेगबहादुर जी का बलिदान हुआ था। लाला जी के पिता पं गोरेलाल जी संस्कृत के विद्वान और कोर्ट में रीडर थे। माता भोलारानी रामचरित मानस की विदुषी मानी जाती थीं। उनका परिवार आर्य समाज से जुड़ा था। इस प्रकार घर और पूरे क्षेत्र में राष्ट्रीय संस्कृति की प्रतिष्ठापना का वातावरण था। इसी वातावरण में लाला हरदयाल का जन्म हुआ था। परिवार के संस्कारों ने उन्हें



बचपन से राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना से ओतप्रोत कर दिया था। उन्हें बचपन में मां से रामायण की और पिता से संस्कृत शिक्षा मिली। उन्हें रामायण की चौपाइयां और संस्कृत के अनेक श्लोक कंठस्थ थे। उन दिनों के सभी शासकीय विद्यालयों में चर्च का नियंत्रण हुआ करता था। उनकी प्राथमिक शिक्षा कैम्ब्रिज मिशन स्कूल में हुई और महाविद्यालयीन शिक्षा सेन्ट स्टीफन कालेज में। वे पढ़ने में बहुत कुशाग्र थे। सदैव प्रथम ही आते थे। उनकी स्मरण शक्ति अद्भुत थी। एक बार सुनकर पूरा पाठ कंठस्थ हो जाता था। उनकी गणना ऐसे विरले व्यक्तियों में होती थी जो अंग्रेजी और संस्कृत दोनों भाषाएं धारा प्रवाह बोल लेते थे। इस विशेषता ने उन्हें पूरे महाविद्यालय में लोकप्रिय बना दिया था। वे महाविद्यालयीन शिक्षा में कालेज में टाप पर रहने से उन्हे 200 पाउंड की छात्रवृत्ति मिली ।इस राशि से वे आगे पढ़ने के लिये लंदन गए। 1905 में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया। लालाजी ने लंदन में भारतीयों के साथ अंग्रेजों का हीनता से भरा व्यवहार देखा जिससे वे बहुत विचलित हुए।

यद्यपि इसका आभास उन्हें दिल्ली के सेन्ट स्टीफन कालेज में भी हो गया था। पर जो दृश्य लंदन में देखा उसे देखकर बहुत विचलित हुए और उन्होने अपने छात्र जीवन में जाग्रति और वैचारिक संगठन का अभियान आरंभ कर दिया। भारतीय छात्रों में संगठन और जाग्रति के लिये उन्होंने संगोष्ठियों और बैठकों का कार्य आरंभ किया। वे ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते थे जिनमें भारतीय चिंतन की प्रतिष्ठा गरिमा और ओज के साथ हो संगठनात्मक भाव भी जाग्रत हो। लाला जी लंदन में क्रांतिकारी आंदोलन चला रहे मास्टर अमीरचंद के संपर्क में आये। उनका संपर्क क्रातिकारी श्यामजी कृष्ण वर्मा से भी हुआ। श्याम कृष्ण जी ने लंदन में इंडिया हाउस की स्थापना की थी। लालाजी उसके सदस्य बन गए। क्रान्तिकारियों के संपर्क और अध्ययन से लालाजी को यह भी आभास हुआ कि पूरी दुनिया में अंग्रेजों का दबदबा भारतीय सैनिकों के कारण है। जहां कभी भी सेना भेजना होती वहां सबसे अधिक सैनिकों की संख्या भारतीय मूल के सैनिकों की होती लेकिन अंग्रेज उनसे सम्मान जनक व्यवहार नहीं करते थे। उनकी कुशाग्रता और सक्रियता अंग्रेजों से छुपी न रह सकी उन्हे 1906 में आईसीएस सेवा का प्रस्ताव मिला जिसे ठुकराकर वे लंदन में भारतीयों के संगठन और स्वाभिमान जागरण के अभियान में ही लगे रहे।

उन दिनों चर्च और मिशनरियों ने युवाओं को जोड़ने के लिये एक संस्था बना रखी थी उसका नाम 'यंग मैन क्रिश्चियन एसोशियेशन' था। इसे संक्षिप्त में 'वायएमसीए' कहा जाता था। इसकी शाखायें भारत में भी थीं लाला हरदयाल जी ने भारतीय युवकों में चेतना जगाने के लिये क्रान्तिकारियों की एक संस्था 'यंगमैन इंडिया एसोसिएशन' का गठन किया। उनकी सक्रियता देख उन पर स्थानीय प्रशासन का दबाब बना। वे 1908 में भारत लौट आए। यहां आकर भी वे युवकों के संगठन में ही लग गए। उनका अभियान था कि भारतीय युवक ब्रिटिश शासन और सेना की मजबूती में कोई सहायता न करें। इसके लिए उन्होंने देश व्यापी यात्रा की। लोकमान्य तिलक से मिले। उन्होंने लाहौर जाकर एक अंग्रेजी में समाचार पत्र आरंभ किया। उनका समाचार पत्र राष्ट्रीय चेतना से भरा हुआ था। अंग्रेजों ने समाचार पत्र के एक समाचार के बहाने उनपर एक मुकदमा दर्ज किया। इसकी खबर उन्हें लग गई और वे अमेरिका चले गए। अमेरिका जाकर गदर पार्टी की स्थापना की।

उन्होंने कनाडा और अमेरिका में घूम-घूम कर वहां निवासी भारतीयों को स्वयं के गौरव और भारत की स्वतंत्रता के लिये जागरूक किया। तभी काकोरी कांड के षडयंत्र कारियों में उनका भी नाम आया। अंग्रेजों ने उन्हे भारत लाने के प्रयास किए। पहले तो अमेरिकी सरकार ने अनुमति नहीं दी। लेकिन बाद में 1938 अनुमति दे दी गई। उन्हें 1939 भारत लाया जा रहा था कि रास्ते में फिलाडेल्फिया में रहस्यमय परिस्थिति में उनकी मौत हो गई। आशंका है कि उन्हें मार्ग में विष दिया गया। जब उनकी मृत्यु हुई तब वे भोजन कर रहे थे। उनकी मृत्यु का रहस्य आज भी बना हुआ है। वे पूर्ण स्वस्थ व्यक्ति कैसे भोजन करते करते शरीर त्याग सकता है। वह 4 मार्च 1939 का दिन था जब लाला जी इस नश्वर संसार को त्याग कर परम ज्योति में विलीन हो गए , पर इतिहास के पन्नों में राष्ट्र भक्ति का संदेश दे गए।

# कैंसर रोधी वैक्सीन कितनी कारगर, अभी बहुत कुछ शोध होना शेष


राकेश दुबे

रूस ने घोषणा की है कि उसने कैंसर की रोकथाम के लिए एक नई एमआरएनए-आधारित वैक्सीन विकसित की है जो जल्द ही रोगियों को मुफ्त उपलब्ध करायी जाएगी। गमालेया नेशनल रिसर्च सेंटर फॉर एपिडेमोलोजी एंड माइक्रोबायोलॉजी के निदेशक एलेक्जेंडर गिंट्सबर्ग के मुतसबिक, इस वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल्स से मालूम हुआ है कि यह रसौली को बढ़ने से रोकती है और उसके आशंकित रूप-परिवर्तन को भी। एमआरएनए या मैसेंजर आरएनए वैक्सीन वह जेनेटिक सूचना उपलब्ध कराती है, जो शरीर की कोशिकाओं को एंटीजन (प्रोटीन या अन्य पदार्थ जो प्रतिरोधात्मक प्रतिक्रिया आरंभ करता है) उत्पादन करना सिखाती है। जब यह एंटीजन कैंसर कोशिकाओं पर पहचान लिए जाते हैं तो इम्यून सिस्टम उनके खिलाफ हमला शुरू कर देता है। प्रश्न यह है कि यह वैक्सीन किस तरह से काम करती है? दरअसल, एमआरएनए कैंसर वैक्सीन इम्यूनोथेरेपी का एक रूप है।

कैंसर कोशिकाएं अक्सर ऐसा तरीका विकसित कर लेती हैं कि वह पहचान में आने से बच जायें फलस्वरूप प्रतिरोधात्मक क्षमता उन्हें नष्ट नहीं कर पाती। इस बचाव के तरीके को अब समझ लिया गया है और इम्यूनोथेरेपी का विचार यह है कि शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता को इस प्रकार मजबूत कर दिया जाये कि वह कैंसर कोशिकाओं को तलाश करके उन्हें नष्ट कर दे तथा फैलने से रोके। इस उपचार में कीमोथेरेपी के विपरीत केवल कैंसर कोशिकाओं को ही नष्ट किया जाता है, नतीजतन साइड-इफेक्ट्स कम हो जाते हैं। वैक्सीन के अतिरिक्त भी इम्यूनोथेरेपी के



अन्य अनेक तरीके हैं जैसे कार टी सेल थेरेपी, इम्यून चेकपॉइंट इन्हिबिटर्स आदि। अन्य वैक्सीनों की तरह एमआरएनए कैंसर वैक्सीन रोग को रोकने के लिए स्वस्थ व्यक्तियों के लिए नहीं है कि टीकाकरण करा लिया और रोग होगा ही नहीं।

इन्हें उन रोगियों पर इस्तेमाल किया जाता है, जिन्हें पहले से ही कैंसर है ताकि रसौली को निशाना बनाकर उसका उपचार किया जा सके। यह उपचार विधि इस तरह से तैयार की गई है कि हर रोगी की रसौली में जो विशिष्ट एंटीजन होते हैं, उन्हें निशाना बनाया जाये, जिससे यह वैक्सीन व्यक्तिगत हो जाती है और अधिक प्रभावी भी। कैंसर एमआरएनए वैक्सीन को इस तरह से भी डिजाइन किया जा सकता है कि अनेक प्रकार के एंटीजन को निशाना बनाया जा सके।कैंसर की वैक्सीन का शोध केवल रूस में ही नहीं हुआ है। पिछले साल इंग्लैंड की नेशनल हेल्थ सर्विस ने कैंसर वैक्सीन लांच पैड स्थापित किया, जो एक ट्रायल कार्यक्रम है ताकि एमआरएनए व्यक्तिगत कैंसर वैक्सीन क्लिनिकल ट्रायल्स में उन लोगों के लिए तेजी लायी जा सके, जिनको कैंसर होने की पुष्टि हो चुकी है और साथ ही कैंसर का उपचार करने के लिए कैंसर वैक्सीन के विकास को गति प्रदान की जा सके। अमेरिका में ग्लोबल बायोफर्मास्यूटिकल कंपनी क्योरवैक ने पिछले सितम्बर में घोषणा की कि सीवीजीबीएम कैंसर वैक्सीन ने ग्लिओबलस्टोमा (ब्रेन कैंसर) रोगियों पर पहले चरण के अध्ययन में उत्सावर्धक प्रतिरोधात्मक (इम्यून) प्रतिक्रियाएं प्रदर्शित की हैं। वर्तमान में कैंसर वैक्सीन को लेकर संसार के विभिन्न हिस्सों में 120 से अधिक क्लिनिकल ट्रायल्स चल रहे हैं।

हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि कैंसर की रोकथाम के लिए 'वैक्सीन' शब्द का प्रयोग भ्रामक है।जहां तक कैंसर के रोकथाम की बात है तो ह्यूमन पपीलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन से सर्वाइकल कैंसर को होने से रोका जा सकता है, क्योंकि इस सिलसिले में 90 प्रतिशत से अधिक केस इस वायरस के कारण होते हैं। इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस बी वैक्सीन जो हेपेटाइटिस बी वायरल संक्रमण को रोकने के लिए दी जाती है, उसकी भी जिगर के कैंसर को रोकने में सुरक्षात्मक भूमिका हो सकती है। डॉक्टर इस बात पर बल देते हैं, " इम्यूनोथेरेपी उपचार से कैंसर को होने से नहीं रोका जा सकता। यह रोग होने के बाद का इलाज है।" कोई भी नई ड्रग क्लिनिकल ट्रायल्स के अनेक चरणों से गुजरती है। इस प्रक्रिया में सालों लग जाते हैं। जब तक यह सब डाटा सार्वजनिक तौरपर उपलब्ध नहीं होता है, तब तक यह कहना कठिन है कि रूस की उपचार विधि किस स्तर पर है और वह कितनी सुरक्षित व प्रभावी है।

## आज का राशिफल

**मेष :** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृष :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**मिथुन :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे।

**कर्क :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

**सिंह :** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है।

**कन्या :** सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा, महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**तुला :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

**वृश्चिक :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी।

**धनु :** नवीन जिम्मेदारी बढ के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**मकर :** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए।

**कुंभ :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मीन :** यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# घोर निराशाजनक बजट, चुनावी वादे पर नहीं किया कोई अमल : सांसद



**संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखण्ड सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 का एक लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपए का बजट हुआ पेश। बजट झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पेश किया। इस बजट को घोर निराशाजनक बजट बताते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि यह बजट अबुआ सरकार का राग अलापने वाली गठबंधन सरकार का झारखंड की जनता को बबुआ बनाने वाला बजट है और इस बजट से झारखंडियों का कोई भला नहीं होना वाला है। उन्होंने कहा कि गठबंधन की हेमंत सरकार जिस चुनावी वादे के साथ सरकार में आई थी उससे झारखंड की जनता में इस बजट को लेकर एक आस जगी थी और लोगों को उम्मीद थी कि बजट में चुनावी घोषणा पर सरकार अमल करेगी लेकिन इस बजट में बेरोजगार युवाओं के सपने को चकनाचूर कर दिया। इस सरकार ने 10 लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। मईया सम्मान की बात कहकर सरकार ने जो बजट का प्रावधान इस योजना के लिए किया है उसमें राज्य की आधी आबादी महिलाओं को भी यह लाभ नहीं मिल पाएगा। ऐसे ही विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन की राशि ढाई हजार करने की बात कहकर उनका भी बजट में कोई बढ़ाने का प्रावधान न करके उन्हें भी छला गया है। इस बजट से ना तो झारखंड का कोई हित होगा और ना ही झारखंडियों का ही कोई भला होगा। यह पुरी तरह दिशाहीन और झारखंड के हर वर्ग को ठगने वाला बजट है ।

## बजट में सभी वर्ग के लोगों का ध्यान रखा गया है : सचिव विजय केसरी



हजारीबाग। झारखंड सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर हजारीबाग चैंबर ऑफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सचिव विजय केसरी ने कहा कि बजट में सभी वर्ग के लोगों का ख्याल रखा गया है। मेरी दृष्टि में यह एक श्रेयस्कर बजट है। हेमंत सोरेन सरकार ने इस बजट को अबुआ बजट बताया है। इस अबुआ बजट में हेमंत सोरेन सरकार को मिले जनादेश का असर भी साफ दिखाई दे रहा है। इस बजट में कई नई योजनाओं को शुरू करने का प्रस्ताव लिया गया है।चूंकि हजारीबाग छोटांगपुर उत्तरी प्रमंडल का मुख्यालय है, इसलिए इस बजट से हजारीबाग जिले को काफी लाभ में हिस्सा मिलने वाला है। उम्मीद है कि बजट के प्रावधानों के अनुसार हजारीबाग में एक लॉ यूनिवर्सिटी का निर्माण हो। हजारीबाग में एक ट्राइबल यूनिवर्सिटी भी बन सकता है। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज को और वित्तीय सहायता मिल सकता है। इस अबुआ बजट में ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी गई है। अबुआ बजट का आकार बढ़ा कर 1,45,400 करोड रुपए का हो गया है। बजट की बढ़ती राशि यह बताती है कि झारखंड राजस्व प्राप्ति की दिशा में काफी तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। इससे प्रतीत होता है कि आने वाले दिनों में झारखंड के विकास योजनाओं की लड़ी लग जाएगी। राज्य सरकार पूरे प्रांत में उद्यमिता विकास के लिए कृत संकल्पित दिख रही है।दूरिज्म के विस्तार से हजारीबाग जिले की आमदनी भी बढ़ेगी उन्होंने कहा कि साल 2029 तक राज्य की अर्थव्यवस्था10 ट्रिलियन बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। झारखंड में कुल पांच नए लॉ यूनिवर्सिटी बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

## यह अबुआ बजट नहीं ठगुवा बजट है : रौशन लाल चौधरी



हजारीबाग। बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी ने झारखंड में पेश हुए बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह बजट पूरी तरह से फ्लॉप है। यह अबूआ नहीं ठगुवा बजट है। इस बजट में ना ही आदिवासी ना मूलवासी ना युवा ना किसान वर्ग का ख्याल रखा गया है। इस बजट में पूरी तरह से इन सभी वर्गों को बजट से वंचित रखा गया है। सरकार को ध्यान देना चाहिए कि मैया सम्मान निधि योजना के चक्कर में झारखंड सरकार जनता पर और अतिरिक्त बोझ न डाल दे। पूर्व से ही झारखंड के कई योजनाओं का सही समय पर संचालन नहीं हो पा रहा है। उस पर भी ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि झारखंड का आम जनमानस इस बजट से काफी उम्मीद रखता था। परंतु यह बजट पेश होने के बाद झारखंड का आम जनमानस पूरी तरह से निराश हो गया है। यह बजट बिल्कुल ही दिशा विहीन बजट है। यह झारखंड को आबाद नहीं बर्बाद करने वाला बजट है।

## अबुआ सरकार का बबुआ बजट, ठगा महसूस कर रहें हैं बेरोजगार युवा : रंजन चौधरी



हजारीबाग। झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार के लगातार दूसरे कार्यकाल के पहले बजट से झारखंडवासियों को काफी आशाएं थी। लेकिन सोमवार को झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने झारखंड विधानसभा में झारखंड सरकार के साल 2025-26 के लिए जब बजट पेश किया तो झारखंडी खुद को ठगा महसूस करने लगे। झारखंड के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने कहा कि यह अबुआ सरकार का बबुआ बजट है, जो दिशाहीन एवं आधारहीन है। जिसमें सिर्फ.और सिर्फ.जुमलेबाजी करके झारखंडियों को ठगा गया है। रंजन चौधरी ने बताया की चुनाव के पूर्व झारखंड की गठबंधन की सरकार ने जो वादे राज्य के बेरोजगार युवाओं से किए थे उसे दिशा में पहल नहीं करके युवाओं को ठगा गया है। 10 लाख बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने का ऐलान वादा अब वादा ही रह जाएगा। ऐसा इस बजट से प्रतीत हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बजट से सबसे अधिक ठगा हुआ झारखंड के बेरोजगार युवा महसूस कर रहें हैं ।

## यह बजट गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है : मुन्ना सिंह



हजारीबाग। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने झारखंड विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1,45,400 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। इस बजट को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने इसे जनहितैषी और समावेशी करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट झारखंड के विकास को गति देने के साथ-साथ सभी वर्गों का ध्यान रखता है। मुन्ना ने कहा कि सरकार ने इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दी है, जिससे झारखंड के आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बजट की सराहना करते हुए कहा, यह बजट गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार ने आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक न्याय को भी सुनिश्चित किया है। जबकि बजट की आलोचना करने वालों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष सिर्फ विकास में बाधा डालना चाहता है। यह बजट झारखंड की जनता की उम्मीदों के अनुरूप है और इससे राज्य में नई विकास परियोजनाओं को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने इस ऐतिहासिक बजट के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को बधाई दी और उम्मीद जताई कि इस बजट के माध्यम से झारखंड नए आर्थिक और सामाजिक विकास के रास्ते पर अग्रसर होगा।

## जनता के हर वर्ग का रखा गया ख्याल : विनोद कुशवाहा



हजारीबाग। झारखंड सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा ने संतुलित करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट राज्य के किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। श्री कुशवाहा ने विपक्ष द्वारा की जा रही आलोचनाओं को खारिज करते हुए कहा कि यह बजट झारखंड के समग्र विकास को गति देगा। विनोद कुशवाहा ने कहा कि झारखंड सरकार ने किसानों के लिए इस बजट में कई नई योजनाओं को शामिल किया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार कृषि क्षेत्र को सशक्त करने और किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। कहा कि यह बजट किसानों के लिए राहत लेकर आया है। कृषि क्षेत्र के लिए विशेष योजनाएं बनाई गई हैं, जिनसे झारखंड के किसान आत्मनिर्भर बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों के लिए सस्ते ऋण, उन्नत बीज, आधुनिक कृषि तकनीकों और बाजार उपलब्धता जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की है। सरकार ने स्टार्टअप्स, स्वरोजगार और तकनीकी प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए बड़े कदम उठाए हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि बजट में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को भी प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार नए स्कूलों, कॉलेजों और तकनीकी संस्थानों की स्थापना कर रही है। ताकि प्रदेश के छात्र उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त कर सकें। कहा कि हमारी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए पूरी तरह से समर्पित है। नए स्कूल और कॉलेज खोलने के साथ-साथ सरकारी संस्थानों को भी मजबूत किया जाएगा। स्वास्थ्य क्षेत्र पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड में सरकारी अस्पतालों को अपग्रेड करने, मेडिकल सुविधाओं को मजबूत करने और गरीबों को मुफ्त इलाज की सुविधा देने पर बजट में विशेष ध्यान दिया गया है।

## सरकार के बजट में युवाओं के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं : भैया बांके बिहारी



हजारीबाग। झारखंड सरकार द्वारा 2025-26 के वार्षिक बजट में ?1,45,400 करोड़ का प्रावधान किया गया है, लेकिन इसमें युवा वर्ग के रोजगार और शिक्षा के लिए कोई उल्लेखनीय या विशेष प्रावधान नहीं किया गया है। यदि सरकार के पास एक स्पष्ट नियोजन नीति होती, तो युवाओं के लिए भविष्य का मार्ग सुगम हो सकता था। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष भैया बांके बिहारी ने कहा कि केवल यह कहना कि राज्य सरकार के 1,36,000 करोड़ केंद्र सरकार के पास बकाया है, समस्या का समाधान नहीं है। इस मुद्दे पर दोनों सरकारों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विचार करना चाहिए। राज्य और केंद्र सरकार को परस्पर प्रतिद्वंद्वी होने के बजाय एक-दूसरे के पूरक के रूप में कार्य करना होगा, तभी झारखंड का समुचित विकास संभव है।

## झारखंड की जनता को मिला धोखा : भैया अभिमन्यु प्रसाद



हजारीबाग। भारतीय जनता पार्टी पूर्व प्रभारी कोडरमा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष उद्योग प्रकोष्ठ भैया अभिमन्यु प्रसाद मन्नू कहते हैं कि यह आम बजट नहीं,लीपा पोती का एक बजट है। इस पूरे बजट में फाइनेंशियल ईयर 2021-22 से लेकर 25- 26 तक के बजट की घोषणा और पूरे प्रारूप को बताया गया। अगर बहुत ही गौर से देखेंगे तो झारखंड के आम जनता के साथ इसे छलने वाला बजट कहा जा सकता है जैसा कि वित्र मंत्री ने अपने पत्रकार वार्ता में बताया। 554 रुपए में आम जनता को जो गैस सिलेंडर देने का वादा किया गया था, उसकी कोई समय सीमा तय नहीं है।कुल मिलाकर अगर देखें तो पूरे बजट में ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा दिया गया है। विकास के नाम पर और योजनाओं के नाम पर 53678 करोड़ का प्रावधान किया गया है। तो क्या इतना मूल्य का एसेट हम लोगों का तैयार हो पाता है या इतने ही राशि का जो पिछले वर्ष खर्च हुआ या उसके पिछले वर्ष खर्च हुआ तो क्या वह पूंजी हम लोगों का खड़ा है। या ठेकेदारी में चला गया।कुछ एक महीना में या कुछ एक वर्षों में बने हुए नाली, भवन या अन्य किसी प्रकार का जो भी निर्माण होता है वह स्वतः अपने आप समाप्त हो जाता है और यह लाखों हजारों करोड़ के बजट का पैसा पानी में चला जाता है। शिक्षा के क्षेत्र में 12% राशि बजट में प्रावधान दिया गया है। यह देखने का विषय होगा कि इतनी राशि झारखंड के शिक्षा क्षेत्र में खर्च हो पता है या नहीं।

## झारखंड के विकास को नई गति देने वाला बजट : निसार खान



हजारीबाग। जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने 2025-26 वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर द्वारा पेश किए गए वित्तीय अबुआ बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट पिछले वित्तीय वर्ष से 13% अधिक का है। इसी से यह सिद्ध होता है कि वर्तमान सरकार झारखंड में जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के लिए कितनी प्रतिबद्ध है। इस बजट में झारखंड की बेटियों, झारखंड के किसानो, झारखंड के उद्यमी, झारखंड के युवा विद्यार्थियों सभी का ध्यान रखा गया है और सभी को केंद्र में रखकर सर्वस्पर्शी और समावेशी बजट तैयार किया गया है। यह बजट झारखंड को विकास की नई गति देने वाला बजट है। उन्होंने बजट के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के प्रति आभार व्यक्त किया।

## हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने राज्य सरकार के बजट को बताया दिशाहीन, जनता के साथ छलावा



हजारीबाग। भारतीय जनता पार्टी से हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट को पूरी तरह विफल और दिशाहीन करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट राज्य की1 जनता को भ्रमित करने और खोखले वादों से गुमराह करने वाला है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि यह बजट पूरी तरह से जमीनी सच्चाई से कटा हुआ है। इसमें ना तो राज्य के युवाओं के लिए कोई ठोस योजना है, ना महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण पर ध्यान दिया गया है और ना ही राज्य की कानून-व्यवस्था को सुधारने के लिए कोई ठोस नीति बनाई गई है। सरकार केवल आंकड़ों की बाजीगरी कर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है।

## झारखंड के समग्र विकास का संकल्प अबुआ बजट 2025 : मनोज नारायण भगत



हजारीबाग। झारखंड की महागठबंधन की हेमंत सोरेन की सरकार ने आज अपना पहला बजट पेश किया। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने बजट पर कहा कि यह बजट झारखंड को आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध बनाने का ठोस आधार है। सरकार ने अपने वादा को पूरा किया। सर्वप्रथम मंईया सम्मान योजना के लिए 13,363 करोड़ 35 लाख का प्रावधान किया गया है। बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सहित झारखंड वासियों के लिए कई बड़े एलान किए गए हैं। रांची, खूंटी, गिरिडीह, जमशेदपुर, धनबाद, देवघर और जामताड़ा में मेडिकल कॉलेज की स्थापना, नए विश्विद्यालय की स्थापना होगी ,रांची तपोवन मंदिर का विकास किया जाएगा ,1200 किलोमीटर रोड और 10 उच्चस्तरीय पुल भी बनाया जाएगा । किसानों को कृषि यंत्रों के लिए 140 करोड रुपए तालाब की बोरिंग के लिए 203 करोड रुपए, उद्यान विकास योजना ,पशुधन विकास योजना, फसल बीमा, कृषि उपज भंडारण इन सभी के लिए पैसे का प्रावधान किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### खिरकिया वन का रक्षाबंधन कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**विष्णुगढ़।** पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ सोमवार को भेलवारा पंचायत के गोलगो में खिरकिया वन की तीसरी वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर अहले सुबह देवतुल्य वृक्षों के नीचे वनदेवी की पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात, दर्जनों वृक्षों पर लाल सूत्र बांधकर रक्षाबंधन किया गया और वन के संरक्षण, संवर्धन तथा अवैध कटाई से बचाने का संकल्प लिया गया। जंगल बचाने की ग्रामीणों की पहल इको वन समिति के अध्यक्ष दुष्यंत कुमार मेहता ने बताया कि तीन वर्ष पूर्व खिरकिया वन अवैध कटाई से काफी प्रभावित था और उजड़ने के कगार पर था। इसे बचाने के लिए स्थानीय ग्रामीणों ने पहल की, जिससे आज जंगल में पुनः हरियाली लौट आई है। इससे न केवल पर्यावरण संतुलित हुआ है बल्कि स्थानीय लोगों को भी कई प्रकार के लाभ मिल रहे हैं। जागरूकता के लिए लगाए नारे रक्षाबंधन कार्यक्रम में शामिल ग्रामीणों ने जागरूकता बढ़ाने के लिए नारे भी लगाए। इस अवसर पर मुखिया लक्ष्मी देवी, जीवलाल प्रजापति, मूलचंद ठाकुर, देवेंद्र कुमार, खिरोधर महतो, वन अध्यक्ष काली महतो, मोहन महतो, डब्लू महतो, सुरेश महतो, विश्वनाथ, पुनीत, प्रदीप कुंज, रुकवा देवी, मालती देवी, सावित्री देवी, बसवा देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अंकुर प्ले स्कूल में वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

हजारीबाग। सीमा सुरक्षा बल मेरू कैंप, हजारीबाग स्थित अंकुर प्ले स्कूल में वार्षिकोत्सव के अवसर पर शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लक्ष्मी कुटे, बावा प्रमुख का स्वागत प्रधानाध्यापिका रश्मि तिवारी ने किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर माधुरी राज, बबीता सिंह, विद्यालय के बच्चे, अभिभावक और शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं। बच्चों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद बच्चों ने स्वागत गीत, समूह नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी भव्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय का इतिहास और उद्देश्य अंकुर प्ले स्कूल की स्थापना वर्ष 1994 में केजी विद्यालय के रूप में हुई थी। 2001 में इसका नाम बदलकर अंकुर प्ले स्कूल कर दिया गया ।

## बीजेपी के तीनों मंडलों की संयुक्त बैठक संपन्न, मंडल अध्यक्ष चुनाव के लिए तिथि घोषित



**संवाददाता**

**बड़कागांव।** भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को सांसद मनीष जायसवाल के बड़कागांव आवास पर संपन्न हुई। इस बैठक में बड़कागांव पूर्वी मंडल, बड़कागांव पश्चिमी मंडल और केरेडारी मंडल के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता बड़कागांव पश्चिम मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी ने की, जबकि संचालन केरेडारी मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सदस्यता प्रभारी विनोद सिंह, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद और पूर्व जिला अध्यक्ष टुनु गोप उपस्थित थे। बैठक में संगठन चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। जिला सदस्यता प्रभारी विनोद सिंह ने कार्यकर्ताओं को संगठन के चुनावी महापर्व की महत्ता समझाई और बूथ कमेटियों के गठन पर जोर दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 5 मार्च तक सभी बूथों पर बूथ कमेटियों का गठन पूरा कर लिया जाए। इसके बाद 7 से 12 मार्च के बीच मंडल अध्यक्ष के चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। बैठक में उपस्थित कार्यकताओं ने संगठन को और मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श किया। सभी पदाधिकारियों को बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय करने का निर्देश दिया गया।इस बैठक में बड़कागांव मंडल महामंत्री नरसिंह प्रसाद, जिला मंत्री जयनारायण प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष दामोदर सिंह, रामपति राम, मनीष पांडे, सदस्यता सह प्रभारी टुकेश्वर प्रसाद, उमेश दांगी, महिला,जुगनू सिंह, देवंती देवी, फूलचंद गिरी, कैलाश कुमार राणा, बद्री नारायण सिंह सहित कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हजारीबाग यूथ विंग ने रक्तदान शिविर में रचा इतिहास, 221 यूनिट रक्त संग्रह



**संवाददाता**

**हजारीबाग।** यूथ विंग ने समाजसेवा के क्षेत्र में एक और मिसाल कायम करते हुए 2024-25 का सबसे बड़ा रक्तदान शिविर आयोजित किया। लक्ष्मी सिनेमा हॉल में आयोजित इस शिविर में 221 यूनिट रक्त संग्रह किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदान साबित होगा। इस आयोजन में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने भाग लिया, जिससे समाज में सहयोग और मानवता की भावना को मजबूती मिली। शिविर में लोगों का उत्साह देखने लायक था। सोशल मीडिया प्रचार के माध्यम से रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाई गई, जिससे युवा और महिलाएं भी प्रेरित हुए। खास बात यह रही कि इस अभियान में आधा दर्जन से अधिक महिलाओं ने भी रक्तदान किया, जिससे यह साबित हुआ कि समाजसेवा में वे किसी से पीछे नहीं हैं। इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल और डीडीसी इश्तियाक अहमद ने किया। उनके साथ जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रज किशोर जायसवाल और समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग यूथ विंग के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे समाजसेवा का प्रेरणादायक उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, जिससे जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। डीडीसी इश्तियाक अहमद ने भी इस शिविर को समाजसेवा का अनुकरणीय प्रयास बताते हुए कहा कि जब युवा एकजुट होते हैं, तो बड़े से बड़ा कार्य संभव हो जाता है। रक्तदान शिविर की शुरूआत समाजसेवी विनीता खंडेलवाल और संस्था के संरक्षक की धर्मपत्नी लता जैन पांड्या के रक्तदान से हुई। इसके बाद संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, मुक्तिधाम सेवा संस्थान के सचिव नीरज कुमार, पत्रकार प्रमोद खंडेलवाल, नवीन सिन्हा, सत्यनारायण सिंह, सनी देव, चंदन सिंह, नीरज सिन्हा समेत 221 लोगों ने रक्तदान किया। हजारीबाग यूथ विंग न केवल रक्तदान शिविरों का आयोजन कर रहा है, बल्कि जरूरतमंदों की सहायता, गरीबों के लिए भोजन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं जैसी विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

**दौरा** राज्यपाल के ओएसडी ने की एलएलएम प्रवेश परीक्षा की जांच

# विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया सभी आरोप निराधार



**संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड के राज्यपाल सह कुलाधिपति के विशेष कार्य पदाधिकारी (न्यायिक) एम.सी. नारायण ने सोमवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय का दौरा किया। हाल ही में आयोजित एलएलएम प्रवेश परीक्षा में अनियमितता को लेकर कुलाधिपति कार्यालय को शिकायत मिली थी, जिसके बाद इस जांच का निर्णय लिया गया।राज्यपाल के ओएसडी ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० पवन कुमार पोद्दार, परीक्षा के नोडल पदाधिकारी डॉ० इंद्रजीत कुमार, छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ० विकास कुमार, केंद्र अधीक्षक डॉ० गंगानन्द सिंह एवं कार्यवाहक कुलसचिव सहित अन्य अधिकारियों से इस मामले पर विस्तृत बातचीत की। इस दौरान परीक्षा से संबंधित सभी दस्तावेजों की जांच की गई। अधिकारियों ने उन्हें परीक्षा के दौरान अपनाई गई प्रक्रियाओं और सतर्कता उपायों की जानकारी दी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि परीक्षा के दौरान बाहरी लोगों का प्रवेश हो रहा था और विद्यार्थियों को नकल करने की अनुमति दी गई थी।

इस पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने सफाई देते हुए कहा कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता के साथ कराई गई थी और किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं हुई थी। अधिकारियों ने यह भी बताया कि परीक्षा के दौरान किसी अनधिकृत व्यक्ति को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया था। परीक्षा भवन में सभी अन्य कक्षाएं स्थगित कर दी गई थीं और परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार को लॉक कर दिया गया था। हजारीबाग सिविल कोर्ट के जुडिशल मजिस्ट्रेट ने भी परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया था और वे काफी समय तक वहां मौजूद रहे। इसके अलावा, जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी परीक्षा के दौरान लगातार निरीक्षण कर रहे थे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि अब तक किसी भी परीक्षार्थी ने कदाचार की शिकायत नहीं की है।गौरतलब है कि विश्वविद्यालय लॉ कॉलेज स्ववित्तपोषित संस्थान है। सत्र 2022-24 में कुल 50 में से 24 सीटें खाली रह गई थीं, जबकि सत्र 2023-25 में एक भी नामांकन नहीं हुआ। इससे महाविद्यालय को करीब डेढ़ करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। यदि इस सत्र में भी नामांकन नहीं होता, तो संस्थान को एक और करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ता, जिससे इसका संचालन प्रभावित होता। जांच के बाद राजभवन के अधिकारी ने सुझाव दिया कि भविष्य में परीक्षा को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में इसे संचालित किया जाए।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से मैट्रिक परीक्षार्थी की मौत

**संवाददाता**

**बरकट्ठा।** गंगपाचो पंचायत के ढोड़िया पुल के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक मैट्रिक परीक्षार्थी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में चुगलामो निवासी रोहित कुमार (पिता अर्जुन महतो) की जान चली गई, जबकि राहुल कुमार (पिता मंटू महतो) गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों छात्र एक ही गांव के निवासी थे और मैट्रिक परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर की गति बहुत तेज थी, जिससे बाइक और ट्रैक्टर की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रोहित कुमार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि राहुल कुमार को गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग और मृतक के परिजन घटनास्थल पर जुट गए और आक्रोशित होकर सड़क जाम कर दिया। सूचना मिलते ही बरही डीएसपी अजित कुमार विमल, इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी, थाना प्रभारी राजेश कुमार भोगता और जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों और मृतक के परिजनों को समझाने का प्रयास किया। प्रशासन की ओर से उचित मुआवजा और कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद लोगों ने जाम हटाया। घायल राहुल कुमार को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# बिहार विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 3.17 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभा में प्रदेश के वित्त मंत्री व उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज भोजनावकाश के बाद वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 3 लाख 16 हजार 895.02 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। यह पिछले वित्तीय वर्ष के बजट आकर से 38,169 करोड़ रुपए अधिक है। बजट में सबसे ज्यादा 61000 करोड रुपये शिक्षा के क्षेत्र में खर्च किए जाएंगे बजट भाषण में उप मुख्यमंत्री ने बताया कि अगले वित्तीय वर्ष में 2 लाख 60 हजार रुपये का राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य है। यह पिछले वर्ष के मुकाबले 34 हजार 33 करोड़ रुपये अधिक है। बिहार के बजट में इस बार वृद्धि हुई है। उन्होंने राज्य के निरंतर विकास के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया।

शिक्षा पर सबसे अधिक राशि खर्च होगीवित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में शिक्षा पर 60 हजार 954 करोड़, स्वास्थ्य पर 20 हजार 335, ग्रामीण विकास पर 16 हजार 193, ऊर्जा के लिए 13 हजार 483 करोड़ रुपये, समाज कल्याण विभाग व अन्य विभागों पर 13 368 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पटना में महिला हाट की स्थापना की जाएगी। सभी पंचायतों में कन्या विवाह मंडप की स्थापना की जाएगी। बजट भाषण में सम्राट चौधरी ने कई बड़ी घोषणासम्राट चौधरी ने घोषणा किया है कि 534 प्रखंड़ों में से 358 प्रखंडों में चरणबद्ध तरीके से एक-एक डिग्री कॉलेज चाहे वो सरकारी हो या निजी खोले जाएंगे। 21 बाजार समिति के आधुनिकीकरण के लिए 1,289 करोड़ की लागत से योजना लाई गई है। सभी बाजार समिति को कार्यशील किया जायेगा। 21 के बाद 17 अन्य बाजार समिति को जोड़ने का काम किया जायेगा। बिहार में एमएसपी पर अरहर, मूंग और उरद दाल को खरीदने का काम करेगी।

सभी अनुमंडल-ब्लॉक में कोल्ड स्टोरेज की स्थापना होगी। सुधा के तर्ज पर सभी प्रखंडों में तरकारी सुविधा आउटलेट खोले जायेंगे। इसके लिए समिति का गठन किया जायेगा। गरीब कन्याओं के विवाह हेतु सभी प्रखंडों में कन्या विवाह मंडपों का निर्माण होगा।

पटना में चलंत व्यायामशाला की स्थापना की जायेगी, इसमें प्रशिक्षक महिलाएं होंगी। शहरों में पिंक टॉयलेट की स्थापना होगी। सभी जिलों में बस स्टैंड को चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जायेगा।

### बजट में 61 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे शिक्षा पर



## संक्षिप्त खबरें

### राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव- 2025 के आयोजन को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



**दुमका।** उपायुक्त ने कहा कि श्रावणी मेला को ध्यान में रखते हुए शिवगंगा की बेहतर ढंग से साफ सफाई की जाय।कहा कि शिवगंगा के सारे पानी को निकालकर स्वच्छ जल भरा जाय ताकि आने वाले श्रद्धालु एक स्वच्छ माहौल में स्नान कर पूजा अर्चना कर सकें।उन्होंने कहा कि पेयजल पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है पेयजल को लेकर सभी जरूरी व्यवस्था प्रारंभ कर दी जाय ताकि श्रद्धालुओं को कठिनाई नहीं हो। उपायुक्त ने मंदिर प्रांगण में परमानेंट सीसीटीवी कैमरे अधिष्ठापित करने का भी निदेश दिया है।उन्होंने मंदिर तथा मेला क्षेत्र के साफ सफाई को लेकर नियमानुसार निविदा कर मेला अवधि हेतु पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के आवासन को लेकर इस वर्ष 5 टेंट सिटी बनाये जाएंगे।साथ ही 30-40 वीआईपी कॉटेज बनाए जाएंगे, इस कॉटेज में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी,साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था कॉटेज में होगी।इस कॉटेज की बुकिंग श्रद्धालु घर बैठे ऑनलाइन कर सकेंगे।इसके लिए उपायुक्त ने जगह चिन्हित करने का निदेश दिया है। बैठक में जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### विकसित बिहार के निर्माण को मजबूती देगा यह बजटः सांसद



**फारबिसगंज/अररिया।** बिहार सरकार द्वारा पेश की गई वित्तीय बजट 2025-26 को सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने बिहारवासियों के लिए विशेष बताते हुए हर्ष व्यक्त किया है, सांसद ने कहा कि विकसित बिहार के निर्माण हेतु बिहार सरकार द्वारा पेश किया गया यह वित्तीय बजट बिहार के संपूर्ण विकास को रेखांकित करता है, इस बार के बजट में केंद्र सरकार के बूस्टर सहयोग से बिहार के विकास को नई रफ्तार मिलने वाली है, वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिहार राज्य को केंद्र सरकार से सहायक अनुदान के रूप में 54. 160 करोड़ राशि प्राप्त होने का अनुमान है जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में मिले अनुदान से 2.414 करोड़ अधिक है। 2004-05 में बिहार सरकार का बजट जहां 23 हजार 88 करोड़ रुपये था, वहीं इस साल 2025 में यह राशि बढ़कर 3 लाख 17 हजार करोड़ रुपये हो चुका है। बिहार बजट से शहर -गाँव- गरीब, किसान, युवा मजदूर,महिला सभी वर्गों के उन्नति के लिए मार्ग प्रशस्त होंगे और स्व रोजगार, स्वावलंबन बढ़ावा मिलेगा। सांसद ने इस बार के बजट में नारी सशक्तिकरण की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाने हेतु बिहार सरकार का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि निश्चित रूप से यह बजट विकसित बिहार निर्माण में सहायक होने के साथ बिहार के जन-जन के कल्याण के सपनों को साकार करेगा।

### मयनागुड़ी थाना के ट्रैफिक विभाग ने अतिरिक्त धान के साथ एक वाहन को जब्त किया



**कोलकाता।** ऐसे माल गाड़ी द्वारा ले जाया जा रहा था। उस उत्पाद पर पुनः दो लोग बैठे थे। एक पिकअप ट्रक बहुत खतरनाक तरीके से सड़क पर चल रहा था। गाड़ी में धान अधिक मात्रा में था। यह देखते ही मयनागुड़ी थाने के ट्रैफिक विभाग ने वाहन को जब्त कर लिया। बताया जा रहा है कि गाड़ी धुपगुड़ी की ओर से आ रही थी।

### मयनागुड़ी में फैक्ट्री बंद, मजदूर विरोध में शामिल

**कोलकाता।** मयनागुड़ी में एक कारखाना बंद कर दिया गया। विरोध स्वरूप मजदूर भी प्रदर्शन में शामिल हुए। यह घटना सोमवार को मयनागुड़ी प्रखंड के उत्तरी माधबडांगा में घटी। विरोध प्रदर्शनों से क्षेत्र में भारी हलचल मच गई है। आरोप है कि फैक्ट्री मालिक ने अचानक मजदूरों को काम करने से रोक दिया। इस बीच, नौकरी जाने से मजदूर परेशान हैं।

### बारुईपुर में दक्षिण 24 परगना जिला सीपीएम कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन



**कोलकाता।** बारुईपुर में दक्षिण 24 परगना जिला सीपीएम कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन को लेकर तनाव। आरोप है कि जब तृणमूल छात्र परिषद के कार्यकर्ता अंदर घुसे तो सीपीएम कार्यकताओं के साथ उनकी हाथापाई हो गई। सीपीएम नेता सुजन चक्रवर्ती, राहुल घोष, रतन बागची और अन्य नेता कार्यालय के अंदर फंसे रहे। बारुईपुर थाने की पुलिस घटनास्थल द्वारा किये ।

## सखी बहिनपा की महिलाओं ने फूलों और गुलालों के बीच मनाया होली मिलन



संवाददाता

**पूर्णियां।** स्वयंसेवी संस्था सखी बहिनपा मैथिलानी समूह के पूर्णियाँ इकाई की प्रभारी सुषमा झा के नेतृत्व में समूह की सखियों द्वारा शहर के एक होटल में होली के शुभ अवसर पर होली मिलन समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर सखी बहिनपा मैथिलानी समूह के सखियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की । समूह की सखियों ने जय-जय भैरवी असुर भयाउनि गीत के पश्चात अन्य गीत गाकर अपना एवं उपस्थित समुदाय का भरपूर मनोरंजन किया। इस अवसर पर सखियों द्वारा गीत-संगीत का सफल एवं भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इकाई प्रभारी सुषमा झा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमलोगों ने होली मिलन समारोह आयोजित कर समाज में एकता एवं सौहार्द का वातावरण बनाने का संकल्प लिया। आज ही पालिटेकनिक चौक स्थित मन्दिर परिसर में सफाई का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया । सफाई का कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण सुरक्षा के प्रति लोगों को संदेश देना एक उद्देश्य था। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व मकर संक्रान्ति मास में भी कई अन्य कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिनमें अनाथालय एवं बृद्धाश्रम में सेवा आदि प्रमुख रहा। मौके पर पूर्णियाँ समूह की सखियों में साधना चौधरी, प्रतिभा झा, नूतन ठाकुर, लवली झा के अतिरिक्त अन्य सखियाँ मौजूद रहीं ।

## राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को और बल देने की कोशिश : डॉ सुधांशु

संवाददाता



**पटना।** बिहार विधानसभा में सोमवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 साल के लिए उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने 3.17 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए देश के ख्याति प्राप्त अर्थशास्त्री और प्रौफेसर डॉ. सुधांशु ने हिन्दुस्थान समाचार से कहा कि राज्य में आसन्न चुनाव के मद्देनजर इस वर्ष के बजट के केंद्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चल रही राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को और आगे बढ़ाने की कोशिश दिखी है। डॉ. सुधांशु ने कहा कि पिछले लगभग दो दशक में राज्य के बजट में कई गुना वृद्धि हुई है, जिसका राज्य सरकार ने वित्तीय अनुशासन के साथ प्रबंधन किया है। 3.17 लाख करोड़ के इस बजट में भी राजकोषीय घाटे और कर्ज को राज्य की जीएसडीपी का 2.98 प्रतिशत रखा गया है। साथ ही राज्य सरकार के योजना मद के खर्च में लगभग 17 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है।

वही स्थापना एवं प्रतिबद्ध खर्च में लगभग 11 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है।

उन्होंने कहा कि एक तरफ जहा वेतन आदि जरूरतों पर बढ़ते खर्च के लिए वित्तीय संसाधन बढ़ाने की जरूरत थी, वहीं योजना मद में वृद्धि से राज्य के विकास योजनाओं पर खर्च किया जा सकेगा। नई नियुक्तियों और बढ़ते वेतन को देखते हुए इस मद में 81 हजार करोड़ का खर्च तो वहीं पेंशन पर 33 हजार करोड़ खर्च होंगे। पूंजीगत खर्च को भी बढ़ाया गया है और इसे कुल खर्च का 20.5 प्रतिशत रखा गया है।

इसमें राज्य को केंद्र सरकार के बजट में किये प्रावधानों का भी लाभ मिल सकता है। अर्थशास्त्री सुधांशु ने कहा कि राज्य सरकार अपने राजस्व खाते में से पैसे को बचा कर पूंजीगत खर्च को सहयोग दे सकती है। इन प्रयासों से राज्य के आर्थिक विकास के लिए जरुरी आधारभूत संरचना को बढ़ने में सहयोग मिलेगा। बिहार के लिए यह वर्ष खास है, इसकी झलक केंद्र सरकार के बजट की घोषणाओं में भी दिखी। ऐसे में चुनावी वर्ष में बजट घोषणाओं को अमल करने की पूरी कोशिश आने वाले समय में दिखेगी, ऐसा उम्मीद है। बजट में महिला, युवा और किसान की जरुरतों के साथ स्वास्थ्य, सड़क और बिजली जैसी सुविधाओं के विकास पर बातें की गई हैं, जो राज्य सरकार की अब तक की उपलब्धियों के दावों की दिशा में किये गए प्रयास हैं।

## अररिया में बंधन बैंक कर्मी से डेढ़ लाख रुपये की लूट

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया जिला के बथनाहा थाना क्षेत्र में एक बड़ी घटना घटी है, जहां अज्ञात बदमाशों ने बंधन बैंक के स्टॉप श्यामलकाशोर कुमार मिश्रा को बंदूक के नोक पर डरा कर डेढ़ लाख रुपये छीन लिए और दो फायरिंग भी की। यह घटना श्यामनगर चौक से सोनापुर बाजार जाने वाली सड़क पर हुई। घटना के बाद मौके पर बथनाहा थाना अध्यक्ष धनुष कुमार गुप्ता ने जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। लोगों ने बताया कि घटना को दिन के 2:00 बजे अंजाम दिया गया और बदमाशों ने बंधन बैंक कर्मी को बंदूक के नोक पर डरा कर पैसे छीन लिए। इस घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। लोगों ने बदमाशों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार करने का दावा किया है। तरह की घटनाएं इलाके में अपराध की बढ़ती दर को दशार्ती हैं। पुलिस को ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने होंगे।

## स्कूल से सटे इलाके में हाथियों का झुंड निकल आया!



संवाददाता

**कोलकाता।** संवाददाता उच्च माध्यमिक परीक्षा शुरू होने से पहले सोमवार की सुबह लगभग 16 हाथियों का एक समूह हासीमारा हाई स्कूल और हासीमारा हिंदी हाई स्कूल के निकटवर्ती क्षेत्र में घूमता रहा। परीक्षा शुरू होने से पहले इस घटना से अभ्यर्थियों में दहशत फैल गई। पुलिस और वन अधिकारी हाथी को भगाने के लिए तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। हाथियों के समूह को बॉक्सर जंगल में ले जाया गया। बाद में, वनकर्मियों ने क्षेत्र के परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया।

## बालुरघाट नगर पालिका अध्यक्ष ने फर्जी मतदाताओं को पकड़ा



**कोलकाता।** बालुरघाट नगरपालिका के चेयरमैन अशोक मित्रा ने अपने ही वार्ड में एक फर्जी मतदाता को पकड़ा। इस घटना को लेकर बालुरघाट शहर में हंगामा मचा हुआ है। पता चला है कि अहमदाबाद, गुजरात के भावेशभाई प्रजापति के पास भी डलिया रॉय नामक किसी व्यक्ति का एपिक नंबर है।

## कुलतली में सबुज तूफान, टीएमसी ने 30 साल बाद भुवनखाली समवाय समिति चुनाव जीता

संवाददाता



**कोलकाता।** समवाय समिति चुनावों में फिर से सबुज तूफान। इस बार दक्षिण 24 परगना के कुलतली में भुवनखाली के समवाय समिति वोट में घास फूल खिल गई है। 30 वर्षों के बाद राज्य के सत्तारूढ़ खेमे को पूर्ण विजय प्राप्त हुई।

कुलतली के चुपड़ीझाडा ग्राम पंचायत की भुवनखाली समवाय समिति में कुल 9 सीटें हैं। सत्तारूढ़ खेमे ने प्रत्येक सीट के लिए नामांकन प्रस्तुत किया था। हालाँकि, विपक्ष के किसी भी सदस्य ने नामांकन पत्र प्रस्तुत नहीं किया। परिणामस्वरूप, घासफुल खेमा निर्विरोध जीत गया। तृणमूल कांग्रेस स्वाभाविक रूप से इस बड़ी जीत से खुश है। कार्यकताओं व समर्थकों ने हरा अबीर खेल कर आनंद लिया।

चुपड़ीझाडा क्षेत्र के तृणमूल अध्यक्ष सलाहुद्दीन धाली ने कहा, ₹अब राज्य में कोई भी ऐसा नहीं बचा है जो खुद को विपक्ष कहता हो। अब हमारा लक्ष्य अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों में भारी अंतर से जीत हासिल करना है। वामपंथियों की आलोचनाओं के बीच उन्होंने आगे कहा, ₹यह समवाय समिति लंबे समय से वामपंथियों के नियंत्रण में थी।₹ वे लंबे समय से भ्रष्टाचार के जरिए जीतते आ रहे हैं। अब उनमें चुनाव लड़ने का भी साहस नहीं बचा है। हालाँकि, इस मुद्दे पर वामपंथियों की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

## वन विभाग क्वार्टर में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की रहस्यमय मौत, हत्या या आत्महत्या?

संवाददाता



**कोलकाता।** मादारीहाट में वन विभाग के क्वार्टर के अंदर एक ही परिवार के तीन सदस्यों की अप्राकृतिक मौत से हड़कंप मच गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मादारीहाट के सायलामंडल इलाके का निवासी विनोद उरांव वन विभाग में महावत का काम करता था। वह और उनका परिवार अपने सबसे बड़े बेटे विवेक उरांव की शिक्षा के लिए मादारीहाट रेंज कार्यालय के क्वार्टर में रहते थे।

सोमवार सुबह पता चला कि विनोद के भाई रवि उरांव (30) ने आत्महत्या कर ली है। उनकी मां बेबी उरांव (52) और बड़ा बेटा विवेक उरांव (13) अगले कमरे में मृत पड़े हैं। हालांकि, इस बात पर भी संदेह पैदा हो गया है कि क्या तीनों ने आत्महत्या की है - या फिर रवि उरांव ने अपनी मां और विवेक की हत्या कर खुद आत्महत्या कर ली। वन विभाग के अधिकारी और मादारीहाट थाना की पुलिसकर्मी पहले ही घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं।

ज्ञातव्य है कि विनोद का परिवार छह सदस्यों का था जिसमें उनकी पत्नी, मां, दो बेटे और भाई शामिल थे। उनका सबसे बड़ा बेटा विवेक मादारीहाट के एक निजी अंग्रेजी मध्यम स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ रहा था। पड़ोसियों ने बताया कि उनके परिवार में कोई विवाद या अशांति नहीं थी। विनोद उरांव सोमवार सुबह वन विभाग में ड्यूटी पर गए थे। अपनी पत्नी से यह भयानक समाचार पाकर वह घर भागा।

ऐसा प्रतीत होता है कि भाई रवि फांसी पर लटका हुआ है। उसकी मां और बेटा फर्श पर मृत पड़े हैं। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि रवि ने आत्महत्या की है। हालाँकि, अन्य दो की गला घोंटकर हत्या कर दी गई।

विनोद उरांव ने बताया कि 2014 में काम करते समय उनके पिता की मृत्यु हो गई थी। परिणामस्वरूप, उसके पिता की नौकरी उसके भाई को मिल गई। इसके लिए वे कई बार कोलकाता तक भी गए। लेकिन दस साल बाद भी नौकरी न मिलने से मेरा भाई उदास हो गया। घटना की रात रवि उरांव ने अपनी सारी किताबें ले लीं और अपने घर के पीछे उन्हें आग लगा दी। हालांकि विनोद ने अपने भाई को हार न मानने की सलाह दी, लेकिन वह मानसिक रूप से पूरी तरह टूट चुका था। रात को उन्होंने साथ मिलकर मछली और चावल खाया और सो गए। यह घटना सुबह के समय घटी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मौत का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच शुरू कर दी गई है।

## बेटे को अस्पताल ले जाते समय ट्रक की चपेट में आने से पिता की मौत



संवाददाता

**कोलकाता।** अपने बेटे का इलाज कराने गए पिता की ट्रक के पहिये के नीचे कुचलकर मौत हो गई। यह घटना दिनहाटा शहर से सटे गोपालनगर बोर्डिंगपाडा रोड इलाके में घटी। स्थानीय लोगों की शिकायत है कि मिट्टी और पत्थरों से लदे ट्रक सुबह से शाम तक नियमित रूप से इस क्षेत्र से गुजरते हैं। परिणामस्वरूप, लंबे समय तक दुर्घटना का खतरा बना रहा। गुस्साए स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करने और सड़क सुरक्षा उपायों को मजबूत करने की मांग की है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दिनहाटा के सिताई इलाके के निवासी हुमायूं प्रमाणिक अपने 60 वर्षीय पिता बबलू प्रमाणिक के साथ इलाज के लिए जा रहे थे। रास्ते में बबलू प्रमाणिक बीमार पड़ गया और अचानक हुमायूं की गाड़ी से गिर गया। उसी समय पत्थरों से भरा एक ट्रक तेजी से वहां से गुजरा और उसे कुचल दिया। उनकी मौके पर मौत हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। सूचना मिलने पर दिनहाटा थाने की पुलिस बल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा ट्रक को जब्त कर लिया है। दिनहाटा थाना की पुलिस ने कहा कि ट्रक चालक की तलाश जारी है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, मंगलवार 04 मार्च 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

# सांसद ने 809.72 की लागत से सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

संवाददाता

**मेदिनीनगर/पलामू।** पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रामगढ़ प्रखंड के ग्राम नावाडीह में माननीय सांसद पलामू श्री विष्णु दयाल राम जी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएम जनमन) के तहत चैनपुर एवं रामगढ़ प्रखण्ड में 809.72 (आठ करोड़ नौ लाख बहत्तर हजार रुपए) की लागत से कुल 9.22 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।



**उक्त सड़क निम्नलिखित हैं:-**

**1.**चैनपुर-रामगढ़ प्रखण्ड के ग्राम गोरे से कोरवा टोला बलहीया कोरवा टोला तक 2.30 कि0मी0।

**2.**चैनपुर-रामगढ़ प्रखण्ड के ग्राम सरहुआ से कोरवा टोला वाया सरहुआ स्कूल 0.77 कि0मी0।

**3.**चैनपुर-रामगढ़ प्रखण्ड के आरसीडी करसो रोड़ से पचलेवा तक 4.45 कि0मी0 लागत 387.92 करोड़।

**4.**चैनपुर-रामगढ़ प्रखण्ड के गोरे पीपराटांड कोरवा टोला से नावाडीह पीडब्लुडी रोड़. तक 1.70 कि0मी. लागत 146..9 करोड़।

सांसद ने कहा कि इसके अतिरिक्त चैनपुर एवं रामगढ़ प्रखंड के आदिम जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएम जनमन) के तहत 1. सड़कों का निविदा जल्द प्रकाशित होगी।

**उक्त सड़क निम्नलिखित है:-**

1. चैनपुर हुटार आरसीडी रोड़ से मुस्लिम टोला वाया दुर्गा मंडप नारायण तक 4.4 कि.मी.।

2. चैनपुर हुटार आरसीडी रोड़ से वाया खुरा भौराहा तक 2.5 कि.मी.।

3. रमकंडा डालटनगंज आरसीडी रोड़ से हिसरा तक 2.41 कि.मी.।

4. पचलेवा बभनडीह आरईओ रोड़ से खरवा महुआ दामर तक 2.6 कि.मी.।

5. रमकंडा डालटनगंज आरसीडी रोड़ से वाया तेमारी हिसरा करमा तक 4.175 कि.मी.।

6. चान्दो परसाखाड़ आरईओ रोड़ बरवाखाड से घासी टोला तक ..65 कि.मी.।

**7.**डालटनगंज रमकंडा आरसीडी रोड़ बोरी स्कूल से दशरथ टोला तक 3.5 कि.मी.।

**8.**रामगढ़ धेलुआ रक्सी रोड़ टिकुलिया पथल से धेलुआ तक 2..5 कि.मी.।

**9.**बभनडीह कोठी महुआ पीएमजीएसवाई रोड़ से कोठी महुआ स्कूल रानुद तक 2.1 कि.मी.

**1.** चैनपुर हुटार आरसीडी रोड़ कुकाडु से माके तक 4.9 कि.मी.। उक्त सड़कों के निर्माण होने से आदिम जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में जनता को आवागमन सुगम होगी।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला परिषद सदस्य प्रमोद कुमार सिंह, वरिष्ठ नेता प्रफुल कुमार सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, जिला परिषद सदस्य छोटन सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष शंभू पासवान, चैनपुर मंडल अध्यक्ष शशिभूषण पाण्डेय, रामगढ़ मंडल अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, ईश्वरी पाण्डेय, नावाडीह पंचायत के मुखिया दयानन्द प्रसाद, करसो पंचायत के मुखिया पति शंकर साव, पूर्व मुखिया कामेश्वर उरांव, सांसद प्रतिनिधि भोला पाण्डेय, सुदेशवर चौधरी, मनोज दास, राजेश सिंह, राकेश जयसवाल, पिंकी सोरेन, ज्योति सोरेन, सहित ग्रामीण जनता उपस्थित थी।

## संक्षिप्त खबरें

### भूतपूर्व विधायक व वरिष्ठ अधिवक्ता की पुण्यतिथि आठ मार्च को



**मेदिनीनगर/पलामू।** भूतपूर्व विधायक व वरीय अधिवक्ता सचिदानंद त्रिपाठी का 38 वी पुण्यतिथि व अधिवक्ता सम्मान समारोह 8 मार्च शनिवार को पलामू जिला अधिवक्ता संघ भवन में मनाया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी कार्यक्रम के संयोजक व स्वर्गीय त्रिपाठी के नाती व वरीय अधिवक्ता शशि भूषण दुबे ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव होंगे। जबकि वशिष्ठ अतिथि कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास होंगे ।इस मौके पर कई न्यायिक अधिकारी के अलावे सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 12 अधिवक्ताओं को प्रशस्ति पत्र व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया जाएगा ।श्री दुबे ने बताया कि सचिदानंद त्रिपाठी सदर प्रखंड के रजवाड़ीह गांव के निवासी थे ।उन्होंने 1962 से 1967 तक डाल्टनगंज विधानसभा का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने वकालत के पेसे में काफी नाम कमाया था। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष स्वर्गीय त्रिपाठी के नाती अधिवक्ता शशि भूषण दुबे उनके याद में अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन करते हैं। जिसमें अधिवक्ताओं को प्रशस्ति पत्र व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते है। शशि भूषण दुबे ने बताया कि स्वर्गीय त्रिपाठी की मृत्यु 8 मार्च 1987 को हो गई थी। वे रांची उच्च न्यायालय में भी प्रैक्टिस करते थे।

### पलामू निवासी द्वारा बजट पेश करना प्रशंसनीयः अविनाश वर्मा



**पलामू।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने झारखंड सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा की वर्तमान की अबुआ सरकार के द्वारा पेश किए गए अबुआ बजट में सिर्फ मईंया सम्मान योजना के अतिरिक्त कोई ऐसी योजना, प्रस्ताव या वादे नहीं है जिसे अबुआ बजट कहा जा सके। अविनाश वर्मा ने वित्त मंत्री द्वारा सदन में 1,45,400/ करोड़ के बजट पर कहा कि यह बजट पिछले वर्ष की तुलना में 17000/ करोड़ अधिक होने के बावजूद कोई ऐसी ठोस बात, छूट या कोई राहत नहीं दी गई है जो झारखंड की जनता के हित में हो। उन्होंने मईंया सम्मान योजना में 13363 करोड़ की राशि के साथ 200 यूनिट मुफ्त बिजली के लिए 5005 करोड़ 9 लाख रुपए के प्रस्ताव को लोक लुभावन मानते हुए कहा कि जो सरकार पिछ्ले वर्ष की राशि का मात्र 60 से 65% ही कुल योजना का खर्च कर पाई वैसी सरकार से इस नए बजट में राशि बढ़ाने के क्या फायदे। वर्मा ने कहा की गत वर्ष संपन्न हुए चुनाव में झामुमो, कांग्रेस और राजद के साथ सरकार में शामिल सभी दलों ने अपने-अपने घोषणाओं में कई आकर्षक घोषणाएं की थी जिसमें कांग्रेस पार्टी ने मुख्य रूप से 450 रू में गैस देने का वादा किया था जबकि झामुमो सरकार की घोषणा पत्र में शिक्षित बेरोजगारों को 7000 से 5000 देने के साथ ही कई वायदे किए गए थे मगर हेमंत सरकार द्वारा पेश किए गए इस बजट में अभी तक कोई भी ऐसी ठोस और राज्य योनुमूखी कार्य झारखंड के लोगों को नहीं मिल पाया है जिसके वह हकदार थे, ऐसे में यह बजट भी औपचारिकता के अतिरिक्त और कुछ नहीं जबकि गठबंधन में शामिल सभी दलों की घोषणाओं का यह बजट एक प्रतिबिंब होना चाहिए था जहां उन सबों ने झारखंड की जनता के साथ जो वादे किए थे उसका समावेश होना चाहिए था।

### दिशाहीन-विकास विरोधी बजट : अमित तिवारी



**पलामू।** झारखंड सरकार का 2025 का बजट विकास विरोधी एवं दिशाहीन है। इस बजट में समाज के सभी वर्गों का ध्यान नहीं रखा गया है। हेमंत सरकार ने इस बजट को पेश करके दिखा दिया कि नौजवान छात्र के प्रति एवं विकास के प्रति उनका कोई भी पहल नहीं है। किसानों के सिंचाई के लिए भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। झारखंड प्रदेश के लोगों की अपेक्षाएं इस बजट से ज्यादा थी लेकिन झारखंड वासियों को सिर्फ ठगा गया। आम जनता से चुनाव के समय किया गया सारा वादा इनका झूठा साबित हुआ उन्होंने 450 रुपए मे गैस सिलेंडर देने का वादा किया था जो बजट में नहीं है। महिलाओं के स्वालंबन, रोजगार एवं विकास के लिए इस बजट में उसकी कोई चर्चा नहीं हुई युवाओं के रोजगार के प्रति इस सरकार में कुछ भी ठोस पहल नहीं किया। समाज के सभी वर्गों को इस बजट के माध्यम से ठगा गया ही गया।

### आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र महुदंड को प्रखंड का दर्जा दे सरकार : अशोक



**हुसैनाबाद पलामू।** झारखंडी गायक सह समाजसेवी अशोक कुमार चौधरी गांव लंगरकोट हुसैनाबाद पलामू ने प्रेस के माध्यम से कहा है कि पलामू जिला अंतर्गत अनुमंडल हुसैनाबाद के आदिवासी बाहुल्य अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र बहुदंड जो हुसैनाबाद प्रखंड से लगभग 30-40 किलोमीटर कि दुरी पर स्थित है यह क्षेत्र शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार तथा आर्थिक स्थिति से काफी पिछड़ा हुआ क्षेत्रों में आता है अशोक ने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों ने आज भी जलावन कि लकड़ी बेचकर मजदूरी कर के जंगलों में शिकार कर के अपना जीवन यापन करते हैं भारत देश हमारा आजादी हुए 76 वर्ष हो गया और हमारा झारखंड अलग हुए 24 वर्ष बीत चुका है लेकिन आज भी हमारे सुदूर वर्ती आदिवासी आदिम जनजातिय मूलवासी बहुल क्षेत्रों महुदंड लेकर अभी तक कोई भी जनप्रतिनिधियों ने प्रखंड बनाने के लिए प्रस्ताव झारखंड सरकार को नहीं दिया जो बहुत ही दुर्भाग्य की बात है। अशोक ने कहा कि सुदुर वर्ती क्षेत्र महुदंड क्षेत्र के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करते हुए प्रखंड, अंचल, अनुमंडल कार्यालय में काम कराने के लिए जाना पड़ता है। अशोक ने कहा कि आज झारखंड में आदिवासियों एवं मूलवासियों कि सरकार चल रही है आज हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से सरकार समर्थित पार्टी के सदस्य को जिता कर विधानसभा में भेजने का जनता ने काम किया है उनके द्वारा अनेकों उपलब्धि गिनया जा रहा है लेकिन इस सुदूरवर्ती आदिवासी बाहुल्य अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र महुदडं को प्रखंड का दर्जा दिलाने में उनका दिलचस्पी नहीं दिख रहा है।

## कल्पना सोरेन से मुलाकात कर अविनाश देव ने दी जन्मदिन की बधाई

संवाददाता

**मेदिनीनगर/पलामू।** झारखंड माटी कला बोर्ड के सदस्य सह संत मरियम आवासीय विद्यालय के चैयरमेन व झामुमो के वरिष्ठ नेता अविनाश देव ने गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

इस दौरान अविनाश देव ने सोरेन को हेमंत सरकार के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को लेकर किये गये कार्य पर चर्चा की। कहा कि सरकार के इस प्रयास का साकारात्मक असर देखने को मिल रहा हैं। साथ ही श्री देव ने विधायक कल्पना सोरेन को पलामू में आने का न्यौता दिया ।

इस पर कल्पना सोरेन ने भरोसा दिलाया कि जल्द हीं वह पलामू आयेगी और संत मरियम आवासीय विद्यालय के कार्यक्रम में भाग लेंगी । उन्होंने कहा कि स्कूल के आयोजन में बच्चों के बीच जा कर उन्हें भी बेहद खुशी मिलेगी। श्री देव ने कहा कि यह भी एक सुखद संयोग हैं जब कल्पना सोरेन जी की जन्मदिन के दिन हीं । राज्य का अबुआ बजट आया हैं । जो राज्य को नयी दिशा देगा। विकास की गति पूरी रफ्तार पकड़ेगा ।







### नर में होता है नारायण की सेवाः शीला श्रीवास्तव

**मेदिनीनगर/ पलामू।** मिशन समृद्धि संस्था द्वारा निरंतर भोजन का वितरण होते ही रहता है जिसमें ईश्वर की कृपा बनी हूई है। यदि ऐसा नहीं होता तो शायद सालों साल से यह अभियान नहीं चल पाता। सेवा की भावना ही मनुष्य को इन कार्यो के प्रति निष्ठावान बनाता है। भोजन जितना ही श्रद्धा से बनाया या परोसा जाता है उसमें उतना ही अधिक मिठास पाया जाता है। रोटी देने वाले हर परिवार बहुत ही निष्ठा से देते हैं।जरूरतमंदों के बीच भोजन देते समय नारायण की सेवा की अनुभूति होती है। रोटी सब्जी और खिचड़ी का वितरण जरूरतमंदों के बीच किया गया। यह संस्था भोजन देने वाले परिवारों का आभार प्रकट करता है। सहयोगी अहिल्या गिरि बैजन्ती गुप्ता वीणा राज रंजीता ममता शिल्पी गोस्वामी का शुक्रिया।

## तीन आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास नीति के तहत भूमि बंदोबस्ती का दिया गया पर्चा



संवाददाता

**बरवाडीह।** सोमवार को बरवाडीह अंचलाधिकारी मनोज कुमार एवं छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह की उपस्थिति में आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास नीति के तहत गृह निर्माण हेतु आवंटित भूमि का बंदोबस्ती पर्चा वितरण किया गया। वहीं अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया की यह भूमि सरकार के निर्देश पर आत्मसपर्मन नक्सलियों को पुनर्वास नीति के तहत दिया गया है।

उन्होंने बताया की सोमवार को बरवाडीह अंचल के तीन लोगो को भूमि बंदोबस्ती पर्चा दिया गया है। जिसमे उपेंद्र सिंह खरवार, पिता राम प्रसादी सिंह, ग्राम नवाडीह, थाना छिपादोहर, कमलेश सिंह उर्फ नाना जी, पिता बालदेव सिंह, ग्राम लात हरहे, थाना छिपादोहर एवं मोहन परहिया ऊर्फ आलोक परहिया, ग्राम नवाडीह, थाना छिपादोहर को दिया गया है। मौके पर बड़ा बाबू मनोज कुमार, सहायक नित्यानंद तिवारी मौजूद थे।

## सेवा सदन हॉस्पिटल में नवजात की मौत, परिजनों ने किया हंगामा



संवाददाता

**मेदिनीनगर/ पलाम।** शहर के सेवा सदन हॉस्पिटल में एक नवजात शिशु की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण बच्चे की जान गई। घटना के बाद शिशु की मां सदमे में आ गई और बेहोश हो गई। सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। इस घटना से गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। मृत नवजात के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, अस्पताल प्रबंधन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## सक्रिय सदस्यता के साथ विभिन्न स्तरों पर कमेटी का होगा गठन : कमलेश



संवाददाता

**हुसैनाबाद/पलामू।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह के हुसैनाबाद स्थित आवास पर संगठनात्मक चुनाव को लेकर कमलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चा के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, मंडल प्रभारी, मंडल चुनाव प्रभारी एवं सह प्रभारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी के निर्देशानुसार संगठन पर्व सदस्यता अभियान को लेकर पलामू जिले में भी सक्रिय सदस्यता बनाने का कार्य अग्रसर है। श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश के निर्देशानुसार मार्च महीने में ही संगठन के बूथ, मंडल एवं जिला स्तरीय चुनाव कराना तय किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले के अधिकांश मंडलों में बूथ कमेटी बनाने का कार्य अंतिम चरण में है। जबकि बूथ कमेटी मंडल अध्यक्ष का चुनाव करेगी इसके बाद जिला अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह ने कहा कि बूथ कमेटी मे कम से कम तीन महिलाओं एवं सभी वर्गों की भागीदारी का होना अनिवार्य है। सभी कार्यकर्ता सक्रियता के साथ निर्धारित समय में ही बूथ एवं मंडल मे चुनाव संपन्न कराने को लेकर तत्परता के साथ जुट जाएं।

## आरपीएस पब्लिक स्कूल जपला में नए प्रधानाचार्या ने दिया योगदान



संवाददाता

**हुसैनाबाद/पलामू।** जपला के सुप्रसिद्ध विद्यालय आर. पी. एस पब्लिक स्कूल में सोमवार को नए प्रधानाचार्या श्रीमती पूबाली रॉय ने योगदान दिया।विद्यालय प्रबंधन की ओर से एक पारंपरिक आयोजन के साथ नवागत प्रधानाचार्या का स्वागत किया गया। इस समारोह में नवागत प्रधानाचार्या श्रीमति पूबाली रॉय को पुष्प के साथ सम्मानित करते हुए विद्यालय के निर्देशक संजय सिंह (लड्डू) तथा शैक्षणिक निर्देशक प्रोफेसर डॉ. सुरेश चंद्रा ने विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके पश्चात विद्यालय के समस्त शिक्षक - शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों के साथ नवागत प्रधानाचार्या का परिचय करवाया गया।संपूर्ण कार्यक्रम शैक्षणिक निर्देशक एवं विद्यालय परिवार द्वारा सुचारू रूप से परिचालित हुआ।

## अखिल भारतीय धोबी महासंघ की हुई बैठक

संवाददाता

**हुसैनाबाद।** मेदिनीनगर कचहरी परिसर स्थित पेंशनर भवन में अखिल भारतीय धोबी महासंघ के पलामू के धोबी समाज की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता सेवा निवृत्त शिक्षक जगदीश बैठा ने की जबकि औसंचालन नागमनी रजक के द्वारा किया गया.पर्वेक्षिक राज कुमार रजक अखिल भारतीय धोबी महासंघ युवा प्रदेश अध्यक्ष सह पर्वेक्षिक गढ़वा निवासी सेवा निवृत्त शिक्षक श्री अशर्फी बैठा की .गरमामयी उपस्थिति में जिला कमिटी का चुनाव किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष के रूप मे श्री कृष्णा बैठा, उपाध्यक्ष लड्डू रजक, सचिव अजय कुमार रजक, एवं कोषाध्यक्ष श्री सुनील कुमार रजक को उपस्थित धोबी समाज के सम्मानित सज्जनों के द्वारा चुनाव किया गया. उपस्थित पर्वेक्षक एवं सह पर्वेक्षक ने संयुक्त रूप से चुनाव परिणाम की घोषणा की एव समाज को उन्नति के पथ पर चलने का मार्गदर्शन दिया. नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने पलामू जिला के सभी प्रखंडों एवं डालटनगंज शहर से आए हुए सभी सम्मानित सजनों को अध्यक्ष निर्वाचित करने पर आभार प्रकट करते हुए कहा कि समाज की मान सम्मान को कभी ठेस नहीं पहुंचने देंगे. समाज के उत्थान के लिए लगातार संघर्ष करते रहूँगा. ताकि हमारा समाज बिकास के सभी क्षेत्रों मे अग्रसर हो. मौके पर उपस्थित सम्मानित सज्जनों डॉक्टर कृष्ण कन्हैया, लोचन बैठा, लालजी बैठा, शिक्षक बिनोद बैठा, नंद किशोर रजक, ललित बैठा, शिव नंदन बैठा, सत्येंद्र बैठा, आजाद सर, संजय बैठा, सुरेश बैठा, बैजनाथ बैठा, छेदी बैठा, मुख्तार बैठा, जनेश्वर बैठा, जयश्री बैठा, प्रमोद कुमार रजक, शशि रंजन, सत्यम रजक, रमेश रजक, मुरारी बैठा, बबन कुमार रजक, बीरेन्द्र बैठा, शैलेन्द्र रजक, संजीत रजक, संजीत रजक, कुंदन सर, नंद किशोर बैठा, राजेन्द्र बैठा, सुनेश्वर बैठा, देवाशीष राजन, पपू रजक व अन्य उपस्थित थे।



## कांडी में भटका जंगली बारहसिंगा, रेस्क्यू में जुटी वन विभाग की टीम

**गढ़वा।** कांडी प्रखंड मुख्यालय स्थित ग्राम कांडी के कोइरी टोला में सोमवार की अहले सुबह पानी की तलाश में एक जंगली सांबर (बारहसिंगा) भटक कर पहुंच गया। गांव में अचानक जंगली जानवर को देखकर लोग भयभीत हो गए। देखते ही देखते यह खबर पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी। कांडी पुलिस ने वन विभाग को जानकारी देकर रेस्क्यू अभियान शुरू करने का अनुरोध किया। रेंज ऑफिसर प्रमोद कुमार ठाकुर के निर्देश पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बारहसिंगा को सुरक्षित पकड़ने की कोशिश की, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली है।

## ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद की सूझ-बूझ से गुम हुआ बच्चा परिजनों को सौंपा



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद की तत्परता और सूझ बूझ से भुला हुवा बच्चा परिजनों कों सौंपा बच्चा को उसकी मां पूनम देवी पति सिकंदर ओझा ग्राम मंगरा थाना बरवाडी जिला लातेहार और साथ में बच्चे की मामी पिंकी देवी पति सत्य प्रकाश शुक्ला ग्राम सिंगरा थाना सदर जिला पलामू मोबाइल नंबर 8250940030 को बच्चा सही सलामत सुपुर्द किया परिजनों ने पलामू पुलिस को इसके लिए धन्यवाद दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### असम ने बिहार को 2-1 से हराया



**पंचकूला।** ताऊ देवी लाल हॉकी स्टेडियम, पंचकूला में चल रही 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के डिवीजन बी के तीसरे दिन सोमवार को असम हॉकी ने हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार को 2-1 से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की। मैच की शुरूआत से दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। पहला क्वार्टर बिना किसी गोल के समाप्त हुआ, लेकिन हाफ टाइम से ठीक पहले असम हॉकी की कप्तान मुनमुनी दास (29') ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद असम हॉकी ने शानदार रक्षात्मक खेल दिखाते हुए तीसरे क्वार्टर तक अपनी बढ़त बनाए रखी। मैच के अंतिम क्षणों में रोमांच और बढ़ गया। खुशबू प्रजापति (59') ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर असम हॉकी की बढ़त को 2-0 कर दिया। हालांकि, अगले ही मिनट में नुसरत खातून ने बिहार की ओर से एकमात्र गोल कर अंतर कम किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस जीत के साथ असम हॉकी ने अंकतालिका में अपना खाता खोल लिया, जबकि हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार को अब भी पहली जीत की तलाश है। इससे पहले रविवार को डिवीजन सी के मैच में हॉकी आंध्र प्रदेश ने पूल बी के खेल में हॉकी जम्मू और कश्मीर के खिलाफ 4-2 से जीत दर्ज की।

### जयशंकर ने तोड़ा राष्ट्रीय रिकॉर्ड, माउंटेन वेस्ट इंडोर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता



**नई दिल्ली।** भारत की कृष्णा जयशंकर ने माउंटेन वेस्ट इंडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की शॉट पुट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। 22 वर्षीय कृष्णा ने 16.03 मीटर के प्रयास के साथ न केवल पोडियम पर जगह बनाई, बल्कि भारतीय इनडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। नेवादा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रही कृष्णा ने शनिवार को हुए फाइनल में अपने अंतिम प्रयास में 16.03 मीटर का थ्रो फेंका, जिससे उन्होंने 2023 में महाराष्ट्र के पूणार्राव राणे द्वारा स्थापित 15.54 मीटर के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इस प्रतियोगिता में कोलोराडो विश्वविद्यालय की मैया लेंसर ने 19.02 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनके साथी गैबी मोर्न्स ने 17.09 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक पर कब्जा जमाया। न्यू मैक्सिको राज्य के अल्बुकर्क में आयोजित इस प्रतिष्ठित इनडोर प्रतियोगिता में कृष्णा के शानदार प्रदर्शन ने भारतीय एथलेटिक्स में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

### जोशुआ चेप्टेगी ने 2025 विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए किया क्वालीफाई



**नई दिल्ली।** युगांडा के दिग्गज धावक जोशुआ चेप्टेगी ने जापान के टोक्यो में आयोजित मैराथन में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2025 विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेप्टेगी ने रविवार को टोक्यो मैराथन में 2 घंटे 5 मिनट 59 सेकंड का समय निकालते हुए नौवां स्थान हासिल किया और विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए निर्धारित 2:06:30 के क्वालीफाइंग समय को पार कर लिया। इस रेस में इथियोपिया के टाडेस ताकेले ने पहला स्थान प्राप्त किया। चेप्टेगी ने क्वालीफाई करने पर खुशी जताते हुए कहा मैं बहुत उत्साहित हूं कि मैं अपनी दूसरी मैराथन में शीर्ष 10 में जगह बना सका। ट्रैक से मैराथन में आने के बाद से मैं अभी भी सीखने की प्रक्रिया में हूं। एक अन्य धावक, स्टीफन किस्सा, 25वें स्थान पर रहे लेकिन क्वालीफाइंग समय को पार करने में असफल रहे।

# सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा भारत

● न्यूजीलैंड दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगा

**नई दिल्ली। एजेंसी**





भारत मंगलवार को दुबई में खेले जाने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। भारत ने रविवार को अपने अंतिम ग्रुप-स्टेज मुकाबले में न्यूजीलैंड को 44 रनों से हराकर अंतिम चार में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले की पटकथा लिखी थी। वहीं, न्यूजीलैंड बुधवार को लाहौर में खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगा।

**पेचीदा शेड्यूलिंग का असर**

टूर्नामेंट के शेड्यूलिंग फैसलों के कारण ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दोनों पहले ही दुबई पहुंच चुके थे। आईसीसी के एक अधिकारी ने बताया कि 4 मार्च को दुबई में सेमीफाइनल खेलने वाली टीम (ऑस्ट्रेलिया) को तैयारी के लिए अधिकतम समय देने का निर्णय लिया गया था। हालांकि, इससे दक्षिण अफ्रीकी टीम को असुविधा हुई, क्योंकि उन्हें दुबई से पाकिस्तान लौटना पड़ेगा।

**न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका की यात्रा**

न्यूजीलैंड सोमवार को दुबई से लाहौर के लिए उड़ान भरेगा, जबकि दक्षिण अफ्रीका लगभग 36 घंटे दुबई में बिताने के बाद पाकिस्तान लौटेगा। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने कहा हम 12.30 या 1 बजे (दुबई) से निकलेंगे। हम वहां पहुंचकर आराम करेंगे, प्रशिक्षण लेंगे और पूरी तरह तैयार होंगे।

**सेमीफाइनल को लेकर रोहित शर्मा का उत्साह**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टीम के प्रदर्शन से संतुष्ट नजर आए। भारत चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप चरण में अपने सभी मैच जीतने वाली एकमात्र टीम रहा। न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के बाद रोहित ने कहा इतने छोटे टूर्नामेंट में गति बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण है। हम हर मैच जीतने की कोशिश कर रहे हैं और गलतियों को जल्दी सुधारना ही सफलता की कुंजी है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल को लेकर उन्होंने कहा यह एक बड़ा मुकाबला होने जा रहा है। हम जानते हैं कि ऑस्ट्रेलिया का आईसीसी टूर्नामेंट में शानदार रिकॉर्ड रहा है। यह हमारे लिए अपनी रणनीति सही तरीके से लागू करने का अवसर है। हमें इस मुकाबले का इंतजार है और उम्मीद है कि हम एक और जीत दर्ज कर सकेंगे।

### अखिल भारतीय ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी प्रतियोगिता में 4 खिलाड़ियों को सिल्वर मेडल

**मुरादाबाद।** अखिल भारतीय ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी हाकी प्रतियोगिता में मुरादाबाद के चार खिलाड़ियों ने हॉकी में सिल्वर मेडल हासिल किया है। सोमवार को विजेता खिलाड़ियों के मुरादाबाद पहुंचने पर उन्हें सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम सम्मानित किया गया। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय उत्तराखंड में ऑल इंडिया हॉकी पुरुष अंतर विश्वविद्यालय चैपियनशिप का आयोजन हुआ था। जिसमें अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की टीम ने उपविजेता रहकर सिल्वर मेडल हासिल किया। इसमें मुरादाबाद जीआईसी के कंक्रीट के मैदान से निकले असद उल्लाह जाफरी, मोहम्मद सैफ, आशु कुमार और मोहम्मद रेहान ने अहम भूमिका निभाई। सैफ टीम के कप्तान रहे।

## आईपीएल : केकेआर ने लॉन्च की 'थ्री-स्टार' जर्सी, तीन खिताबी जीत को समर्पित

**कोलकाता। एजेंसी**



कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सीजन के लिए अपनी नई जर्सी का अनावरण किया। इस बार टीम ने एक अनूठे अभियान के तहत 'नंबर 3' की थीम पर जोर दिया, जिसमें प्रशंसकों को केकेआर की तीन खिताबी जीत की याद दिलाई गई है।

इस अभियान का आकर्षण 'थ्री स्टार' डिजाइन रहा, जिसे जर्सी के फैब्रिक में शामिल किया गया है। ये तीन सितारे केकेआर के 2012, 2014 और 2024 में जीते गए तीन आईपीएल खिताबों का प्रतीक हैं। आधिकारिक जर्सी लॉन्च वीडियो में रिंकू सिंह, वेंकटेश अय्यर, रामदीप सिंह, मनीष पांडे, वैभव अरोड़ा, अनुकूल रॉय, मयंक मार्कंडे और लवनीत सिसोदिया जैसे खिलाड़ी नई जर्सी में नजर आए। इस साल केकेआर की नई जर्सी पर टीम के लोगो के ऊपर तीसरा सितारा जोड़ा गया है। इसके अलावा, एक स्पेशल गोल्डन टाटा आईपीएल बैज भी जर्सी की बाजू पर लगाया गया है, जिसे टूर्नामेंट ने 2025 के डिफेंडिंग चैंपियन के सम्मान में पेश किया है।

नई जर्सी को थ्री-एज्ड स्टार डिजाइन के साथ तैयार किया गया है और इसे एक साथ बिक्री के लिए लॉन्च कर दिया गया है। प्रशंसक इसे नाइट क्लब (केकेआर का आधिकारिक ऐप), वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए खरीद सकते हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स अपना आईपीएल 2025 अभियान 22 मार्च को ईडन गार्डन्स में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ सीजन के उद्घाटन मुकाबले से शुरू करेगी। टीम का लक्ष्य इस बार अपने बैज पर चौथा सितारा जोड़ना होगा।

## आईपीएल : अजिंक्य रहाणे बने केकेआर के कप्तान, वेंकटेश को उपकप्तानी की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली। एजेंसी**



कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आगामी टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन के लिए अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को कप्तान और वेंकटेश अय्यर को उपकप्तान नियुक्त करने की घोषणा की है। टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि रहाणे का अनुभव और अय्यर की आक्रामकता मिलकर केकेआर को एक मजबूत नेतृत्व प्रदान करेगी। केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने फ्रेंचाइजी को ओर से जारी एक बयान में कहा हम अजिंक्य रहाणे जैसे अनुभवी खिलाड़ी को टीम की कमान सौंपकर बेहद खुश हैं। वह अपने साथ परिपक्वता और शानदार नेतृत्व गुण लेकर आते हैं। वहीं, वेंकटेश अय्यर लंबे समय से केकेआर का अहम हिस्सा रहे हैं और उनमें नेतृत्व के कई गुण हैं। हमें पूरा विश्वास है कि दोनों मिलकर टीम को सही दिशा में आगे बढ़ाएंगे और खिताब की रक्षा करेंगे। कप्तान बनाए जाने पर अजिंक्य रहाणे ने खुशी जताते हुए कहा केकेआर जैसी सफल फ्रेंचाइजी का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है। हमारी टीम संतुलित और प्रतिभाशाली है और मैं सभी खिलाड़ियों के साथ मिलकर इस चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हूं।

हमारा लक्ष्य खिताब की रक्षा करना है और इसके लिए हम पूरी मेहनत करेंगे। केकेआर की टीम 22 मार्च को अपने घरेलू मैदान ईडन गार्डन्स में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि नए नेतृत्व के साथ केकेआर एक मजबूत शुरूआत करेगी।

## चोटिल मैट शॉर्ट की जगह कूपर कोनोली ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल

**दुबई। एजेंसी**



ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल से पहले अपनी चैंपियंस ट्रॉफी टीम में बदलाव किया है। ऑलराउंडर मैट शॉर्ट के चोट के कारण बाहर होने के बाद युवा बाएं हाथ के बल्लेबाज और स्पिनर कूपर कोनोली को टीम में शामिल किया गया है।

शॉर्ट को अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले के दौरान चोट लगी थी, जिससे वे नॉकआउट मुकाबलों के लिए फिट नहीं हो सके। 21 वर्षीय कोनोली पहले से ही टीम के साथ यात्रा रिजर्व के रूप में मौजूद थे, जिससे वे तुरंत चयन के लिए उपलब्ध हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया मंगलवार को दुबई में खेले जाने वाले सेमीफाइनल में भारत का सामना करेगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के बाद भारत सेमीफाइनल में पहुंचा है। टीम प्रबंधन अब यह तय करेगा कि कोनोली को सीधे प्लेइंग इलेवन में शामिल किया जाए या फिर विकल्पों पर विचार किया जाए। यदि चयनकर्ता शीर्ष क्रम में बदलाव करना चाहते हैं, तो जेक फ्रेजर-मैकगर्क को मौका दिया जा सकता है। वहीं, यदि टीम एक अतिरिक्त स्पिनर चाहती है, तो तनवीर संघा के चयन पर विचार किया जा सकता है। दुबई की पिच को देखते हुए स्पिनरों की अहम भूमिका होगी।

## खेलो इंडिया विंटर गेम्स : गुलमर्ग में 9 से 12 मार्च तक होंगे मुकाबले, ताजा बर्फबारी के बाद मिली हरी झंडी

**नई दिल्ली। एजेंसी**



खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 (केआईडब्ल्यूजी 2025) का दूसरा चरण अब जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में 9 से 12 मार्च तक आयोजित होगा। पहले यह खेल 22 से 25 फरवरी के बीच होने थे, लेकिन कंगडूरी स्लोप्स और गोल्फ कोर्स पर पर्याप्त बर्फ न होने के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था। पहला चरण 23 से 27 जनवरी तक लद्दाख में आयोजित किया गया था, जहां आइस हॉकी और स्पीड स्केटिंग की प्रतिस्पर्धाएं हुई थीं। अब गुलमर्ग में होने वाले दूसरे चरण में अल्पाइन स्कीइंग, नॉर्डिक स्कीइंग, स्की माउंटेनियरिंग और स्नोबोर्डिंग के मुकाबले खेले जाएंगे।

आयोजन समिति के बयान के अनुसार जम्मू-कश्मीर में हुई ताजा बर्फबारी और मौसमी परिस्थितियों को देखते हुए अब खेलों के तकनीकी संचालन के लिए स्थिति अनुकूल पाई गई है। यह निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि खेलों के स्थगन के बाद इसकी मेजबानी को लेकर संदेह बना हुआ था। गुलमर्ग में होने वाले खेलों में भारत के शीर्ष स्कीयरों के प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है, क्योंकि फरवरी में हुए एशियन विंटर गेम्स 2025 (हरबिन, चीन) के बाद अधिकतर खिलाड़ी उपलब्ध होंगे। इस बार खेल मंत्रालय भी शीतकालीन खेलों को विशेष बढ़ावा दे रहा है।

पहली बार भारतीय दल को एशियन विंटर गेम्स में भाग लेने के लिए सरकारी वित्तीय सहायता भी दी गई थी।

इस साल खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 से घरेलू खेल कैलेंडर की शुरूआत हुई। प्रधानमंत्री ने भी इन खेलों को बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि यह भारत को एक प्रमुख खेल राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में मदद करेगा। लद्दाख में हुए पहले चरण में 19 टीमों ने भाग लिया, जिनमें राज्य, केंद्रशासित प्रदेश और संस्थान शामिल थे।

लद्दाख ने चार स्वर्ण पदकों के साथ पदक तालिका में बढ़त बनाई। खेलो इंडिया विंटर गेम्स की शुरूआत 2020 में हुई थी, जिसमें जम्मू-कश्मीर पहले तीन संस्करणों की मेजबान और विजेता रही। 2024 संस्करण लद्दाख और जम्मू-कश्मीर ने संयुक्त रूप से आयोजित किया था, जिसमें भारतीय सेना ने ओवरऑल खिताब जीता था।

# व्यापार

## कमजोर लिस्टिंग के बाद बीजासन एक्सप्लोटेक के शेयरों पर लगा अपर सर्किट

**नई दिल्ली। एजेंसी**



माइनिंग और डिफेंस सेक्टर के लिए एक्सप्लोसिव बनाने वाली कंपनी बीजासन एक्सप्लोटेक के शेयरों ने कंपनी के आईपीओ निवेशकों को काफी निराश किया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 175 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी एंट्री 29 रुपये यानी 16.57 प्रतिशत के डिस्काउंट के साथ 146 रुपये के भाव पर हुई। हालांकि लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर 153.30 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस रिकवरी के बावजूद कंपनी के आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही 12.40 प्रतिशत का नुकसान हो गया। बीजासन एक्सप्लोटेक का 59.93 करोड़ रुपये का आईपीओ 21 से 25 फरवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 5.43 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 11.52 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 4.65 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 2.26 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 34,24,800 नए शेयर जारी किए गए हैं।

### सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी कीमत

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट का रुख बना हुआ है। भाव में आई इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 86,610 रुपये से लेकर 86,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 79,390 रुपये से लेकर 79,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज कमजोरी दर्ज की गई है, जिसे कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 96,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 86,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 79,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 86,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में बिकवाली का दबाव

**सेंसेक्स 73 हजार अंक के स्तर से भी नीचे फिसला**

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजार में सप्ताह के पहले दिन शुरुआती कारोबार के दौरान गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी की चाल में कुछ देर के लिए और भी तेजी आ गई, लेकिन थोड़ी देर बाद ही चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण दोनों सूचकांकों ने सारी बढ़त गंवा कर लाल निशान में गोता लगा दिया।

इस बिकवाली के कारण सेंसेक्स 73 हजार अंक के स्तर से भी नीचे गिर गया। पहले घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.47 प्रतिशत और निफ्टी 0.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, आयशर मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, ग्रासिम इंडस्ट्रीज और अपोलो हॉस्पिटल के शेयर 2.59 प्रतिशत से लेकर 0.88 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर जिओ फाइनेंशियल, कोल इंडिया, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और ओएनजीसी के शेयर 3.96 प्रतिशत से लेकर 2.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

### मैंगनीज अयस्क खनन कंपनी मॉयल ने फरवरी में सर्वश्रेष्ठ उत्पादन किया

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की मैंगनीज ओर लिमिटेड ने फरवरी में अपना बेहतरीन प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी ने फरवरी महीने में 1.53 लाख टन मैंगनीज अयस्क का उत्पादन करके 2025 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ परिणाम दिया है। अप्रैल-फरवरी 2025 की समयावधि के दौरान 14.32 लाख टन की बिक्री हुई है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 3 फीसदी अधिक है। इस्पात मंत्रालय के मुताबिक सरकारी मैंगनीज अयस्क खनन कंपनी ने इस साल फरवरी में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर 1.53 लाख टन मैंगनीज अयस्क का उत्पादन किया है। फरवरी में अबतक की सर्वश्रेष्ठ 11,455 मीटर की अन्वेषणात्मक कोर ड्रिलिंग हुई है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 43 फीसदी ज्यादा है। मॉयल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अजीत कुमार ने निरंतर प्रयासों से हासिल इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए टीम मॉयल की सराहना की।

## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत एशिया में भी तेजी का रुख

**नई दिल्ली। एजेंसी**



ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। वहीं एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लिवाली का जोर नजर आया, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक डेढ़ प्रतिशत से अधिक उछल गए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 92.93 अंक यानी 1.59 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,954.50 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 309.66 अंक यानी 1.67 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,854.08 अंक के स्तर पर कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 43,816.48 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान खरीदारी होती रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.61 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,809.74 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 8,111.63 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

## संक्षिप्त खबरें

### डंपर की टक्कर से ऑटो सवार चार लोगों की मौत, आठ घायल

**रायबरेली।** जिले में लालगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गंगापुर बरस गांव के पास सोमवार को तेज रफ्तार डंपर की ऑटो से टक्कर हो गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि आठ लोग घायल हैं। पुलिस ने मृतकों की पहचान शुरू कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा ने बताया कि जांच में पता चला है कि एक डंपर रायबरेली से लालगंज जा रहा था। वहीं, सवारियों से भरा ऑटो लालगंज से रायबरेली की तरफ आ रही थी। गंगापुर बरस गांव के पास दोनों वाहनों में टक्कर हो गई।

### नाले में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**शिमला।** राजधानी शिमला के पगोग नाला में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय निवासियों ने शव को नाले में बहता हुआ देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद थाना सदर से पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार शव बुरी तरह शत-विक्षत स्थिति में मिला जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है। प्रारंभिक जांच में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि शव पानी में बहकर दूर से आया हो सकता है। हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह कोई दुर्घटना है।

### सर्राफा व्यवसायी से लूटकांड में फरार बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**बाराबंकी।** जिला पुलिस ने सोमवार को मुठभेड़ में एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। घायल हालत में उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि 21 फरवरी को घूंघटेर थाना में सरार्फा व्यवसायी कौशल ज्वैलर्स से लूट की घटना हुई थी। इसका सफल अनावरण करते हुए पुलिस ने एक शातिर अपराधी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। उसका एक साथी फरार हो गया।

### पुलिस मुठभेड़ःएक हत्यारोपी घायल, दो गिरफ्तार

**बाराबंकी।** श्रीकांत दीक्षित हत्याकांड का तीन दिन में पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन शातिर अपराधियों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। इनमें से एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। एडिशनल एसपी डॉ अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि 27 फरवरी को थाना हैदरगढ़ में हैदरगढ़ निवासी श्रीकांत दीक्षित के परिजनों द्वारा दी गई तहरीर पर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया गया था। लेकिन दो मार्च को श्रीकांत दीक्षित का शव जनपद रायबरेली के थाना बछरावां के ग्राम देवपुरी में शारदा सहायक नहर से पुलिस को मिला था। जिस पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस अपराधियों की तलाश कर रही थी।

### मायावती के हर फैसले का सम्मान करता हूं, परीक्षा कठिन और लड़ाई लम्बी हैः आकाश



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के नेशनल कोआर्डिनेटर के पद से मुक्त होने के बाद सोमवार को आकाश आनंद का सोशल मीडिया पर एक पोस्ट आया है। इसमें उन्होंने कहा कि बहन जी के हर फैसला मेरे लिए पत्थर की लकीर है। मैं उनके हर फैसले का सम्मान करता हूं, उस फैसले के साथ खड़ा हूं। आकाश आनंद ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि मैं बहन मायावती का कैडर हूं। उनके नेतृत्व में मैने त्याग, निष्ठा और समर्पण के कभी ना भूलने वाले सबक सीखे हैं। ये सब मेरे लिए केवल एक विचार नहीं, बल्कि जीवन का उद्देश्य हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा मुझे पार्टी के सभी पदों से मुक्त करने का निर्णय मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से भावनात्मक है। लेकिन साथ ही अब एक बड़ी चुनौती भी है, परीक्षा कठिन है और लड़ाई लंबी है। ऐसे कठिन समय में धैर्य और संकल्प ही सच्चे साथी होते हैं।

### एनआईटी हमीरपुर के छात्र ने की आत्महत्या

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर के अंतिम वर्ष के एक छात्र द्वारा आत्महत्या करने मामला सामने आया है। छात्र ने यह कदम हिमाद्रि होस्टल के अपने कमरे में उठाया है। इस घटना से संस्थान में सनसनी फैल गई है। मृतक छात्र ड्यूअल डिग्री कोर्स कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही सदर पुलिस मौके पर पहुंची और छात्र के शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि छात्र ने यह खौफनाक कदम किन कारणों के चलते उठाया है।

### सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**बारामुला।** बारामुला जिले के पट्टन इलाके में एक सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि पट्टन में एक ऑटो-रिक्शा और एक इग्निस कार के बीच टक्कर हो गई जिसके परिणामस्वरूप तीन लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान हिलाल अहमद गनी पुत्र सनाउल्लाह गनी निवासी हैगाम, मुदासिर अहमद हजाम पुत्र निसार अहमद हजाम निवासी हैगाम और मेहरदीन पंडित पुत्र अब्बू रहमान पंडित निवासी वासन के रूप में हुई है।

## विश्व शीतकालीन खेलों के पदक विजेताओं को किया जाएगा सम्मानित : सुखविंद्र

● प्रतिभागी आयोजन में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे तथा देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे

**शिमला। एजेंसी**




मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इटली के ट्यूरिन में 7 से 16 मार्च तक आयोजित किए जा रहे विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों के लिए चयनित प्रदेश के विशेष एथलीटों और प्रशिक्षकों को शिमला से रवाना किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रदेशवासियों के लिए खुशी की बात है कि इस प्रतिष्ठित आयोजन के लिए चयनित 49 सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल में से 24 एथलीट और कोच हिमाचल प्रदेश से सम्बंधित हैं। उन्होंने कहा कि ये एथलीट स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, स्नोशूइंग और फ्लोर बॉल जैसी विभिन्न स्पधाओं में भाग लेंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी प्रतिभागी इस आयोजन में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे तथा देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश के उभरते खिलाड़ियों को हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है ताकि वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस प्रतियोगिता के पदक विजेताओं को सम्मानित करेगी। युवाओं में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की है। सरकार के इस प्रयास का उद्देश्य युवाओं को खेल गतिविधियों के प्रति उत्साहवर्धन करना है ताकि वे नशे की बुराई से बच सकें।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि ओलंपिक, शीतकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक में स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि 3 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये की गई है। रजत पदक विजेताओं के लिए 2 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 3 करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेताओं के लिए 1 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये की गई है। एशियाई खेलों और एशियाई पैरा खेलों के लिए स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि 50 लाख रुपये से बढ़ाकर 4 करोड़ रुपये, रजत पदक विजेताओं के लिए 30 लाख रुपये से बढ़ाकर 2.5 करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेताओं के लिए 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपये की गई है।

प्रदेश सरकार ने राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि 50 लाख रुपये से बढ़ाकर 3 करोड़ रुपये, रजत पदक विजेताओं के लिए 30 लाख रुपये से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये तथा कांस्य पदक विजेताओं के लिए 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये की गई है।

## प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमराई : पायलट

**अजमेर। एजेंसी**



कांग्रेस नेता और टोंक विधायक सचिन पायलट ने सोमवार को अजमेर में मीडिया से बातचीत के दौरान राजस्थान सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने बिजयनगर रेप-ब्लैकमेल कांड का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। महिला उत्पीड़न जैसे अपराधों पर सरकार सिर्फ आश्वासन दे रही है, जबकि पुलिस पर प्रभावी नियंत्रण की कमी साफ नजर आ रही है।पायलट ने कहा कि प्रदेश में पुलिस पर सरकार की पकड़ कमजोर है और सख्त कार्रवाई के बजाय लचर रवैया अपनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी ने विधानसभा के अंदर और बाहर इस मुद्दे को उठाया, लेकिन सरकार के उदासीन रवैये के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। डॉ. किरोड़ी लाल मीणा को लेकर सरकार के रवैये पर सवाल उठाते हुए पायलट ने कहा कि न तो उन्हें मंत्रिपद से हटाया जा रहा है और न ही कोई जिम्मेदारी दी जा रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सरकार में इतना आंतरिक खिंचाव है कि इससे प्रदेश में भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है।

विधानसभा में स्वर्गीय इंदिरा गांधी को लेकर की गई टिप्पणी की निंदा करते हुए पायलट ने कहा कि एक ऐसी नेता, जिन्होंने देश के लिए शहादत दी, उनके खिलाफ इस तरह की बातें बोलना अशोभनीय है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में हर व्यक्ति को अपने शब्दों का सोच-समझकर उपयोग करना चाहिए।

## शेख हसीना के शासन में मानवाधिकार उल्लंघनों का लेखा-जोखा तैयार करना जरूरीः यूनुस

**ढाका। एजेंसी**



बांग्लादेश की अंतरिम सलाहकार के मुख्य सलाहकार डॉ. मोहम्मद यूनुस ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी के कार्यकाल के दौरान हुए मानवाधिकार उल्लंघनों के व्यापक दस्तावेजीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया है। यूनुस की टिप्पणी रविवार को संयुक्त राष्ट्र के स्थानीय समन्वयक ग्विन लुईस और संयुक्त राष्ट्र के स्थानीय समन्वयक कार्यालय की वरिष्ठ मानवाधिकार सलाहकार हुमा खान के साथ चर्चा के दौरान आई। यह मुलाकात राज्य अतिथि गृह जमुना में हुई।

ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार उन्होंने शापला चत्तर में प्रदर्शनकारियों पर हिंसक कार्रवाई, डेलवर हुसैन सईदी के खिलाफ फैसले के बाद पुलिस की बर्बरता और वर्षों में गैर-न्यायिक हत्याओं जैसी घटनाओं की विशेष रूप से चर्चा की। यूनुस ने कहा कि देश के लोगों के खिलाफ किए गए सभी तरह के अत्याचारों के उचित दस्तावेजीकरण की आवश्यकता है। जब तक यह दस्तावेज तैयार नहीं हो जाता, न्याय सुनिश्चित करना मुश्किल है।

लुईस ने उन्हें आश्वासन दिया कि संयुक्त राष्ट्र बांग्लादेश को इन उल्लंघनों का दस्तावेजीकरण करने की क्षमता बनाने में मदद करने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। यूनुस ने इसके लिए संयुक्त राष्ट्र का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि संयुक्त राष्ट्र ने रिपोर्ट प्रकाशित की है।

लुईस ने मुख्य सलाहकार को बताया कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क पांच मार्च को मानवाधिकार परिषद के 55वें सत्र के दौरान सदस्य देशों को रिपोर्ट के निष्कर्षों के बारे में जानकारी देंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की 13 से 16 मार्च तक बांग्लादेश की यात्रा रोहिंग्या संकट पर नए सिरे से वैश्विक ध्यान आकर्षित करेगी।

## सत्तारूढ़ कांग्रेस के नेताओं ने किया अध्यादेश और विधेयक का विरोध

**काठमांडू। एजेंसी**

नेपाल की केपी शर्मा ओली सरकार लाए गए छह अध्यादेशों और तीन विधेयकों पर फंसती नजर आ रही है। सरकार में शामिल सबसे बड़े घटक दल नेपाली कांग्रेस के नेता खुलकर इसके विरोध में आ गए हैं। अध्यादेश एक माह होने के बाद भी संसद में पेश नहीं किया जा सके हैं।

अगर अगले 30 दिनों में इनको संसद के दोनों सदनों से पारित नहीं कराया गया तो ये स्वतः खारिज हो जाएंगे। इन अध्यादेश का सरकार को बाहर से समर्थन दे रही जनता समाजवादी पार्टी ने भी समर्थन नहीं करने का फैसला कर लिया है। इस वजह से ऊपरी सदन में सरकार बहुमत नहीं जुटा पाई है। तीन विधेयकों का भी सत्तारूढ़ घटक दल नेपाली कांग्रेस विरोध कर रही है। इनमें सोशल मीडिया को नियंत्रण करने के लिए लाया गया विधेयक, सुरक्षा बलों के मर्जर संबंदी विधेयक और सशस्त्र प्रहरी बल से संबंधी विधेयक शामिल है। ओली सरकार में शामिल गृहमंत्री नेपाली कांग्रेस के नेता रमेश लेखक हैं। उनकी पार्टी का एक बड़ा गुट इन विधेयकों के खिलाफ बोलने लगा है।

पिछले दो दिनों में कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं ने एक साथ सरकार के खिलाफ और इन विधेयकों के खिलाफ सार्वजनिक बयान दिया है। आज काठमांडू में आयोजित एक कार्यक्रम में नेपाली कांग्रेस के महामंत्री गगन थापा ने कहा कि ओली सरकार ने विधेयक लाने में मनमानी की है। ओली दाएं-बाएं करेंगे तो समर्थन वापसी पर विचार करना होगा। थापा ने कहा कि जिस तरह से सोशल मीडिया बिल से लेकर सिक्योरिटी संबंधी बिल लाया गया है उसमें बदलाव किए बिना पारित नहीं कराया जा सकता।

### दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेसवे पर हादसा, दो की मौत

**जयपुर।** दौसा जिले के नांगल राजावतान थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया।क्षेत्र से गुजर रहे दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह पिलर नंबर 200 के पास ये हादसा हुआ। नांगल राजावतान थाना इंचार्ज हुसैन अली ने बताया कि सोमवार सुबह करीब छह बजे एक्सप्रेसवे पर हादसे की सूचना फोन पर मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो लालसोट से भांडारेज की तरफ की लेन में एक बोलेरो कार कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हालत में मिली। कार में तीन लोग लहूलुहान मिले। जिन्हें दौसा अस्पताल पहुंचाया। ड्यूटी डॉक्टर ने शाहपुरा (जयपुर) के रामचंद्रपुरा गांव निवासी इंद्राज चौधरी व अचरोल (जयपुर) निवासी रमेश कुमार को मृत घोषित कर दिया। हादसे में गंभीर घायल अंशु चौधरी का इलाज चल रहा है। शवों को मॉच्युरी में रखवाया गया है। प्रथम दृष्टया एक्सप्रेसवे पर आगे चल रहे वाहन द्वारा ब्रेक लगाने से हादसे की संभावना जताई जा रही है।

### नेपाल के स्वच्छता अभियान में सहयोग करेगा भारत

**काठमांडू।** नेपाल के स्वच्छ पेयजल तथा स्वच्छता अभियान में भारत ने पूर्ण सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई है। तीन दिनों के भारत दौरे पर गए नेपाल के पेयजल मंत्री प्रदीप यादव और भारत के जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल के बीच दिल्ली के दीनदयाल अंत्योदय भवन में बीच मुलाकात के दौरान यह करार हुआ है। नेताओं के बीच नेपाल के हर नागरिक के लिए स्वच्छ पेयजल के अभियान में पूर्ण सहयोग देने की बात हुई है। भारत की यात्रा से लौटे नेपाल के पेयजल मंत्री प्रदीप यादव ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच जल, स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं, जो दोनों देशों के बीच सहकार्य को एक नई दिशा प्रदान करेगा। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह समझौता दोनों देशों के बीच जल संरक्षण, स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन में तकनीकी सहयोग, अनुभवों के आदान-प्रदान और संयुक्त प्रयासों को बढ़ावा देगा।

## जम्मू-कश्मीर को शिक्षा का केंद्र बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है सरकार : मनोज

**जम्मू। एजेंसी**



जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को शिक्षा का केंद्र बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। सरकार समावेशिता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए अटल टिंकरिंग प्रयोगशालाओं के साथ स्कूलों को अपग्रेड कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षण केंद्रों को बढ़ाने और शिक्षकों को बेहतर बनाने के लिए मेरी सरकार स्कूलों में प्रभावी शिक्षण सुनिश्चित करने वाले शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को प्राथमिकता दे रही है। विधानसभा को संबोधित करते हुए मनोज सिन्हा ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में सुधार करने और शिक्षकों की उपस्थिति को ट्रैक करने के लिए कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए पर्याप्त सुविधाएं सुनिश्चित करते हुए कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उपराज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप छात्रों और शिक्षकों के अनुसंधान और विकास में उन्नति के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों में डिजिटल बुनियादी ढांचा रखा जाएगा।

उपराज्याल सिन्हा ने कहा कि इसके अलावा नवाचार, इनक्यूबेशन और उद्यमियों को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा।

## दोस्त ही निकला कांग्रेस नेता हिमानी का हत्यारा, फेसबुक पर हुई थी दोस्ती

**रोहतक। एजेंसी**



हरियाणा के रोहतक में कांग्रेस नेता हिमानी नरवाल की हत्या मामले में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। हिमानी की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उसके दोस्त ने की थी। मामले की जांच में जुटी एसआईटी ने आरोपित को दिल्ली से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि किसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ था और आरोपित ने मोबाइल चार्जर की वायर (तार) से हिमानी का गला घोटकर हत्या कर दी। इसके बाद शव सूटकेस में डालकर सांपला बस स्टैंड के पास फेंक कर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से मृतका की सोने की चैन, अंगूठी, लैपटॉप व मोबाइल फोन बरामद किया है। जांच में यह बात भी सामने आई कि करीब एक साल पहले दोनों की सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर दोस्ती हुई थी और उसके बाद से ही दोनों में बातचीत थी। पुलिस आरोपित से आगे की पूछताछ कर रही है।

सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में हत्याकांड का खुलासा करते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के-के राव ने बताया कि देर रात एसआईटी को सूचना मिली थी कि आरोपित दिल्ली के मुंडका क्षेत्र में है। इसी आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

एसआईटी ने इस बारे में दिल्ली पुलिस को भी सूचना दी। पूछताछ में आरोपित की पहचान झज्जर जिले के गांव खैरपुर निवासी सचिन उर्फ ढिल्लु के रूप में हुई, जोकि झज्जर में मोबाइल फोन की दुकान चलाता है। आरोपित शादी शुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने बताया कि करीब एक साल पहले फेसबुक के जरिए दोनों की दोस्ती हुई थी और वह हिमानी के घर आता-जाता रहता था। घटना वाले दिन किसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया और उसने हिमानी की हत्या कर दी।

**कार्यक्रम** राष्ट्रीय स्वयं सेवकों ने होली पर्व को नशा मुक्त बनाने की ली शपथ

## त्योहार पर नशे का सहारा लेकर हुड़दंग मचाना गलत : राहुल

● पर्व में अपने मन में उत्पन्न हुए भेदभाव को खत्म करना चाहिए

● होली पर्व को खुशी से मनाएं और नशा न करने का भी प्रण लें

**हिसार। एजेंसी**




नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला के गांव देवां में नशा के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय से डॉ. रीना द्वारा किया गया जिसमें नशा मुक्त भारत अभियान के मास्टर वालंटियर एवं सिविल अस्पताल से काउंसलर राहुल शर्मा मुख्य वक्ता रहे। राहुल शर्मा ने युवाओं को जागरूक करते हुए बताया कि कुछ दिन बाद होली का पर्व आ रहा है, जिसको हमें बड़ी खुशियों के साथ-साथ आपसी भाईचारे का परिचय देते हुए मिलजुल कर मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पर्व में अपने मन में उत्पन्न हुए भेदभाव को खत्म करना चाहिए। पर्व के अवसर पर कई बार युवा मौज मस्ती के लिए नशे का सहारा लेकर हुड़दंग मचाते हैं, जो कि गलत है।

इसके अलावा कई कई बार तो युवा नशा कर गाड़ियों तेज भगाते हैं, जिससे सडक दुर्घटना होने का भी अंदेशा बना रहता है। नशा मुक्त भारत अभियान के मास्टर वालंटियर एवं सिविल अस्पताल से काउंसलर राहुल शर्मा ने कहा कि होली पर्व को खुशी से मनाएं और नशा न करने का भी प्रण लें। उन्होंने कहा कि होली पर्व पर बहुमुल्य जल को भी बचाकर हर्बल गुलाल के साथ पर्व को मनाएं। इसके साथ ही उन्होंने युवाओं को केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान कीजानकारी भी प्रदान की औरयुवावो मास्टर वालंटियर बनने के लिए प्रेरित किया, उन्होंने बताया कि यदि युवाओं में सेवाओं का भाव उत्पन्न होगा तो उसे युवा को जीवन में सफल होने से कोई नहीं रोक सकता क्योंकि सेवा का भाव व्यक्ति को अनेक बुराइयों एवं अपराधों से दूर रखता है और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का मौका मौका देता है।

राहुल शर्मा ने युवाओं को जागरूक करते हुए ये भी बताया कि नशा एक मानसिक बीमारी है, जिसका उपचार संभव है और यदि कोई युवा गलती से नशा करना सीख गया है तो उसे पहचान देने की बजाए उसे घर से निकलने का प्रयत्न करना चाहिए। क्योंकि यदि कोई युवा नशा करना सीखना है तो उसका प्रभाव केवल उसे व्यक्ति तक ही सीमित न रहकर उसके परिवार समाज पर भी बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए हमें उन युवाओं को नशा से बचाना चाहिए और उनका समय रहते काउंसलिंग व उपचार करवाना चाहिए ताकि उनके जीवन को बचाया जा सके।

डॉ. रीना ने पहुंचे सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया की स्वयंसेविकाओं ने नशा न करने की शपथ ली और शपथ लेकर अपने देश और प्रदेश को नशा मुक्त करने का प्रण भी लिया। मंच का संचालन खुशी व ऋतिका द्वारा किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवकाओं,गांव देवां सरपंच सुमन देवी, सरपंच प्रतिनिधि जयवीर, अध्यापिका मधु, सवेरिन, सुशील आदि उपस्थित रहे।

## हिमाचल प्रदेश वर्तमान में पूरी तरह से केंद्र की सहायता पर निर्भर है : सुरेश

**शिमला। एजेंसी**

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने केंद्र सरकार की आर्थिक मदद को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश वर्तमान में पूरी तरह से केंद्र की सहायता पर निर्भर है। यदि केंद्र सरकार आर्थिक मदद न करे तो प्रदेश सरकार अपने कर्मचारियों को वेतन और पेंशन देने में भी सक्षम नहीं होगी।

उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा मंदिरों के धन को सरकारी योजनाओं में इस्तेमाल करने की मंशा को चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। सांसद कश्यप ने सोमवार को शिमला में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की धीमी प्रगति पर भी चिंता जताई गई। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने चौथे चरण की शुरूआत कर दी है, लेकिन प्रदेश में अब तक पहले और दूसरे चरण के कार्य भी अधूरे पड़े हैं।

सांसद कश्यप ने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल को विशेष राज्य का दर्जा दिया है, जिसके तहत 90:10 के अनुपात में आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

